दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 29 जयपुर | रविवार, 01 दिसम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष अमावस्या संवत्-2081 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# अजित पवार बोले- बीजेपी से ही होगा महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री

## एनसीपी -शिवसेना से बनेंगे डिप्टी सीएम, 5 दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आए 7 दिन बीत चुके हैं। भाजपा, शिवसेना शिंदे और एनसीपी अजित पवार गुट यानी महायुति ने 288 में से 230 सीटें जीतीं, लेकिन अब तक सीएम फेस पर सस्पेंस बना हुआ है।

इस बीच डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा- महाराष्ट्र में सीएम भाजपा से ही होगा। यह फैसला दिल्ली में महायुति की बैठक में लिया गया। शिवसेना और एनसीपी के डिप्टी सीएम होंगे।

उन्होंने कहा- यह पहली बार नहीं है कि सरकार बनने में देरी हुई है। 1999 में सरकार गठन में एक महीने का समय लगा था।

उधर, भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि संघ से हरी झंडी मिलने के बाद सीएम पद के लिए देवेंद्र फडणवीस का नाम फाइनल कर दिया गया है। शपथ ग्रहण 5 दिसंबर को शाम 5 बजे मुंबई के आजाद मैदान में होगा। पीएम मोदी भी समारोह में मौजूद रहेंगे। इस बीच, भाजपा विधायक दल की बैठक भी दो दिन आगे बढ़ गई है। सूत्रों के मुताबिक, 1 दिसंबर को होने वाली बैठक अब 3 दिसंबर को होगी। इस दिन दिल्ली से दो ऑब्जर्वर मुंबई आएंगे और विधायकों से चर्चा के बाद आधिकारिक रूप से सीएम फेस अनाउंस करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, एकनाथ शिंदे डिप्टी सीएम का पद लेने को तैयार हैं, लेकिन गृह मंत्रालय पर अड़े हुए हैं। 29 नवंबर को शिंदे दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद मुंबई लौटे और सभी कार्यक्रम रद्द कर अपने गांव सातारा निकल गए। गांव में उनकी तबीयत बिगड़ गई है। मुंबई से डॉक्टरों की टीम पहुंची है।

### गृह और वित्त मंत्रालय पर बात अटकी

शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के पास ही गृह मंत्रालय था। वो इस मंत्रालय को छोड़ना नहीं चाहते हैं। वहीं शिंदे गुट का तर्क है कि अगर डिप्टी सीएम का पद हमें मिल रहा है तो गृह मंत्रालय भी उन्हें ही मिलना चाहिए। शाह के साथ बैठक में भी इसका हल नहीं निकल पाया। पहले गृह मंत्रालय देवेन्द्र फड़णवीस के पास था। माना जा रहा है कि इस विवाद के चलते शाह की बैठक में कैबिनेट गठन पर कोई समाधान नहीं निकल सका। एक्सपर्ट्स भी मानते हैं कि बीजेपी गृह मंत्री का पद कभी हाथ से नहीं जाने देगी। सूत्रों के मुताबिक, शाह से चर्चा के बाद भी विभागों को लेकर गठबंधन में खींचतान मची हुई है। भाजपा गृह, राजस्व, उच्च शिक्षा, कानून, ऊर्जा, ग्रामीण विकास अपने पास रखना चाहती है। उन्होंने शिवसेना को हेल्थ, शहरी विकास, सार्वजनिक कार्य, उद्योग ऑफर किया है। वहीं एनसीपी अजित गुट को वित्त, योजना, सहयोग, कृषि जैसे विभाग देने की पेशकश की है।

### शिवसेना सांसद बोले- शिंदे को बड़े फैसले लेने गांव जाते हैं

इस बीच शिवसेना विधायक संजय शिरसाट ने कहा- शिंदे को जब भी कोई बड़ा फैसला लेना होता है तो वे अपने पैतृक गांव चले जाते हैं। इससे पहले शिरसाट ने कहा था कि मुझे नहीं लगता कि शिंदे डिप्टी सीएम का पद स्वीकार करेंगे। शिवसेना के कुछ नेताओं का कहना है कि महायुति को इतनी बड़ी जीत शिंदे की अगुआई में मिली, इसलिए बिहार की तर्ज पर उन्हें मुख्यमंत्री होना चाहिए। बिहार में जदयू की कम सीटें हैं फिर भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। वहीं, पार्टी के कुछ नेताओं का मानना है कि शिंदे को डिप्टी सीएम बनना चाहिए।

### महाराष्ट्र कैबिनेट का फॉर्मूला क्या होगा

नई सरकार में सीएम और दो डिप्टी सीएम के साथ 43 मंत्री शामिल होंगे। इनमें भाजपा को 20-23, शिंदे गुट को 11 और अजित गुट को 9 मंत्री पद मिलने की संभावना है। इससे पहले शिंदे सरकार में 28 मंत्री थे और शिंदे के पास सबसे ज्यादा 11, भाजपा के पास 9



और अजित पवार गुट के पास 8 मंत्री थे। इस समय भाजपा विधायकों की संख्या ज्यादा होने से मंत्रियों की संख्या भी बढ़ेगी।

इसके अलावा नाराज एकनाथ शिंदे को मनाने के लिए भाजपा ने उन्हें केंद्र में एक मंत्री पद ऑफर किया है। उनके बेटे श्रीकांत या पार्टी के किसी वरिष्ठ नेता को मोदी कैबिनेट में जगह मिल सकती है। इसके अलावा चर्चा इस बात की भी है कि अजित गुट की मोदी कैबिनेट में एक सीट खाली है। प्रफुल्ल पटेल मंत्री बन सकते हैं।

## राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

# प्रदेश का औद्योगिक और आर्थिक विकास पकड़ेगा रफ्तार

## बीकानेर व भरतपुर में विकास प्राधिकरणों के लिए लाया जाएगा अध्यादेश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित मंत्रिमण्डल की बैठक में प्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक विकास को गति देने के लिए 9 नई नीतियों के अनुमोदन, 7वें राज्य वित्त आयोग के गठन, बीकानेर और भरतपुर में विकास प्राधिकरणों के गठन के लिए अध्यादेश लाने, खेमराज समिति की सिफारिशों के अनुरूप राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतन) नियम-2017 में संशोधन, विभिन्न सेवा नियमों में संशोधन, द राजस्थान प्रोहेबिशन ऑफ अनलॉफुल कन्वर्जन ऑफ रिलिजन बिल 2024 लाने सहित प्रदेश के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा एवं विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि राज्य में औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाने, प्रदेश को एक्सपोर्ट हब बनाने, स्थानीय पर्यटन, छोटे उद्योगों, स्थानीय शिल्प एवं कारीगरी, हथकरघा एवं एक जिला एक उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान एमएसएमई नीति, निर्यात संवर्द्धन नीति, एक जिला एक उत्पाद नीति, राजस्थान पर्यटन इकाई नीति एवं एकीकृत क्लस्टर विकास योजना को मंजूरी दी गई।



### खेमराज समिति की सिफारिशों के अनुरूप वेतन विसंगतियों का निराकरण

डॉ. बैरवा ने बताया कि सेवानिवृत्त आईएएस श्री खेमराज चौधरी की अध्यक्षता में गठित कर्मचारी वेतन विसंगति परीक्षण समिति की वेतन विसंगति दूर करने, वेतन सुधारों तथा पदोन्नति के अतिरिक्त अवसर उपलब्ध कराने संबंधी सिफारिशों को मंत्रिमंडल ने मंजूरी प्रदान की है। वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने वेतन विसंगतियों एवं वेतन सुधार सम्बन्धी सिफारिशों को 1 सितम्बर से लागू करने की घोषणा की थी।

### पर्यटन में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी राजस्थान पर्यटन इकाई नीति-2024

पटेल ने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में अनुमोदित राजस्थान पर्यटन इकाई नीति-2024 राज्य में पर्यटन के नए संभावनाशील क्षेत्रों में निवेशकों व उद्यमियों को आकर्षित करेगी। नई नीति में इको टूरिज्म यूनिट, फिल्म सिटी, हेरिटेज रेस्टोरेंट, होटल हाउसिंग, इनडोर/आउटडोर प्ले जोन, एकीकृत पर्यटन विलेज, मोटल/वे-साइड सुविधाएं, रिसोर्ट हाउसिंग, ग्रामीण पर्यटन इकाई और पर्यटन स्टार्ट-अप्स जैसी नई पर्यटन इकाइयों को जोड़ा गया है। इस नीति में न्यूनतम 100 करोड़ रूपये का नया निवेश करने वाली पर्यटन इकाई परियोजनाओं को राजकीय भूमि आंवटित किये जाने का प्रावधान किया गया है।

### भरतपुर और बीकानेर विकास प्राधिकरणों के लिए आएंगे अध्यादेश

**उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि कैबिनेट ने भरतपुर और बीकानेर में विकास प्राधिकरणों के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है, इनके गठन के लिए भरतपुर विकास प्राधिकरण अध्यादेश-2024 और बीकानेर विकास प्राधिकरण अध्यादेश-2024 लाए जाएंगे। इन शहरों में विकास प्राधिकरण बनने से यहां विकास सुव्यवस्थित और नियोजित ढंग से हो सकेगा। उन्होंने बताया कि बीकानेर विकास प्राधिकरण में नगर विकास न्यास बीकानेर के वर्तमान क्षेत्र के अलावा नापासर व देशनोक तथा आस-पास के 185 गांव सम्मिलित किए जाएंगे। भरतपुर विकास प्राधिकरण में नगर विकास न्यास भरतपुर के वर्तमान क्षेत्र के साथ-साथ 209 गांव शामिल किए जाएंगे।**

# चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल पर होगी

## भारत के दबाव में झुका पाकिस्तान, कहा- 2031 तक इंडिया में होने वाले टूर्नामेंट भी इसी मॉडल पर हों

बढ़ता राजस्थान

**दुबई (एजेंसी)।** अगले साल फरवरी में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल पर होगी। यानी पाकिस्तान के साथ-साथ इस टूर्नामेंट के मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू पर खेले जाएंगे। न्यूज एजेंसी के अनुसार- पीसीबी ने शनिवार को आईसीसी की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया कि टीम इंडिया के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे।



हालांकि पाकिस्तान ने आईसीसी के सामने कुछ शर्तें रखी है। पीसीबी चाहता है कि उसके फाइनेंशियल ईयर का रेवेन्यू 5.75 परसेंट बढ़ाया जाए। साथ ही 2031 तक भारत में होने वाले सभी बड़े इवेंट हाइब्रिड मॉडल में हो। भारत ने इस टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया था। पाकिस्तान शुरुआत में तो इस बात पर अड़ा रहा कि भारत को पाकिस्तान आना ही होगा। लेकिन, भारत के सख्त रुख के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड आखिरकार हाइब्रिड मॉडल के लिए तैयार हो गया है। इससे पहले शुक्रवार को हाइब्रिड मॉडल को लेकर हुई बैठक को शनिवार तक के लिए टाल दिया गया था।




# जेलेंस्की बोले- यूक्रेन के कब्जे वाली जमीन नाटो कंट्रोल करे

## इंटरव्यू में कहा- सीजफायर हो तो इस बात की भी गारंटी मिले कि पुतिन वापस नहीं आएंगे

बढ़ता राजस्थान

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा अगर नाटो उनके देश के नियंत्रण वाले हिस्से को कंट्रोल में ले लेता है तो युद्ध खत्म हो जाएगा। जेलेंस्की न ब्रिटेन के स्काई न्यूज से कहा- अगर हम वॉर को हॉट जोन में जाने से रोकना चाहते हैं, तो हमें यूक्रेन के उस हिस्से को नाटो के कंट्रोल में लाना होगा जो हमारे पास है। जेलेंस्की ने ऐसा सिस्टम डेवलप करने की जरूरत बताई जिससे तय यह तय जाए कि रूस भविष्य में दोबारा हमला न कर सके। उन्होंने कहा- अगर हम युद्धविराम की बात करते हैं, तो हमें इस बात की गारंटी चाहिए कि पुतिन वापस नहीं आएंगे।

### नाटो यूक्रेनी इलाकों के सिक्योरिटी की गारंटी ले

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, हमें यह काम तेजी से करना होगा, इसके बाद यूक्रेन डिप्लोमैटिक तरीके से अपने इलाके का दूसरा हिस्सा भी वापस पा लेगा। उन्होंने नाटो से मांग



की कि वो यूक्रेन के कंट्रोल वाले इलाके की सिक्योरिटी का गारंटी ले, ताकि वॉर को बढ़ने से रोका जा सके। जेलेंस्की के मुताबिक, वो रूसी कब्जे वाले यूक्रेन के हिस्से वापस पाने के लिए इंतजार करेंगे। अगर कोई समझौता यूक्रेन के बाकी हिस्सों को सुरक्षा देता है तो यह लड़ाई खत्म हो जाएगी। यह बयान उस वक्त आया है जब दोनों देश एक दूसरे पर खतरनाक मिसाइलों से हमले कर रहे हैं।

### ट्रम्प एक दिन में वॉर रुकवाने का दावा कर चुके हैं

**अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के चुनाव जीतने के बाद युद्धविराम और पीस ट्रीटी की चर्चा तेज हो गई है। इलेक्शन कैंपेन के दौरान भी ट्रम्प ने लगातार दावा किया था कि अगर वो राष्ट्रपति बनेंगे तो एक दिन में यूक्रेन वॉर रुकवा देंगे। हालांकि, उन्होंने इस बार में कोई डिटेल जानकारी नहीं दी थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, युद्ध शुरू होने के बाद से रूस ने यूक्रेन के लगभग 18% हिस्से पर कब्जा कर लिया है। युद्ध शुरू होने से पहले जेलेंस्की लगातार पूरे यूक्रेन को नाटो में शामिल करने की मांग कर रहे थे। हालांकि, अब वो सिर्फ उन्हें हिस्से को नाटो में शामिल करने को कह रहे हैं जो फिलहाल उनके कंट्रोल में है। दूसरी तरफ यूक्रेन वॉर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। दो दिन पहले रूस ने 188 मिसाइल्स और ड्रोन से यूक्रेन के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला किया है। जिससे देश में ऊर्जा के लगभग सारे साधन ठप पड़ गए।**

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# शिव सेना हिंदुस्तान का होगा राजस्थान में विस्तार : पवन गुप्ता

## शिव सेना हिंदुस्तान राजस्थान इकाई की महत्वपूर्ण बैठक जयपुर में आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** शिव सेना हिंदुस्तान राजस्थान इकाई की महत्वपूर्ण बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू हृदय सम्राट शेरे हिंद पवन गुप्ता के नेतृत्व में जयपुर में हुई। जहां पार्टी का पुनर्गठन करने एवं पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसमें चार सदस्यों पर आधारित एक कमेटी का गठन किया गया जो राजस्थान में सभी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं से संपर्क स्थापित कर पार्टी को अपनी रिपोर्ट देंगे। इसकी जिम्मेदारी पार्टी के जुझारू कर्मठ नेता एवं वर्तमान में प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा को दी गई। टीम में मुन्ना चौधरी युवा प्रदेश अध्यक्ष, रमेश सिंह रावत प्रदेश उपाध्यक्ष, पप्पू सिंह पवार पूर्व राज्य चेयरमैन शामिल किए गए हैं। शिवसेना हिंदुस्तान के राष्ट्रीय महासचिव एवं पंजाब व राजस्थान के प्रभारी कृष्ण शर्मा ने बताया कि नई कमेटी जल्द ही अपनी रिपोर्ट बनाकर केंद्रीय नेतृत्व को सौंपेगी और आने वाले दिनों में पार्टी राजस्थान में मजबूती से कार्य करेगी। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि जल्द ही राजस्थान के सभी महत्वपूर्ण जिलों का दौरा कर वहाँ के कर्मठ कार्यकर्ताओं के साथ संवाद पुनर्स्थापित करेंगे।

# जयपुर में फिजिकली डिसेबल्ड चैलेंजर्स ट्रॉफी 2024 की धमाकेदार शुरूआत हुई

## टीम इंडिया-सी ने फिजिकली डिसेबल्ड चैलेंजर्स ट्रॉफी 2024 में अपनी पहली जीत दर्ज की

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन (आरडीसीए), पैट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से जयपुरिया क्रिकेट अकादमी में फिजिकली डिसेबल्ड चैलेंजर्स ट्रॉफी 2024 आयोजित की जा रही है। 3 दिसंबर तक चलने वाले इस 4 दिवसीय टूर्नामेंट में देशभर के 56 शीर्ष दिव्यांग खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है, जो 20 सदस्यीय इंडियन नेशनल फिजिकली डिसेबल्ड क्रिकेट टीम में जगह बनाने के लिए लड़ेंगे। उद्घाटन मैच के दौरान अविनाश सिंह गहलोत, मिनिस्टर, सोशल जस्टिस और एम्पावरमेंट, राजस्थान सरकार ने कहा, फ़िजिकली डिसेबल्ड चैलेंजर्स ट्रॉफी 2024 हमारे विकलांग क्रिकेटर्स के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा जो जनवरी 2025 में श्रीलंका में होने वाले आगामी अंतर्राष्ट्रीय फिज़िकली क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलने जा रहे हैं। यह टूर्नामेंट प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का एक रोमांचक प्रदर्शन होने वाला है। मैं इनके जोश और जज़्बे को सलाम करता हूँ और इन्हें इस टूर्नामेंट तथा भविष्य के लिए बहुत बहुत बधाइयाँ देता हूँ। फिजिकली डिसेबल्ड चैलेंजर्स ट्रॉफी 2024 के पहले दिन की पहली पारी में इंडिया-सी ने इंडिया-बी को 4 विकेट्स से हराकर अपनी पहली जीत हासिल की। यह मैच दोनों टीमों के गेंदबाजों द्वारा अच्छी तरह से नियंत्रित किया गया, लेकिन अंत में इंडिया सी की टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ दिया। टॉस जीतने के बाद, इंडिया-सी ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले इनिंग्स में बल्लेबाजी के लिए इंडिया-बी के कप्तान कुणाल फांसे और दीपेन्द्र सिंह ने टीम के लिए पारी की शुरुआत की। उन्हें जल्दी ही एक झटका लगा जब दीपेन्द्र सिंह (13 रन) को निखिल मनहास ने केवल 50 के स्कोर पर आउट कर दिया। शानमुगम अपना खाता




खोले बिना पैवेलियन लौट गये। पारी के अंत में, कप्तान कुणाल फांसे ने 60 गेंदों पर 82 रन बनाए और करन चाकोटे ने 33 गेंदों पर 42 रन बनाये, जिससे उनकी टीम 20 ओवर में 157/3 का कुल स्कोर खड़ा कर सकी। 158 के लक्ष्य का पीछा करते हुए, इंडिया-सी के विजय हाडीमनी ने 33 गेंदों पर 43 रन बनाये। विक्रमजीत ने पारी को आगे बढ़ाते हुये 32 गेंदों में 52 रन पर नाबाद रहते हुये टीम को जीत दिला दी। विक्रमजीत को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब से नवाजा गया। शानमुगम सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे, जिन्होंने इस इनिंग में 3 विकेट लिए।

# वाधवान इंडिया अवॉर्ड काउंसिल ने अपने 18 वें एडिशन का दुबई में किया आयोजन

## इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2024 और डॉक्टरेट अवॉर्ड 2024 के अंतर्गत विभिन्न कैटेगरीज में हुआ अवॉर्डीज का सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** अभी हाल ही में दुबई स्थित दी ब्रिस्टल होटल में वाधवान इंडिया अवॉर्ड काउंसिल की ओर से इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2024 और डॉक्टरेट अवॉर्ड 2024 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें अपने अपने क्षेत्र में नाम बना चुके और पहचान कमा चुके लोगों को ट्रॉफी, मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस इवेंट के आयोजक कमल वाधवान और मोहित अरोड़ा ने बताया कि पिछले अवॉर्ड सीजन के सफल आयोजन के बाद इस अवॉर्ड नाइट को ग्रैंड तरीके से सेलिब्रेट किया गया। इस अवॉर्ड फंक्शन को ग्लोबल एक्सपोजर देने के लिए इसका इस बार आयोजन दुबई में किया गया। जहां हर फील्ड के सक्सेसफुल लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवा कर इस इवेंट की शोभा बढ़ाई। इस इवेंट में यूएसए पार्टनर हैरी राणा और इवेंट पार्टनर वर्टेक्स इवेंट्स रहे। इस प्रोग्राम में मनीष गुप्ता मैनेजर वाधवान इंडिया अवॉर्ड काउंसिल, देवेश पंवार इवेंट पार्टनर दुबई यूएई, गुरविंदर सिंह बैंकिंग पार्टनर, चरण सिंह सोलंकी पीआर पार्टनर इंडिया, राजेश चौहान मीडिया पार्टनर, हरीश सोनी वीआ पार्टनर के रूप में शामिल रहे और सभी ने कार्यक्रम में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई। उन्होंने आगे बताया कि इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2024 में फिल्म, फैशन, बॉलीवुड, स्पोर्ट्स, बिजनेस, हेल्थ सहित अन्य कैटेगरीज में 100 से अधिक लोगों का सम्मान किया गया तो वहीं डॉक्टरेट अवॉर्ड 2024 में लोगों को डॉक्टरेट की मानद उपाधि देकर नवाजा गया।

### प्रोग्राम में इन्होंने की बतौर गेस्ट और स्पेशल गेस्ट के रूप में शिरकत

रचित कौशल गेस्ट, अचिला रानिल फोनसेका गेस्ट, क्रिस एलियट स्पेशल गेस्ट, यशपाल गुंबर स्पेशल गेस्ट, डॉ तरुण टंडेल स्पेशल गेस्ट, हेमंत शर्मा स्पेशल गेस्ट, आशीष अग्रवाल स्पेशल गेस्ट, डॉ इब्राहिम हसन अल मुल्लाह एडवोकेट एवं लीगल कंसल्टेंट



### इवेंट में यह हुए बतौर गेस्ट ऑफ हॉनर उपस्थित

डॉ नित्या भुवनेंद्रन शीला, अमायरा यादव, कई जिमर, हानिफ शेख फाउंडर एंड चेयरमैन ऑफ एमिरेट्स होल्डिंग्स ग्रुप, कृष्ण देवी फैशन डिजाइनर, ओमर अल मारजूकी (मेजर इन दुबई पुलिस, एंबेसडर एक्स्ट्राऑर्डिनरी, इंटरनेशनल हैंडबॉल रैफरी, ऑनर ऑफ दी ओमर अल मारजूकी ग्रुप ऑफ कंपनीज), ओमायमा अल हलबी (फैशन डिजाइनर व स्टाइलिस्ट, फाउंडर स्टाइलविजई)

# बच्चों के स्वास्थ्य के साथ समग्र विकास जरूरी : कृष्ण कुणाल

## 'स्वस्थ बचपन, खुशहाल जीवन' कार्यक्रम में बच्चों ने सीखा स्वास्थ्य का महत्व

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** पूरी दुनिया आज हमारे देश की ओर देख रही है। ऐसे में न केवल न्यूट्रिशन बैलेंस डाइट बल्कि बच्चों के समग्र विकास पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। यह विचार प्रदेश स्कूल शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल ने व्यक्त किए। वे शनिवार को गीता बजाज ऑडिटोरियम में सीडब्ल्यूसी (क्रैक द वेलनेस कोड) द्वारा आयोजित 'स्वस्थ बचपन, खुशहाल जीवन' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी और निजी स्कूलों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, और बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ताओं का संबोधन

सीडब्ल्यूसी के फाउंडर प्रबंध निदेशक विंग कमांडर वी. के. काला, यूनेस्को में भारत के विद्यालयी स्वास्थ्य प्रतिनिधि डॉ. राहुल मेहरा, और कार्यक्रम निदेशक डॉ. गार्गी गोपेश समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में विभिन्न नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वस्थ जीवन शैली, नशा मुक्ति, और संतुलित आहार जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। मंच संचालन शरद कामरा ने किया, जिन्होंने बच्चों को बेहतरीन तरीके से बांधे रखा और कार्यक्रम को रोचक बनाए रखा।

### मोबाइल से दूरी और समग्र विकास पर जोर

कृष्ण कुणाल ने बच्चों को स्वस्थ आदतें अपनाने, मोबाइल से दूरी बनाने, और खेलकूद में भाग लेने की सलाह दी। उन्होंने सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे 80 लाख बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों का जिक्र करते हुए बताया कि 95,000 बच्चों में सर्जिकल हस्तक्षेप की आवश्यकता पाई गई है, जिस पर सरकार सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।


# अर्डेंट इंश्योरेंस कंसल्टेंसी ने की एनुअल रिव्यु और फाइनेंसियल ईयर प्लानिंग मीटिंग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** भारत की सबसे गतिशील, हेल्थ इंश्योरेंस कंसल्टेंसी कंपनी ने आज अपनी एनुअल रिव्यु और फाइनेंसियल ईयर प्लानिंग का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने अपने शानदार अचीवमेंट्स और फ्यूचर प्लानिंग पर गहन चर्चा भी की। कंपनी के ष्टश्वह्र हिम्मत सिंह ने बताया कि यह फाइनेंसियल ईयर हमारे लिए बेहद सफल रहा, जिसमें हमने 7 करोड़ रुपये का नया रिटेल प्रीमियम हासिल किया। उन्होंने इस सफलता के लिए पूरी टीम को बधाई भी दी। अनुप्रा शर्मा ने बताया कि इस फाइनेंसियल ईयर में कंपनी में 15 एनुअल क्लब सदस्य बनाए, जो कि एक शानदार उपलब्धि है। वहीं हर्षित गौर ने बताया कि व्यक्तिगत रूप से 3 करोड़ रुपये का प्रीमियम हासिल कर हमने पूरे देश में शीर्ष प्रदर्शन किया। अंशुल शर्मा और गिरधारी लाल ने डायरेक्टर क्लब में स्थान प्राप्त किये और यूरोप ट्रिप भी जीता। टीम के अन्य प्रमुख सदस्यों में कोमल सोनी, सीमा टोडवाल, सुनीता गुप्ता, आरती दीक्षित, सचिन कश्यप, सरिता शर्मा, हृदय शर्मा, नवराज जैन, राकेश जैन, गिरिराज शर्मा, कपिल जैमन, और जालिम सिंह शामिल थे जिन्होंने उत्कृष्ट योगदान दिया।

### अगले वित्तीय वर्ष का लक्ष्य

टीम अगले वर्ष 10 करोड़ रुपये का रिटेल प्रीमियम हासिल करने की योजना अर्डेंट इंश्योरेंस कंसल्टेंसी अपनी केयर हेल्थ इंश्योरेंस के साथ तीन वर्षों की सफल साझेदारी पूरी करेगा। हिम्मत सिंह ने इसकी सफलता का श्रेय केयर हेल्थ इंश्योरेंस के मैनेजमेंट टीम - राहुल पचोरी, प्रेम शर्मा, और नितिन हुरकट को दिया।




### भविष्य की रणनीति

अगले वर्ष 5-6 नए लीडर्स को जोड़ने और उन्हें प्रशिक्षित करने का लक्ष्य। और आईआईएम ट्रेनिंग एकेडमी के साथ साझेदारी - नए और मौजूदा टीम मेंबर्स को इंडस्ट्री के अनुसार ट्रेनिंग दी जाएगी। एक नई कानूनी टीम बनाई जाएगी, जो न केवल हमारे डायरेक्ट क्लाइंट्स बल्कि अन्य क्लाइंट्स को भी क्लेम सर्विस में सहायता प्रदान करेगी।

# 10वीं मंजिल से कूदकर युवक ने दी जान

## परिजनों ने दो युवकों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला करवाया दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुहाना थाना इलाके में एक युवक ने 10 मंजिला बिल्डिंग से कूदकर सुसाइड कर लिया। मृतक इसी भवन की 10 मंजिल पर रहता था। मृतक के परिजनों ने कुछ परिचितों पर परेशान करने का आरोप लगाकर दो लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उसकाने का मामला दर्ज करवाया है। थानाधिकारी मदन लाल ने बताया शुक्रवार शाम को करीब साढे 6 बजे पुलिस कंट्रोल से एक युवक के सुसाइड करने की जानकारी मिली। पुलिस टीम आमोर अपार्टमेंट पहुंची। यहां मृतक की पहचान चंद्रभान जाट (28) निवासी हिंडौन के रूप में हुई। पुलिस ने मौके पर एफएसएल की टीम को बुलाया। इसके बाद शव को एमजीएच अस्पताल में मोर्चरी में रखवाया। शनिवार दोपहर परिवार की मौजूदगी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक चंद्रभान जाट के परिवार की ओर से एक रिपोर्ट दी गई है। इसमें चंद्रभान के दो परिचितों पर आरोप लगाया गया है कि वह उसे पिछले कुछ माह से परेशान कर रहे थे। इस कारण चंद्रभान ने सुसाइड किया है। पुलिस ने परिवार से मिली रिपोर्ट के आधार पर दो लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूछताछ में पता चला कि सुसाइड से 10 मिनट पहले मृतक चंद्रभान उस जगह पर आया था। जहां उसे सुसाइड के बाद गिरना था। कुछ देर उस जगह पर रुका। फिर लिफ्ट से 10वीं मंजिल पर गया। यहां पर 10 वीं मंजिल पर फ्लैट था। ऊपर पहुंचने के बाद 1 मिनट में चंद्रभान बिल्डिंग से कूद गया। उसी जगह पर आ गिरा, जिसे वह कुछ देर पहले देखने के लिए आया था।

परिजनों ने दो युवकों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला करवाया दर्ज



**चंद्रभान के गिरते ही लोगों की निकली चीखे :** चंद्रभान 29 तारीख को शाम करीब 6.10 बजे के लगभग बिल्डिंग से कूदा। जैसे ही कुदा जोर की आवाज आई। तेज आवाज आने पर शोर के कारण लोग मौके पर पहुंचे। मौके पर सिर के कई टुकड़े इधर उधर फैल गए। इसे देख लोगों की चीख निकल गई।

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग को बड़ा झटका, मैडम माया और डेविल राजा समेत सात बदमाश गिरफ्तार

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग की मैडम माया सहित 7 सदस्य गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** संजय सर्किल थाना पुलिस पुलिस ने व्यापारी को जान से मारने की धमकी देकर वसूली करने के मामले में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक महिला सहित सात सदस्यों को अरेस्ट किया है। उनके पास से तीन देशी कट्टे, मैगजीन और सात जिंदा कारतूस बरामद किया है। इस गैंग में एक महिला भी शामिल है। पुलिस के अनुसार लॉरेंस गैंग के योगेश सैनी, मोहम्मद अकील, हरेंद्र बिश्नोई, दीपक सैन, हरेन शैलेश भाई, सचिन वर्मा और सीमा उर्फ मैडम माया को अरेस्ट किया गया है। आरोपियों द्वारा अपहरण फिरौती और फायरिंग की कई घटनाओं को अंजाम दिया गया है। महिला मैडम माया गैंग के सदस्यों में सामन्जस्य रखने का काम करती है। इसके अलावा सम्पर्क कर गैंग के सदस्यों को टास्क देती है। मैडम माया जेल में बंद बदमाशों का खर्चा उठाने के साथ उनकी सभी सुख सुविधाओं की भी व्यवस्था करती है। अलग-अलग वारदातों को अंजाम देने के लिए जेल में बंद गैंगस्टर तक मैडम माया संदेश वाहक का काम करती है। वहीं जेल में बंद बदमाशों के केस या जमानत के लिए भी मैडम माया वकील सहित अन्य व्यवस्थाएं करती है। इसके अलावा मैडम माया किस बदमाश को किस जेल में शिफ्ट करना के लिए रोड मैप तैयार करती है। महिला के मोबाइल में कई वकीलों के नम्बर मिले है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए बदमाश के खिलाफ दिल्ली हरियाणा पंजाब समेत के राज्यों में दर्जनों मुकदमे दर्ज है। बदमाशों का लॉरेंस गैंग के सदस्य संपत नेहरा रोहित गोदारा, गोल्डी बराड़ से संपर्क, हथियारों की तस्करी करना मादक पदार्थों की तस्करी करना किसी भी व्यापारी को टारगेट पर लेकर वसूली करने का काम है।

# वीजीयू के प्रबंधन संकाय में एचआर कॉन्क्लेव 2.0 और सम्मेलन आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी (वीजीयू) के प्रबंधन संकाय ने 30 नवंबर, 2024 को एचआर कॉन्क्लेव 2.0 और एक समवर्ती एचआर सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। अग्रणी उद्योगों से 24 से अधिक प्रतिष्ठित मानव संसाधन पेशेवरों को सम्मेलन में वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, छात्रों और उद्योग जगत के नेताओं के साथ-साथ 418 एचआर पेशेवरों की भारी भागीदारी देखी गई, जिससे समकालीन एचआर रुझानों और नवाचारों पर संवाद और सहयोग के लिए एक जीवंत मंच तैयार हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत वीजीयू के प्रबंधन संकाय की निदेशक सुश्री मालविका डूडी बागरिया के स्वागत भाषण से हुई, जिसके बाद वीजीयू के अध्यक्ष प्रो. एन.डी. माथुर और वीजीयू के संस्थापक और उपाध्यक्ष डॉ. के.आर. बागरिया ने एक प्रेरक भाषण दिया, जिसने दिन की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता, श्री तेजपाल सिंह बत्रा, एसएसओ कंसल्टेंट्स के संस्थापक और एचआर इनोवेशन में एक बहुमुखी नेता, और मुख्य अतिथि, हरजीत खंडूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एचआर, रिलायंस जियो की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सुशोभित किया, जिन्होंने विकसित हो रहे एचआर परिदृश्य में परिवर्तनकारी अंतर्दृष्टि साझा की। और एचआर सम्मेलन में पाँच ट्रैक शामिल थे और जिसमें एचआर डोमेन के विविध पहलुओं पर शोधकर्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों द्वारा 54 पेपर प्रस्तुतियाँ प्रदर्शित की गईं।




# वसूली करने पहुंचा फर्जी थानेदार चढ़ा पुलिस के हत्थे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** वसूली करने पहुंचे एक फर्जी थानेदार को मुहाना थाना पुलिस ने अरेस्ट किया है।

आरोपी एक व्यक्ति को पार्सल के जरिए धोखाधड़ी और माल चोरी की शिकायत को रफा दफा करने के मामले में तीन लाख रुपए मांग रहा था। पुलिस के अनुसार मुहाना थाना इलाके में रहने वाले भोलूराम के घर पर एक थानेदार पहुंचा। थानेदार ने अपना नाम हनुमान प्रसाद शर्मा बताया। आरोपी ने पीडित को धमकी दी कि तुम्हारें खिलाफ धोखाधडी की शिकायत मिली है। आरोपी ने पीडित को पार्सल के जरिए धोखाधडी और माल चोरी की शिकायत आने की बात कहीं। नाम सुनकर पीडित डर गया और उसे घर में अंदर ले जाकर चाय-नाश्ता करवाया।

आरोपी ने केस को रफा-दफा करने के लिए उससे तीन लाख रुपए की मांग की। इसके बाद पीडित ने सत्यापन के लिए मुहाना थाने में फोन किया तो वहां पर इस नाम का कोई भी थानेदार नहीं होना सामने आया। मुहाना थाने की कारगुजारी को सुनकर एक बार खुद थाना प्रभारी मदन लाल चौक गए। पीडिता की शिकायत सुनकर थानाधिकारी पुलिस दल के साथ पीडित के घर पहुंचे तो आरोपी पुलिस को देखकर घबरा गया और वहां से भागने लगा। इस पर पुलिस ने उसे दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ पीडित ने थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस आरोपी को अरेस्ट कर उससे पूछताछ कर रही है।

# लोकार्पण के एक साल बाद भी शुरू नहीं हुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

## नाराज ग्रामीणों का सरकार-प्रशासन के खिलाफ फूटा गुस्सा, बोले-मरीज को 28 किमी दूर जाना पड़ रहा बयाना सीएचसी आंदोलन की चेतावनी



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना ( सत्यप्रकाशअग्रवाल )।** उपखंड के गढ़ी बाजना कोट तिराहे पर चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग की ओर से नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) लोकार्पण के एक साल बाद भी शुरू नहीं हो पाया है। इससे स्थानीय ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। चिकित्सा विभाग के अफसरों के लगातार चक्कर काटने के बावजूद अस्पताल शुरू नहीं होने से आक्रोशित ग्रामीणों का शनिवार सुबह गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने नवनिर्मित पीएचसी बिल्डिंग पर पहुंचकर राज्य सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोष जताया। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की ओर से मूलभूत सुविधाओं की दृष्टि से पिछड़े डांग इलाके में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए करीब एक करोड़ की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन बनाया गया था। अक्टूबर 2023 में तत्कालीन कांग्रेस विधायक अमर सिंह जाटव ने बिल्डिंग का लोकार्पण भी कर दिया था। लेकिन उसके बावजूद आज तक नवीन बिल्डिंग में अस्पताल का संचालन शुरू नहीं हो सका है। इससे आसपास की 4 ग्राम पंचायतों परौआ, बाजना, जैसोरा के सैकड़ो मरीजों को उपचार के लिए 28 किमी दूर बयाना सीएचसी आना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं और बीमार बुजुर्गों को होती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार के चिकित्सा सुविधाओं को उन्नत करने के दावे जमीनी धरातल पर खोखले साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने जल्द ही बिल्डिंग में अस्पताल शुरू नहीं करने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीण पप्पू ठेकेदार, नैमीचंद, बच्चू सिंह, वजीर, सुरेशचंद, कन्हैया लाल, कल्ला शर्मा आदि मौजूद रहे। इस संबंध में ब्लॉक सीएमएचओ डॉक्टर धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि पीएचसी की बिल्डिंग का निर्माण एनएचएम पीडब्ल्यूडी विंग की ओर से कराया गया है। फिलहाल लाइट फिटिंग का कुछ काम शेष है। बिल्डिंग के चिकित्सा विभाग को हैंडओवर होते ही अस्पताल का संचालन शुरू किया जाएगा।

## विधानसभा क्षेत्र की बिगड़ती कानून व्यवस्था से आमजन परेशान

# विधायक ने सीएम को लिखा पत्र, कहा-जन आंदोलन जैसे हालात पैदा हो रहे

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना( सत्यप्रकाशअग्रवाल )।** विधानसभा क्षेत्र में कानून व्यवस्था के बिगड़ते हालातों से आमजन त्रस्त है। पुलिस की लापरवाही को लेकर आमजन की ओर से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अब विधायक डॉ ऋतु बनावत ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर स्थानीय पुलिस प्रशासन की कार्यशैली में सुधार और जन सामान्य की पुलिस संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए उच्चाधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की है।

पत्र में विधायक ने बताया कि पुलिस की निष्क्रियता से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। पुलिस की लचर और भ्रष्ट व्यवस्था से आमजन त्रस्त होने लगा है। आए दिन चोरी और लूट की वारदात हो रही है। पुलिस थानों और चौकियों के नजदीक के इलाके में आपराधिक घटनाएं होने से पुलिस की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ रही है। इलाके के आम लोगों और व्यापारियों की यह धारणा बनती जा रही है कि अधिकांश थाने और चौकियां अपराधियों से तालमेल और मासिक उगाही करने में ही व्यस्त हैं। विधायक ने सीएम से कहा है कि जल्दी ही हालात नहीं सुधरे तो जनता का बढ़ता हुआ आक्रोश जन आंदोलन के रूप में सड़कों पर दिखाई देगा।

क्षेत्र के चुने हुए जनप्रतिनिधि होने के नाते आम जनता के साथ उनकी आवाज़ और आंदोलन में साथ देना उनकी नैतिक जिम्मेदारी होगी। विधायक ने पत्र में सीएम से कहा है कि विधानसभा क्षेत्र में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को लेकर जन आंदोलन जैसे हालात पैदा हों उससे पहले वे उच्च अधिकारियों को निर्देश देकर हालात को सामान्य बनाने और आमजन की पुलिस से जुड़ी परेशानियों का समाधान कराया जाना जरूरी है।

### उधर, पुलिस का दावा

**पिछले सालों की तुलना में अपराधों का ग्राफ घटा :** पुलिस की लापरवाह कार्यशैली को लेकर विधायक ऋतु बनावत द्वारा सीएम को लिखा पत्र सामने आने के बाद एसपी कार्यालय ने बयाना सेक्टर में पिछले तीन सालों में हुए अपराधों का तुलनात्मक विवरण जारी किया है। जिसमें बताया है कि वर्ष 2024 में अक्टूबर महीने तक तक साल 2022 की अपेक्षा 20.74 प्रतिशत एवं साल 2023 की अपेक्षा 26.76 प्रतिशत अपराधों की कमी आई है। इसी प्रकार साल 2024 में हत्या के प्रयास में 53.57त्न, लूट में 44.44त्न, अपहरण में 2.94त्न, बलवा में 28.57त्न, नकबजनी में 37.50त्न, चोरी में 23.31त्न एवं अन्य अपराधों में 29.48 प्रतिशत की कमी आई है। एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि जिला पुलिस की सजगता एवं सक्रियता के परिणामस्वरूप सेक्टर बयाना में वर्ष 2024 में अपराधों में 26.76 प्रतिशत की कमी आना, इसके साथ ही जिले में फायरिंग की घटनाओं में वर्ष 2024 में वर्ष 2022 की अपेक्षा 83.33 एवं वर्ष 2023 की अपेक्षा 80.95 प्रतिशत की कमी आई है।



# उच्च माध्यमिक विद्यालय मे एसयूपीडब्ल्यू कैम्प का समापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर स्थित सेठ मूलचंद प्रभूदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विभागीय पंचांग गतिविधियों अनुसार प्राचार्य महेश चंद यादव के नेतृत्व में समाज उपयोगी उत्पादक कार्य शिविर आयोजित हुआ। प्राचार्य ने विद्यार्थियों में मूल्यपरक व्यक्तित्व के निर्माण व राष्ट्र निर्माण के लिये सामाजिक चेतना जागृत करने का आह्वान किया। शिविर प्रभारी व्याख्याता रामकरण यादव ने समाज उपयोगी उत्पादक कार्य शिविर की महत्ता बताते हुये कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ समाज सेवा के लिये प्रेरित करने, सृजनात्मक व रचनात्मक विकास की भावना पैदा कर सभ्य नागरिक बनने की ओर अग्रसर होना चाहिये। एसयूपीडब्ल्यू प्रभारी प्रवक्ता रामकरण यादव की अध्यक्षता में शिविर समापन के दौरान व्याख्याता सुमन चौहान, व्याख्याता अजय कुमार खिंची, वरिष्ठ अध्यापक दाताराम यादव, वरिष्ठ अध्यापिका माया यादव आदि ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि समाज सेवा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति आदर पैदा कर राष्ट्रीय एकता की भावना को विकसित करती है।

समाज सेवा शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होता है जो ना केवल सामाजिक जीवन से सरोकार सिखाता है, बल्कि सामुदायिक समस्याओं के प्रति प्रतिबद्धता व संवेदनशीलता का विकास कर सामुहिक जीवन जीने का कौशल उत्पन्न करता है तथा श्रम के प्रति निष्ठा प्रतिस्थापित करता है। इस दौरान मधु यादव, मधुबाला, धोलाराम मीणा, माडूराम यादव, रतिराम यादव व बच्चों ने समाज उपयोगी उत्पादक कार्य शिविर के संचालन में सहयोग प्रदान किया।

# नगरपालिका डाल रही मदान क्षेत्र में कचरा, खुला मंच ने जताया विरोध

## विधायक को ज्ञापन देकर की डम्पिंग यार्ड के लिये जमीन आवंटन की मांग

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना ( सत्यप्रकाशअग्रवाल )।** बयाना के खुला मंच संस्थान ने शिनवार को विधायक डॉ. ऋतु बनावत को ज्ञापन सौंप नगरपालिका प्रशासन द्वारा पूरे शहर से एकत्र किये कचरे को ऑटो टिप्परों के माध्यम से भीतरवाड़ी मदान क्षेत्र में डालने पर आक्रोश जताते हुये रूकवाये जाने की मांग की है। मंच के संयोजक शैलेष शर्मा के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में बताया गया है कि नगर पालिका बयाना की ओर से समूचे बचाना शहर के कचरे को संग्रह कर भीतरवाडी इलाके के मदान क्षेत्र में डाला जा रहा है।

जबकि उक्त भूमि वन विभाग व कमलहौज बांध की है। पालिका कर्मियों द्वारा कचरे में आग लगा दी जाती है। कचरा जलने के स्थान के पास ही शमशान बना है। इस दौरान अन्त्येष्टि के लिये जाने बाले लोगों को दुर्गन्ध के चलते बैठना तक दूभर हो जाता है। इसके अलावा इलाने के मालीपाड़ा, गुर्जर पाड़ा, पठानपाड़ा, हरिजन बस्ती, कोली पाडा, नहरोली वालों का टीला, आदि इलाके के लोगों को कचरे से उठती दुर्गन्ध व मक्खी-मच्छरों से परेशानी हो रही है। और आमजनता ने कई बार जिला कलैक्टर व एसडीएम बयाना को ज्ञापन भी दिये गये है।

लेकिन नगरपालिका के पास डम्पिंग यार्ड के लिये स्थान उपलब्ध नहीं होने के कारण समस्या बनी हुए है। खुला विचार मंच के माध्यम से आम जनता समस्या समाधान कराये जाने का अनुरोध करती है।

# 25 दिसंबर को कल्याण फाउंडेशन लगाएगा मेगा ब्लड डोनेशन कैंप

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना )।** सामाजिक संस्था श्री कल्याण फाउंडेशन की बैठक शनिवार शाम संस्था के कार्यालय पर अध्यक्ष विनय अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। सचिव रमन धाकड़ ने बताया कि बैठक में आगामी 25 दिसंबर को शहर के अमर पैलेस मैरिज होम परिसर में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप लगाए जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सदस्यों ने ब्लड डोनेट करने वाले व्यक्तियों को बेड पर ही कॉफी और ओआरएस उपलब्ध कराने कैंप में आने वाले लोगों को अल्पाहार की व्यवस्था करने सुझाव दिया। बैठक में संचालक त्रिलोक उपाध्याय, कोषाध्यक्ष किशनचंद गुप्ता, उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार रावत, श्रीराम धाकड़, कृष्ण मुरारी धाकड़ आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर में राजस्थान राज्य अंडर-13 शतरंज प्रतियोगिता 2024 का भव्य शभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल उदयपुर में राजस्थान शतरंज संघ के तत्वावधान में उदयपुर जिला शतरंज संघ (यूडीसीए) का आयोजित राजस्थान राज्य अंडर-13 शतरंज प्रतियोगिता 2024 का आज शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता दिल्ली पब्लिक स्कूल के सहयोग से दिल्ली पब्लिक स्कूल, भुवाणा, उदयपुर में 30 नवंबर और 1 दिसंबर को आयोजित की जा रही है। इस चौंपियनशिप में उदयपुर जिले ने 97 खिलाड़ियों के साथ सबसे बड़ी भागीदारी दर्ज की है। जयपुर से 20, अजमेर से 14 और जोधपुर से 11 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा दौसा से 9, कोटा से 7, भीलवाड़ा से 6, चित्तौड़गढ़ से 5, हनुमानगढ़ और अलवर से 4-4, राजसमंद और पाली से 3-3, बाड़मेर से 2 और सिरोही से 1 खिलाड़ी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। सीकर, नागौर, बीकानेर और झुंझुनूं से भी 1-1 खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। यूडीसीए अध्यक्ष सोनल गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के 18 जिलों से 190 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है, जो राज्य में शतरंज की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है तथा प्रतियोगिता में युवा खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। यह आयोजन युवाओं को शतरंज में अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। शाला के प्राचार्य श्री संजय नरवरिया ने बताया कि इस राज्य स्तर की प्रतियोगिता में संपूर्ण राज्य के विजेताओ को राष्ट्रीय स्तर पर पहुचने एवं अपनी पहचान बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर मिलेगा एवं ये बच्चे शतरंज को नयी उचाइयों पर ले जाने का काम करेगें। इस कार्यक्रम का समापन कल रविवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण के साथ पूर्ण होगा।



# अतिक्रमण के खिलाफ नगर परिषद का चला पीला पंजा

## अतिक्रमण हटाओ अभियान 07 दिनों तक रहेगा जारी, अभियान तीसरे दिन भी लगातार जारी रहा





बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली उपखंड अधिकारी बृजेश चौधरी ने बताया-कलेक्टर कल्पना अग्रवाल और एसपी राजन दुष्यंत की अध्यक्षता में हाल ही में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में कोटपूतली शहर में विभिन्न स्थानों पर हो रहे अतिक्रमण के बारे में जानकारी लेते हुए उन पर प्रभावी करवाई करने के लिए 28 नवंबर से 7 दिन तक शहर के विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए थे। जिस पर शुक्रवार से नगर परिषद प्रशासन ने जेसीबी की सहायता से आम रास्तों में किये गये अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही शुक्रवार को शुरू कर दी थी। जानकारी के मुताबिक शहर के विभिन्न मार्गो पर लोगों ने अपनी दुकानों के बाहर टीनशेड, तिरपाल, चबूतरे आदि बनाकर सडक् सीमा में अतिक्रमण कर रखा था। रास्ते में किये गये अतिक्रमण से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी। अभियान के तहत प्रशासन ने जेसीबी के साथ पहुंचकर सडक् सीमा पर किये गये प्रशासन द्वारा डाबला रोड के दोनों साइड बुलडोजर की मदद से अवैध अतिक्रमण हटवाया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही अतिक्रमण करने वालो में हड़कंप मच गया।दरअसल कोटपूतली में आए दिन अतिक्रमण के चलते जाम की समस्या बनी रहती थी। जिसे लेकर कलेक्टर कल्पना अग्रवाल द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत ऐसे स्थानों को चिन्हित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर द्वारा लोगों से भी अपील की गई थी कि वह स्वयं ही अतिक्रमण हटा ले।

साथ ही दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ भी कार्यवाही करने की निर्देश दिए थे। कोटपूतली के मैन चौराहे पर अस्थाई अतिक्रमण हो रहे को लेकर एक महीने पहले नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाया गया था हटाने के एक हफ्ते के अंदर ही अतिक्रमण दोबारा हो गया लेकिन नगरी परिषद ने अतिक्रमण के करवाई नहीं की आज शनिवार को जब नगर परिषद अतिक्रमण के कार्य करने गए तो उनको एक महीने पहले अतिक्रमण नहीं दिखा जिससे कोटपूतली शहर में जाम की समस्या का स्थाई समाधान निकल सकें। इस दौरान एसडीएम बृजेश कुमार चौधरी, एक्सईएन दीपक मीणा, , एसएचओ राजेश कुमार शर्मा समेत नगर परिषद कार्मिक व पुलिस जाप्ता मौजूद रहा।

# चूरू कलक्टर अभिषेक सुराणा की अनूठी पहल

## 'पुस्तक संवाद', साहित्यिक किताबों की बेहतर समीक्षा लिखने वाले विद्यार्थियों को घर बुलाकर किया संवाद, पूछे अनुभव, बताए टिप्स

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** चूरू जिला कलक्टर आवास का गार्डन... आती हुई सर्दी में जाते हुए नवंबर की गुनगुनी धूप... मुंशी प्रेमचंद, रवींद्र नाथ टैगोर, आर के नारायण और लियो टॉलस्टॉल की किताबों पर विद्यार्थियों की चर्चा... जिला कलक्टर से आईएएस बनने के टिप्स पूछते बच्चे... बड़े ही स्नेह-भाव से एक-एक की उलझनों को सुलझा रहे जिला कलक्टर... और मन ही मन अपने सपनों को उड़ान दे रहे बालक-बालिकाएं... यह नजारा है शनिवार सवेरे जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की पहल पर पुस्तक समीक्षा में अव्वल आने वाले बच्चों के लिए कलक्टर निवास पर आयोजित कार्यक्रम 'पुस्तक संवाद' का। दीपावली अवकाश में अपने पुस्तकालयों से लेकर किताब पढ़ने के बाद रिव्यू कॉम्पीटिशन में जिला व ब्लॉक लेवल पर अव्वल आने वाले विद्यार्थियों से शनिवार सवेरे जिला कलक्टर ने उन्हें घर बुलाकर मुलाकात की, संवाद किया, उनके अनुभव पूछे, उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया और पुस्तकें, बैग व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया प्रभाव में किताबों से दूर होते बच्चों के लिए चूरू जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा पहल पर हुआ यह कार्यक्रम दूरदराज गांवों के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए यादगार बन गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि पुस्तकों का अध्ययन दुनिया के उत्कृष्ट दिमागों के साथ आपका संवाद स्थापित करता है। पुस्तकें आपके जीवन में वो राहें खोल देंगी, जिनके बारे में आपने कभी कल्पना ही नहीं की होगी।



# रोटरी क्लब अचीवर्स ने विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया एक्सपर्ट कैरियर गाइडेंस सेमिनार



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** रोटरी क्लब अचीवर्स उदयपुर और जे.एस. ग्लोबल, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उमरडा में विद्यार्थियों के लिए करियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में एक्सपर्ट करियर काउंसलर और जे.एस. ग्लोबल उदयपुर के जितेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों के साथ सफल करियर बनाने के लिए उपयोगी जानकारियां साझा की।

उन्होंने बताया कि खेलकूद, संगीत, चित्रकारी, खाना बनाने की कला या ड्रोन उड़ानें का हुनर भी एक करियर विकल्प बन सकता है। विद्यार्थियों को विषय या करियर चुनाव करने में अगर चुनौती का सामना करना पड़े तो करियर काउंसलर की मदद लेनी चाहिए। प्रिंसिपल संजय चौबीसा ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थीयों के लिए अत्यन्त लाभदायक सिद्ध होते हैं तथा भविष्य निर्माण में सहायक होते हैं। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन अनीता चंदेल ने किया।

अंत में रोटरी क्लब अचीवर के प्रेसिडेंट डॉ.जितेंद्र बहल व श्रीमती अनुराधा बहल ने स्कूल परिवार व जे.एस. ग्लोबल के सीईओ जितेंद्र सिंह सोलंकी का धन्यवाद दिया और भविष्य में और भी इस तरह के सेमिनार आयोजित करने का आश्वासन दिया।

# अब हर रविवार फतहसागर पाल पर सजेगी सुरों की महफिल : मुकेश माधवानी

## संगीत प्रेमियों के लिए होगा विशेष आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** शहर के फतहसागर की पाल पर संगीत प्रेमियों के लिए रविवार की हर सुबह को खास बनाने के लिए एक नई पहल शुरू हुई है। शहर के संगीत प्रेमियों के संगठन सुरों की मंडली ने यह पहल की है। सुरों की मंडली के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि, पिछले महीने के दूसरे रविवार को आयोजित सुर प्रभाती कार्यक्रम को उदयपुरवासियों से अपार सराहना मिली। इसी से प्रेरित होकर सुरों की मंडली ने निर्णय लिया है कि अब हर रविवार सुबह 7.30 बजे संगीत प्रेमियों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुकेश माधवानी ने बताया कि इस प्रयास का उद्देश्य न केवल उदयपुर की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देना है, बल्कि संगीत प्रेमियों को एक ऐसा मंच देना है जहाँ वे अपने सुरों और भावनाओं को साझा कर सकें। इस कार्यक्रम में हर उम्र और वर्ग के लोग भाग ले सकेंगे।

आगामी कार्यक्रम 1 दिसम्बर को-मुकेश माधवानी ने बताया कि आगामी कार्यक्रम 1 दिसंबर, रविवार सुबह 7.30 बजे फतहसागर की पाल पर आयोजित किया जाएगा। प्रोग्राम संयोजक कैलाश केवल्या और सह-संयोजक दिलीप जैन सवीना ने सभी संगीत प्रेमियों और सुरों की मंडली के सदस्यों से अपील की है कि वे इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों और इस प्रयास को सफल बनाएं।

## सम्पादकीय

# यूपीआई धोखाधड़ी का मुकाबला

बीते कुछ वर्षों में डिजिटल भुगतान लेनदेन में उल्लेखनीय इजाफा देखने को मिला है। बहरहाल, देश के डिजिटल भुगतान परिदृश्य में इस असाधारण वृद्धि के साथ ही धोखाधड़ी के मामलों में भी इजाफा हुआ है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने हाल ही में संसद के सामने जो आंकड़े पेश किए वे दिखाते हैं कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) से जुड़ी धोखाधड़ी की रकम 2023-24 में 1,087 करोड़ रुपये हो गई जो 2022-23 के 573 करोड़ रुपये से 85 फीसदी अधिक थी। भुगतान संबंधी धोखाधड़ी के मामले भी 2022-23 के 7.25 लाख से बढ़कर 2023-24 में 13.4 लाख तक पहुंच गए। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारत में यूपीआई भुगतान धोखाधड़ी के 6.32 लाख मामले सामने आए। इनमें करीब 485 करोड़ रुपये की राशि शामिल थी। ये आंकड़े चिंताजनक हैं और भविष्य में इसका इस्तेमाल करने वालों को प्रभावित कर सकते हैं। डिजिटल भुगतान लेनदेन का कुल आकार 2017-18 के 2,017 करोड़ से बढ़कर 2023-24 में 18,737 करोड़ हो गया। इस दौरान चक्रवृद्धि सालाना वृद्धि दर (सीएजीआर) 44 फीसदी रहा। इसी तरह समान अवधि में लेनदेन का मूल्य 11 फीसदी सीएजीआर के साथ 1,962 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 3,635 लाख करोड़ रुपये हो गया। चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में लेनदेन का आकार करीब 86.59 अरब रहा जबकि कुल लेनदेन का मूल्य 1,669 लाख करोड़ रुपये का था। डिटिजल लेनदेन में यूपीआई सबसे बड़ा माध्यम था। कुल लेनदेन में यह करीब 80 फीसदी का हिस्सेदार रहा और कम भुगतान करने वाले लोगों का सबसे पसंदीदा माध्यम रहा। इस संदर्भ में भुगतान और लेनदेन को सुरक्षित करना सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है। अतीत में कई पहल की गईं ताकि देश में डिजिटल धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को नियंत्रित किया जा सके। इसमें बहुकारक प्रमाणन व्यवस्था, रोजाना लेनदेन की सीमा और यूपीआई ऐप्लीकेशंस में इनक्रिप्शन तकनीक का इस्तेमाल किया गया।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) भी यूपीआई की सुरक्षा मजबूत करने को लेकर सक्रिय रहा है और उसने बैंकों? को धोखाधड़ी वाले लेनदेन को नकारने के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से संचालित फ्रॉड मॉनिटरिंग प्रणाली की पेशकश की है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने भी 2019 में राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल की शुरुआत की ताकि डिजिटल भुगतान संबंधी धोखाधड़ी उजागर की जा सके। बहरहाल, जैसे-जैसे तकनीक का विकास जारी है, साइबर अपराधी भी बेहतर से बेहतर सुरक्षा उपायों को बेधने में सक्षम होते जा रहे हैं। मैलवेयर और स्पाईवेयर के जरिये फिशिंग अटैक अब बहुत अधिक आम हो चुके हैं। जैसे-जैसे यूपीआई की पहुंच बढ़ रही है और वह विदेशों में भी सफलतापूर्वक काम कर रहा है तो यह महत्त्वपूर्ण है कि उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ाई जाए और लोगों को धोखाधड़ी से बचाया जाए। धोखाधड़ी से प्रभावी ढंग से बचने में उपभोक्ताओं का अनुभव और जोखिम की निगरानी शामिल है। इसके साथ ही वित्तीय संस्थानों मसलन बैंकों आदि को तकनीकी कंपनियों के साथ तालमेल करके सुरक्षा, डेटा निजता और धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन में नए दौर के उपायों को शामिल करना होगा।

# ऑनलाइन गेमिंग से बच्चों पर दुष्प्रभाव-मामले की संसदीय शीतकालीन सत्र में गूंज

**अगर हम तीव्र गति से प्रौद्योगिकी विकास की करें तो बड़े बुजुर्गों का कहना है रजाई जितनी पानी में भीगेगी उतनी ही भारी होती जाएगी बिल्कुल ठीक,हमें बड़े बुजुर्गों द्वारा कहे एक एक शब्द सत्य साबित होते हैं यही बात, हमें इस आधुनिक प्रौद्योगिकी में भी देखनी होगी कि जितनी हम सुविधाएं प्राप्त कर रहे हैं उनके कुछ साइड इफेक्टस भी होते हैं, जिनकी अत्यंत सूक्ष्मता से हमें सावधानी भी बरतनी होगी। साथियों बात अगर हम इस नई प्रौद्योगिकी के बच्चों पर प्रभाव की करें तो आज के युग में हम देख रहे हैं कि बच्चों के हाथ में मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर की आदत तीव्रता से बढ़ गई है।**

**किशन सनमुखदास भावनानी**

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में संसद के शीतकालीन सत्र 2024 की शुरुआत 25 नवंबर 2024 से हुई जिसमें उद्योगपति मामले में हंगामें के चलते 29 नवंबर 2024 तक यांने चार दिन में मात्र 40 मिनट ही कार्रवाई चली औसतन प्रतिदिन 10 मिनट तक कार्यवाही चली,अब दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार 2 दिसंबर 2024 तक स्थगित कर दी गई है, इस बीच राज्यसभा में सभापति ने कहा, यह करनी लोकहित केंद्रित नहीं हैं। ये लोगों की पसंद के बिल्कुल प्रतिकूल हैं, हम अप्रासंगिक होते जा रहे हैं और लोग हमारा उपहास कर रहे हैं, हम वस्तुत: हंसी का पात्र बन गए हैं, इसलिए वे राज्यसभा सांसदो से कृपा कर सदन के कामकाज में सुचारू रुप से भाग लेने की अपील करते हैं, सदन के सामान्य कामकाज में व्यावधान उत्पन्न किए जाने से उन्हें गहरी पीड़ा और दुख हुआ है। हम बहुत खराब मिसाल कायम कर रहे हैं। हम देश के लोगों का अपमान कर रहे हैं और उम्मीदों पर खरे नहीं उतर रहे हैं, क्योंकि जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे बिल व सवाल बाधित हो रहे हैं आज यह विषय हम इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि 29 नवंबर 2024 को राज्यसभा में ऑनलाइन गेमिंग से बच्चों पर पढ़ने वाले दुष्प्रभाव से जुड़े एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर इलेक्ट्रॉनिक व सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की लिखित जानकारी दी ।बता दें वर्तमान प्रौद्योगिकी और डिजिटल युग में अत्यंत तीव्रता से हम एक नए भारत की ओर बढ़ रहे, हमारे देश पर हमें गर्व है लगभग हर क्षेत्र में मानवीय शारीरिक श्रम को आधुनिक प्रौद्योगिकी की सहायता से कंप्यूटर,रोबोट, विभिन्न एप्स की भाषा में तब्दील कर घंटों का काम सेकंडों में करने की राह तेजी पकड़ती जा रही है, और हम तेजी से एक नए भारत की ओर बढ़ रहे हैं इसे देखकर ऐसा लग रहा है कि हम विज़न 2047 को अपने टारगेट के कई साल पहले ही प्राप्त कर लेंगे। परंतु इससे हमारे भविष्य के नेतृत्व बच्चों पर काफी दुष्प्रभाव पढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

महामारी के प्रकोप से लॉकडाउन और स्कूल बंद के कारण उसे समय की आदतों से ऑनलाइन क्लासेस से इसकी ज़रूरत और आदतें दोनों बढ़ गई है ।जिसका खाली समय में प्रयोग में अक्सर ऑनलाइन गेमिंग,अन्य गेम, अश्लीलता के कुछ अंश इत्यादि का क्रेज बढ़ गया है जिसकी ओर हम सभी अभिभावकों माता-पिता,शिक्षकों को इस दिशा में तेज़ी से ध्यान देखकर अतिकठोर सावधानी बरतना होगा ताकि हमारे कल के भविष्य बच्चों को आत्म संयमता का मंत्र देकर हम उनका भविष्य सुरक्षित कर सकें। साथियों बात अगर हम ऑनलाइन गेमिंग में सुरक्षा के लिए संसदीय शीतकालीन सत्र में भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का लिखित उत्तर पेश करने



की करें तो सरकार ऑनलाइन गेमिंग से होने वाले खतरों और लत जैसे संभावित नुकसानों से अवगत है। भारत सरकार की नीतियों का उद्देश्य अपने उपयोगकर्ताओं के लिए सुरक्षित, विश्वसनीय और जवाबदेह इंटरनेट सुनिश्चित करना है। ऑनलाइन गेम की लत जैसी विभिन्न सामाजिक आर्थिक चिंताओं को दूर करने के लिए, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने संबंधित हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद,आईटी अधिनियम के तहत दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 (आईटी नियम, 2021) को अधिसूचित किया है। आईटी नियम, 2021 ने सोशल मीडिया मध्यस्थों सहित विभिन्न मध्यस्थों पर उस सूचना के संबंध में विशिष्ट सावधानी बरतने के दायित्व डाले हैं, जिसे प्लेटफ़ॉर्म पर होस्ट, प्रदर्शित, अपलोड, प्रकाशित, प्रसारित, संग्रहीत या साझा नहीं किया जाना है। मध्यस्थों से अपेक्षा की जाती है कि वे किसी भी ऐसी सूचना को होस्ट, संग्रहीत या प्रकाशित न करें जो वर्तमान में लागू किसी भी कानून का उल्लंघन करती हो। मध्यस्थों को अपनी जवाबदेही सुनिश्चित करने की आवश्यकता होती है, जिसमें आईटी नियम, 2021 के तहत वर्गीकृत गैरकानूनी सूचना को हटाने की दिशा में उनकी त्वरित कार्रवाई या किसी भी ऐसी सूचना के खिलाफ प्राप्त शिकायतों के आधार पर कार्रवाई शामिल है, जो अन्य बातों के अलावा, बच्चों के लिए हानिकारक है या जो मनी लॉन्ड्रिंग या जुए से संबंधित या प्रोत्साहित करती है। इसके अलावा, शिक्षा मंत्रालय ने 27 सितंबर, 2021 को ऑनलाइन गेमिंग के नुकसानों पर काबू पाने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। इसके बाद, शिक्षा मंत्रालय ने 10 दिसंबर, 2021 को बच्चों के सुरक्षित ऑनलाइन गेमिंग पर अभिभावकों और शिक्षकों को एक एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में संकेत दिया गया है किऑनलाइन गेम खेलने से गंभीर गेमिंग की लत लग जाती है जिसे गेमिंग डिसऑर्डर माना जाता है। इसने आगे चेतावनी दी है कि बिना किसी प्रतिबंध और आत्म-सीमा के ऑनलाइन गेम खेलने से कई खिलाड़ी आदी हो जाते हैं और अंतत: गेमिंग डिसऑर्डर का निदान किया जाता है अभिभावकों और शिक्षकों को एडवाइजरी को व्यापक रूप से प्रसारित करने और बच्चों को मानसिक और शारीरिक तनाव से जुड़े सभी ऑनलाइन गेमिंग नुकसानों पर काबू पाने में प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई के लिए उन्हें शिक्षित करने की सिफारिश की गई है ।इसके अतिरिक्त, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 4 दिसंबर, 2020 को सभी निजी सैटेलाइट टेलीविजन चैनलों को ऑनलाइन गेम्स, फैंटेसी स्पोर्ट्स आदि पर विज्ञापन के बारे में एक एडवाइजरी भी जारी की है, जिसमें सभी प्रसारकों को सलाह दी गई है कि भारतीय विज्ञापन मानक परिषद द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाए और टेलीविजन पर प्रसारित विज्ञापनों में भी उन्हीं का पालन किया जाए।

### दिशा- निर्देशों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है

(1) किसी भी गेमिंग विज्ञापन में 18 वर्ष से कम आयु के किसी व्यक्ति को नहीं दिखाया जाना चाहिए। (2) ऐसे प्रत्येक गेमिंग विज्ञापन में प्रिंट/स्टेटिक तथा ऑडियो/वीडियो फॉर्म में एएससीआई कोड के अनुरूप डिस्कलेमर होना चाहिए, जिसमें यह दर्शाया गया हो कि इस गेम में वित्तीय जोखिम शामिल है तथा यह व्यसनकारी हो सकता है। (3) विज्ञापनों में गेम को वैकल्पिक रोजगार के रूप में प्रस्तुत नहीं किया जाना चाहिए। (4) उन्हें यह भी नहीं दर्शाना चाहिए कि गेमिंग गतिविधि करने वाला व्यक्ति किसी भी तरह से सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 21 मार्च, 2024 को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सहित मीडिया को एक एडवाइजरी भी जारी की है, जिसमें ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म और/या इन प्लेटफॉर्म को छद्म तरीके से दर्शाने वाले किसी भी ऐसे उत्पाद/सेवा के विज्ञापनों को प्रकाशित या प्रसारित करने से परहेज करने को कहा गया है। ऑनलाइन विज्ञापन बिचौलियों को भी सलाह दी गई है कि वे ऐसे विज्ञापनों को भारतीय दर्शकों को ध्यान में रखकर न दिखाएं।गृह मंत्रालय ने साइबर अपराधों से व्यापक और समन्वित तरीके से निपटने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए एक ढांचा और पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने के लिए भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की स्थापना की है। एमएचए ने सभी प्रकार के साइबर अपराधों की रिपोर्ट करने में जनता को सक्षम बनाने के लिए राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल भी लॉन्च किया है ।इस पोर्टल पर रिपोर्ट की गई साइबर अपराध की घटनाओं को कानून के प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्यवाही के लिए संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की कानून प्रवर्तन एजेंसी को भेजा जाता है। पोर्टल में महिलाओं/बच्चों से संबंधित अपराधों और वित्तीय धोखाधड़ी के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिए अलग-अलग तंत्र हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
पानी वाली जगहों से दूर रहें। आज नियम विरुद्ध कामों से दूर रहें। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। आज कोई नया काम शुरू ना करें।

**वृष**
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है।

**मिथुन**
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

**कर्क**
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा। आज धन का व्यय अधिक होगा।

**सिंह**
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा।

**कन्या**
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा। आज कोई नया काम शुरू ना करें।

**तुला**
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

**वृश्चिक**
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो।

**धनु**
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे।

**मकर**
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा। मित्रों से मुलाकात होगी।

**कुंभ**
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।

**मीन**
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं अलवर के कोषाधिकारी पद को सुशोभित करने वाले अधिकारी श्री राजकुमार जी। सन 1987 में अलवर में ही जन्मे शिक्षा भी अलवर से ही प्राप्त की ओर आज अलवर में ही पदस्थापित हैं। एज्यूकेशन के रूप में इन्होनें बी.एस.सी अलवर के राजर्षि महाविद्यालय से की उसके बाद एम.एस.सी राजस्थान विश्वविद्यालय से कर राजकीय सेवाओं में 27 दिसम्बर सन 2011 को आ गए और जिला परिषद धौलपुर, राजकोष जयपुर,ग्रामीण, श्रम विभाग, जीएम फाइनेंस आरएसआरटीसी जैसे विभागों में रहे और आज अलवर में ट्रेजरी ऑफिसर के रूप में लोगों को अपनी सेवाए दे रहे हैं। बहुत बेहतरीन अधिकारी हैं। हमेशा चेहरे पर मुस्कान बिखेरकर रहते हैं। कितना भी कार्य का बोझ हो उसे बिना बोझ समझे करने में आगे रहते हैं। जिले के सभी विभागों के कोष का कार्य देखना सच में माथापच्ची और तनाव का कार्य माना जाता है लेकिन राजकुमार जी बेहद संवदेशीलता के साथ अच्छे और बेहतरीन व्यक्तित्व का परिचय देते हुए अपने कार्य को कुशलता के साथ करते हैं। अपने अधिनस्थ कर्मचारी व अधिकारी के साथ अच्छे बर्ताव और अपने उच्चाधिकारियों के साथ



राजकुमार जी
( जिला कोषाधिकारी )

बेहतरीन तालमेल के साथ काम करने के लिए इन्हें जाना जाता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

### 1 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- स्पेन से 60 वर्षों की गुलामी के बाद पुर्तग़ाल 1640 में स्वतंत्र हुआ।
- कोलकाता और ढाका के बीच 1933 में विमान सेवा की शुरूआत हुई।
- अमरीकी राज्य अलबामा में 1955 में एक काली महिला को इसलिए गिरफ़्तार कर लिया गया था, क्योंकि उन्होंने बस में अपनी सीट एक गोरे आदमी के लिए ख़ाली करने से इनकार कर दिया था।
- अंटार्कटिका के शांतिपूर्ण वैज्ञानिक इस्तेमाल के लिए 12 राष्ट्रों ने 1959 में संधि पर हस्ताक्षर किये।
- बाहरी अंतरिक्ष से 1959 में पृथ्वी का पहला रंगीन फोटो लिया गया।
- नागालैंड 1963 में भारत का 16वां राज्य बना।
- बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (सीमा सुरक्षा बल) की स्थापना 1965 में हुई।
- इजराइल के संस्थापक और पहले प्रधानमंत्री डेविड बेन गुरियन की 1973 में 87 साल की उम्र में मौत हो गई थी।
- वर्जीनिया के अपरविले में 1974 में बोइंग 727 विमान दुर्घटनाग्रस्त, 92 की मौत।
- अंगोला 1976 में संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना।
- बांग्लादेश में जनरल जियाउर रहमान ने 1976 में खुद को राष्ट्रपति घोषित किया।
- अफ़ग़ानिस्तान के नये संविधान के अंतर्गत 1987 में डाक्टर नजीबुल्लाह राष्ट्रपति निर्वाचित।
- पाकिस्तान में आपातकाल की समाप्ति तथा राष्ट्रपति गुलाम इशहाक ख़ान ने 1988 में बेनजीर भुट्टो को प्रधानमंत्री नियुक्त किया।
- बांग्लादेश में 1988 में आये चक्रवात से 596 लोगों की मौत हुई, पांच लाख लोग बेघर हुए।
- एड्स जागरूकता दिवस की 1991 में शुरुआत हुई।
- दक्षिण कोरिया एवं दक्षिण अफ्रीका में 1992 में राजनयिक संबंध स्थापित।
- चेचेन्या को 1997 में विदेशी नागरिकों के लिए निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 2000 में तालिबान पर शस्त्र प्रतिबंध का समर्थन किया।
- विसिंट फ़ॉक्स 2000 में मैक्सिको के नये राष्ट्रपति निर्वाचित।
- अफ़ग़ानिस्तान कंधार एयर पोर्ट पर 2001 में तालिबान विरोधी कबालियों का कब्ज़ा।
- ऑस्ट्रेलिया ने 2002 में इंग्लैंड से लगातार आठवीं बार एशेज टेस्ट शृंखला जीती।
- नेपाल ने 2006 में नये राष्ट्रगान, जिसमें राजा का नामो-निशान तक नहीं है, स्वीकृत किया।
- चीन के सान्या में 2007 में आयोजित मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में चीन की इलांग जी लिन को मिस वर्ल्ड का ताज पहनाया गया।
- बिहार विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष शिवचन्द्र झा का 2008 में निधन हो गया।

### 1 दिसंबर को जन्मे व्यक्ति

- दसवाँ मुगल बादशाह रफीउद्दाराजात का जन्म 1699 में हुआ।
- भारत के लिए अपना जीवन समर्पित कर देने वाले अंग्रेज़ व्यक्ति जॉर्ज सिडनी अरुंडेल का जन्म 1878 में हुआ।
- भारत के प्रसिद्ध गांधीवादी स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद, पत्रकार और लेखक काका कालेलकर का जन्म 1885 में हुआ।
- भारत के सच्चे देशभक्त, क्रान्तिकारी, पत्रकार और समाज सुधारक राजा महेन्द्र प्रताप का जन्म 1886 में हुआ।
- भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारियों में से एक अनंता सिंह का जन्म 1903 में हुआ।
- परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक मेजर शैतान सिंह का जन्म 1924 में हुआ।
- प्रसिद्ध भारतीय चिकित्सक गुरुकुमार बालचंद्र पारुलकर का जन्म 1931 में हुआ।

## विशेष आलेख

# एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व से उत्पन्न चुनौतियाँ

भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए और क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देते हुए एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व का जवाब कैसे दे सकता है। जैसे-जैसे वैश्विक शक्ति की गतिशीलता बदलती है, भारत जैसे देशों को क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए राजनयिक और रक्षात्मक उपायों में संलग्न रहना जारी रखना चाहिए। रणनीतिक साझेदारी, रक्षा क्षमताओं के आधुनिकीकरण और राजनयिक जुड़ाव के सही संयोजन के साथ, भारत शांतिपूर्ण और स्थिर एशिया में योगदान करते हुए अपने हितों को सुरक्षित कर सकता है।

**प्रियंका सौरभ**



एशिया में चीन के बढ़ते सैन्य प्रभुत्व ने क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य को काफ़ी बदल दिया है, जिससे उसके पड़ोसियों में चिंता पैदा हो गई है। उन्नत सैन्य क्षमताओं, रणनीतिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और मुखर क्षेत्रीय दावों के साथ, चीन ने पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाया है। इसने क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गंभीर चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं, जिससे भारत जैसे देशों को अपने हितों की रक्षा करने और शांति बनाए रखने के लिए रणनीतिक प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व द्वारा उत्पन्न चुनौतियाँ क्षेत्रीय विवाद और विस्तारवाद हैं। एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व से उत्पन्न चुनौतियाँ दक्षिण चीन सागर और भारत-चीन सीमा पर चीन के क्षेत्रीय दावे क्षेत्रीय स्थिरता को चुनौती देते हैं, जिससे अक्सर सैन्य टकराव होते रहते हैं। दक्षिण चीन सागर में चीन के नाइन-डैश लाइन के दावे के कारण कई दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ विवाद पैदा हो गया है, जिससे नेविगेशन की स्वतंत्रता और क्षेत्रीय शांति कमजोर हो गई है। चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) ने प्रमुख क्षेत्रों में सैन्य संपत्तियों के निर्माण की अनुमति दी है, जिससे पड़ोसी देशों के पास उसकी सैन्य उपस्थिति बढ़ गई है। जिबूती में एक सैन्य अड्डे और श्रीलंका और पाकिस्तान में रणनीतिक बंदरगाहों के निर्माण से हिंद महासागर क्षेत्र में चीन का प्रभाव बढ़ता है, जिससे भारत की सुरक्षा चिंताएँ प्रभावित होती हैं। चीन का नौसैनिक विस्तार और सैन्य आधुनिकीकरण इंडो-पैसिफिक में शक्ति संतुलन के लिए सीधी चुनौती है, जहाँ जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत जैसे देश चिंतित हैं। इंडो-पैसिफिक में चीन की बढ़ती नौसैनिक उपस्थिति और ताइवान स्ट्रेट और मलक्का स्ट्रेट के पास लगातार सैन्य अभ्यास ने क्षेत्रीय सुरक्षा के बारे में चिंता बढ़ा दी है। चीन की सैन्य ताकत अक्सर उसके आर्थिक प्रभाव के साथ-साथ चलती है, जिसका उपयोग वह क्षेत्रीय प्रभुत्व को सुरक्षित करने और छोटे देशों की रणनीतिक स्वायत्तता को सीमित करने के लिए करता है। श्रीलंका में चीन की ऋण-जाल कूटनीति, हिंद महासागर में इसकी सैन्य उपस्थिति के साथ मिलकर, इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे आर्थिक निर्भरता सैन्य उत्तोलन में तब्दील हो सकती है। चीन का सैन्य निर्माण उसके पड़ोसियों के लिए एक निवारक के रूप में कार्य करता है, जिससे वे चीनी आक्रामकता का सामना करने में झिझकते हैं, जो क्षेत्रीय सुरक्षा को बाधित कर सकता है। भारत और चीन के बीच 2017 का डोकलाम गतिरोध क्षेत्रीय दावों पर ज़ोर देने के लिए चीन द्वारा सैन्य मुद्रा का उपयोग करने का उदाहरण है, जिससे अपने क्षेत्रीय पड़ोसियों के साथ भारत के सम्बंधों पर असर पड़ा। चीन के सैन्य प्रभुत्व के प्रति भारत की प्रतिक्रिया राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए रणनीतिक गठबंधनों को मज़बूत कर रही है। भारत ने विशेष रूप से भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए रणनीतिक गठबंधन बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड (चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता) में भारत की भागीदारी सैन्य सहयोग को मज़बूत करती है और चीन के मुखर व्यवहार के लिए सामूहिक प्रतिक्रिया सुनिश्चित करती है। भारत को चीनी आक्रामकता को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाना चाहिए, खासकर साइबर युद्ध, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और मिसाइल रक्षा जैसे क्षेत्रों में। रूस से भारत की एस-400 मिसाइल प्रणाली की खरीद और ब्रह्मोस मिसाइल विकास चीन की बढ़ती मिसाइल और वायु शक्ति के खिलाफ इसकी रक्षा को मज़बूत करता है। आर्थिक आत्मनिर्भरता और रणनीतिक साझेदारी भारत को राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने, चीन के आर्थिक उत्तोलन के प्रति अपनी भेद्यता को कम करने में मदद कर सकती है। आत्मनिर्भर भारत पहल भारत को महत्त्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकियों के लिए चीन पर निर्भरता कम करते हुए स्वदेशी रक्षा उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करती है। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती नौसैनिक उपस्थिति का मुकाबला करने के लिए अपनी समुद्री सीमाओं को सुरक्षित करने और नौसैनिक क्षमताओं को बढ़ाने पर भारत का ध्यान महत्वपूर्ण है। भारत ने चीन के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए हिंद महासागर और दक्षिण चीन सागर में नेविगेशन की स्वतंत्रता पर ध्यान केंद्रित करते हुए जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ नौसैनिक सहयोग को मज़बूत किया है। भारत को दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ सम्बंधों को मज़बूत करने के लिए सॉफ्ट पावर का उपयोग करते हुए चीन की विस्तारवादी नीतियों के खिलाफ क्षेत्रीय सहमति बनाने के लिए राजनयिक प्रयासों में भी शामिल होना चाहिए। आसियान मंचों पर भारत की सक्रिय भूमिका और इसकी एक्ट ईस्ट नीति दक्षिण पूर्व एशिया के साथ घनिष्ठ सम्बंधों को बढ़ावा देती है, जिससे क्षेत्र में चीन के आर्थिक और सैन्य प्रभुत्व का मुकाबला होता है। चीन के सैन्य प्रभुत्व के प्रति भारत की प्रतिक्रिया क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देते हुए बहुपक्षीय सहयोग को प्रोत्साहित कर रही है। भारत को क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं को दूर करने और भारत-प्रशांत देशों के बीच बातचीत को प्रोत्साहित करने के लिए बहुपक्षीय ढांचे को बढ़ावा देना चाहिए। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में भारत की भागीदारी चीन के प्रभाव का मुकाबला करने सहित सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा देती है। भारत बाहरी दबावों के खिलाफ अपनी संप्रभुता का दावा करने में छोटे देशों का समर्थन करके क्षेत्रीय स्वायत्तता और आत्मनिर्भरता को मज़बूत कर सकता है। एमजीसी (मेकांग-गंगा सहयोग) जैसी परियोजनाओं के माध्यम से चीनी आर्थिक प्रभाव का विरोध करने में श्रीलंका और नेपाल को भारत का समर्थन स्वायत्तता को बढ़ावा देने का उदाहरण है। भारत को क्षेत्रीय तनाव कम करने के लिए रक्षा ख़र्च और सैन्य गतिविधियों में पारदर्शिता के महत्व पर ज़ोर देना चाहिए। भारत का खुला रक्षा बजट और संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में भागीदारी क्षेत्रीय विश्वास में योगदान करती है और संघर्ष के जोखिम को कम करती है।

समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देकर और समान विकास सुनिश्चित करके, भारत चीन की आर्थिक जबरदस्ती का मुकाबला कर सकता है और अधिक स्थिर क्षेत्रीय सम्बंध बना सकता है। बुनियादी ढांचे में सुधार और आसियान देशों के साथ व्यापार को बढ़ावा देने पर भारत का ध्यान चीनी परियोजनाओं पर उनकी निर्भरता को कम करता है। भारत को क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए राजनयिक चैनलों के माध्यम से शांतिपूर्ण संघर्ष समाधान तंत्र को सक्रिय रूप से बढ़ावा देना चाहिए। भारत-चीन सीमा वार्ता में भारत की भागीदारी और दक्षिण चीन सागर विवादों पर आसियान के नेतृत्व वाली बातचीत का समर्थन क्षेत्रीय शांति के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। जैसे-जैसे वैश्विक शक्ति की गतिशीलता बदलती है, भारत जैसे देशों को क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए राजनयिक और रक्षात्मक उपायों में संलग्न रहना जारी रखना चाहिए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# अगले माह हो सकता है एम ओयू नया पर्यटन सर्किट बनेगा चीता कॉरिडोर

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** यदि सब कुछ ठीक रहा तो राज्य सरकार के स्तर पर नया पर्यटन सर्किट 'चीता कॉरिडोर' के लिए ए एम ओयू हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक मध्य प्रदेश से लेकर राजस्थान तक देश का सबसे बड़ा चीता कॉरिडोर बनाने को लेकर केंद्र सरकार ने तैयारी कर ली है। मध्यप्रदेश और राजस्थान राज्यों के अधिकारियों ने इस संबंध में बैठक कर इस संबंध में कई निर्णय भी लिए गए। चीता छोड़ने से पहले वनविभाग की वैटनरी एवं ट्रेकिंग टीम को प्रशिक्षण देने एवं आमजन और चीतों के बीच संघर्ष को टालने के लिए आमजन को जागरूक करने पर चर्चा हुई। साथ ही नए कॉरिडोर को लेकर राज्य सरकार स्तर पर जल्द एमओयू करने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में नए चीता कॉरिडोर की राह खुलने के साथ ही एक नए पर्यटन कॉरिडोर की उम्मीद भी नजर आ रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में पर्यटकों को राजस्थान में बाघ और चीतों का दीदार हो सकेगा।



**शर्मिला है चीता, नहीं पहुंचाता नुकसान :** बैठक में वन अधिकारियों ने बताया कि चीता कैट प्रजाति का ही जानवर है और शर्मिला होने के साथ ही इंसान को देखते ही भाग जाता है। इसे लेकर डरने की जरूरत नहीं है। वन अधिकारियों के अनुसार अभी तक चीता के हमले को लेकर कहीं भी कोई मामला नहीं आया है। इसलिए ग्रामीणों को जागरूक कर उनकी सुरक्षा तय करने पर चर्चा हुई।

**मूवमेंट के आधार पर प्रशिक्षण को जाएंगे वन अधिकारी :** चीता मूवमेंट के आधार पर वनविभाग की वैटनरी एवं ट्रेकिंग टीम को प्रशिक्षण दिलाने का निर्णय लिया। इस दौरान यह टीम दो हफ्ते के लिए कूनों में प्रशिक्षण लेगी। इस दौरान चीता की गतिविधियों को बारीकी से जानेगी।

**इन बातों पर भी किया गया मंथन :** बैठक में चीता कारिडोर से जुड़ी अन्य चिंताओं पर भी चर्चा हुई। इनमें चीता के संघर्ष क्षेत्र को लेकर मंथन हुआ। साथ ही उसकी सुरक्षा को लेकर कहां खतरा हो सकता है। इसे लेकर किन उपायों को किया जाएगा। इस पर चर्चा हुई। इसके अलावा बैठक में मुख्यमंत्री बजट घोषणा के क्रम में चीता का व्यवहारिक अध्ययन, पर्यटन की संभावना, फ्री रेंज मूवमेंट को लेकर स्टैंडर्ड ऑपरेशन प्रोसिजर बनाए जाने का निर्णय लिया गया।

**किया जाएगा जागरूक :** सूत्रों के मुताबिक चीता छोड़ने के साथ ही वन विभाग की ओर से प्रशासन के साथ मिलकर जागरूकता कार्यक्रम की जाएंगे। ग्रामीण और वन्य जीव में संघर्ष नहीं बढ़े इसे लेकर चीता की गतिविधियों के बारे में बताया जाएगा। चीता लैंडस्केप में आ रहे राजस्थान के संबंध उपवन संरक्षण की ओर से अपने वन मंडल स्तर पर लोगों को चीते के व्यवहार के लिए जागरूक करने की टीम बनाई जाकर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन जीव प्रतिपालक राजस्थान को पालना रिपोर्ट भेजी जाएगी। वहीं चीतों के व्यवहार का व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए जिला कलेक्टर को अध्यक्षता में यथा शीघ्र बैठक कर आम जनथ् जागरूकता उत्पन्न की जाएगी।

## भारी आय के बावजूद कलाधणी की अंधेरे में हुई आरती

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा (बढ़ता राजस्थान)।** मालपुरा क्षेत्र की सुविख्यात धार्मिक नगरी डिग्गी स्थित श्री कल्याण जी महाराज के मन्दिर में अंधेरे में आरती को मजबूर हैं। मामले के अनुसार श्री कल्याण जी महाराज के मन्दिर में प्रतिदिन लाखो की आय होती है। साथ ही मन्दिर की देखरेख व संचालन के लिए श्री कल्याण मन्दिर विकास ट्रस्ट का गठन भी किया हुआ है। ट्रस्ट के माध्यम से श्री कल्याण जी महाराज के मन्दिर का सम्पूर्ण संचालन किया जाता है। लेकिन पिछले दो माह की अवधि से मन्दिर में लगे जनरेटर में डीजल नहीं होने के चलते बिजली गुल हो जाने पर अंधेरे में आरती करने को मजबूर हैं।

## 48 पव्वे देशी हथकढ़ शराब के साथ एक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा वृत की डिग्गी पुलिस ने 48 पव्वे हथकढ़ देशी शराब के पव्वो के साथ एक जने को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के आदेशानुसार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम व वृताधिकारी आशिष प्रजापत के निर्देशन में डिग्गी पुलिस ने अवैध शराब अवैध कारोबार को समाप्त करने के लिए अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान शनिवार को पुलिस ने डिग्गी थाना क्षेत्र के धोली ग्राम से भंवरलाल पुत्र कानाराम मीणा निवासी लावा को गिरफ्तार कर उसके पास से 48 देशी हथगढ़ शराब के बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के विरूद्ध मालपुरा दर्ज किया गया है।

## सड़क हादसे में एक जने की मौत

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा से केकड़ी की ओर जाने सड़क मार्ग पर रामद्वारा के आगे सीताराम जी बगीची के सामने एक सडक दुर्घटना में एक जने की मृत्यु हो गई। मामले के अनुसार बाइक सवार रामअवतार पुत्र छगनलाल खाती निवासी केकड़ी व शिवराज खाती निवासी सावर मालपुरा से केकड़ी की ओर जा रहे थे। सीताराम जी की बगीची के सामने एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें रामअवतार की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वही शिवराज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची 108 एम्बूलेंस वाहन से दोनो को मालपुरा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाया गया। घायल का चिकित्सको ने उपचार शुरू किया। इधर दुर्घटना की सूचना मिलते ही मालपुरा निवासी एवं केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम ने हादसे पर शोक प्रकट करते हुए घायल के इलाज की व्यवस्थाऐं करवाई।

### पीलाडांडा गांव में दो सगे भाइयों की हुई थी हत्या

## न्याय के लिए डेढ़ माह से धरने पर पीड़ित परिवार, खुलेआम घूम रहे आरोपी

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** जिले के बहरावंडा कलां थाने के पीलाडांडा गांव में दो सगे भाइयों की हत्या के मामले में अभी तक कई आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। घटना को लेकर पीड़ित परिवार डेढ़ माह से कलक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठा है। पीड़ित परिवार जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक न्याय नहीं मिला है। प्रकरण में कई आरोपी फरार चल रहे हैं। पुलिस इनकी तलाश कर पकड़ने की बात कह रही है, जबकि आरोपी खुलेआम कलक्ट्रेट परिसर में घूम रहे हैं। पीड़ित परिवार ने सरकार से मामले में न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

**जान से मारने की दे रहे धमकियां**

पीड़ित परिवार का आरोप है कि सात नामजद आरोपी अभी तक खुलेआम घूम रहे हैं और उन्हें जान से मारने की धमकियां दे चुके हैं। इसलिए वे गत 14 अक्टूबर से जिला कलक्ट्रेट के सामने धरना देकर बैठे हैं। मामले में पुलिस प्रशासन की ओर से पीड़ितों को केवल आश्वासन ही दिए जा रहे हैं।

**एसपी कार्यालय के पास ही घूमते दिखे आरोपी**

पीड़ित परिवार ने हत्या के आरोपों का फोटो और वीडियो उपलब्ध करवाते हुए कहा कि आरोपी तीन सगे भाई पुलिस अधीक्षक कार्यालय के आसपास ही घूमते नजर आ रहे हैं। उन्होंने यह वीडियो पुलिस अधीक्षक को व्हाट्सएप पर भेज कर सूचना दी लेकिन अब तक पुलिस ने कोई एकेशन नहीं लिया ऐसा पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## सिंगल फेज ट्रांसफार्मर में चोरी होने से ग्रामीण हुए परेशान

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा (नि.स.)।** कस्बे में मंडावर रोड़ पर बैरवा की ढाणी में मंगलवार की रात अज्ञात चोरो ने सिंगल फेज विद्युत ट्रान्सफार्मर चोरी कर ले गए। सिंगल फेज ट्रान्सफार्मर को नीचे गिरा कर उसमें से ताम्बे की कॉयल, ऑयल चुरा और जरूरी सामान कर ले गए। ग्रामीण सम्पत बोकण ने बताया कि बैरवा की ढाणी में बीपीएल परिवारों के करीब 5 कनेक्शन सिंगल फेज ट्रांसफार्मर से जुड़े हुए थे। रात 11.00 बजे तक हम सभी लोग जाग रहे थे तब तक लाइट आ रही थी। उसके बाद हम सभी लोग सो गए थे। इस दौरान जब सुबह होने पर लोग शौच के लिए निकले तो ट्रांसफार्मर चोरी की घटना का पता चला। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर चोरी का पता लगते ही बिजली विभाग के अधिकारियों को सुबह 6.00 बजे ही फोन कर दिया था। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग के कई कर्मचारियों ने तो फोन ही नहीं उठाया और जिन्होंने फोन उठाया वह 3 दिन बाद भी मौके पर नहीं आए। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है है।

## किशोरी से बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** जिले के थाना पुलिस ने शुक्रवार को किशोरी के साथ बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार किशोरी के पिता ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें बताया कि 24 नवम्बर को करीब सुबह दस बजे दोनों बेटी घर से खेत पर गई थी। बाद में दोनों बहनें अलग अलग खेतों पर कार्य करने लग गई। इस दौरान 14 वर्षीय बेटी व बच्चों के पेट में दर्द के चलते अपराह्न करीब 3 बजे पास के खेत में शौच करने गई थी। उनके साथ छोटी पोती भी साथ थी। जिसे इसी गांव के आरोपी ने रुपए सौंपकर वहां से भगा दिया। इस दौरान बेटी व छोटे बच्चों को पकडकर नीचे की ओर ले गया। इस दौरान किशोरी के विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। किशोरी के विरोध करने पर भी आरोपी नहीं माना। उसने किशोरी के साथ बलात्कार किया।

## दस हजार रूपये का ईनामी बदमाश अशोक जैन को जयपुर से दबोचा, 14 साल से था फरार

बढ़ता राजस्थान।

**गंगापुर सिटी (नि.स.)।** गिरफ्तार आरोपी अशोक जैन चोरी और गम्भीर मारपीट के चार अलग अलग मामलों में न्यायालय से फरार चल रहा था। इस न्यायालय ने जैन को भगौड़ा घोषित कर गिरफ्तारी का स्थायी वारंट जारी किया था। पुलिस के अनुसार सुरेश चन्द पुत्र बलीचन्द महाजन निवासी गंगुपर सिटी ने 22 अप्रैल 2010 को गंगापुरसिटी कोतवाली थाने पर आरोपी के खिलाफ मारपीट कर नकदी चोरी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसके बाद से ही आरोपी न्यायालय से फरार चल रहा था। आरोपी की तलाश में पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने कोतवाली थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह के निर्देशन में पुलिस की विशेष टीम गठित की। इसके बाद आरोपी की तलाश शुरू की गई। 29 नवम्बर को जितेन्द्र सिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना गंगापुरसिटी कोतवाली के नेतृत्व में टीम जयपुर पहुंची। जहां नाम बदल कर रह रहे आरोपी को दबोच लिया।

**दस हजार का इनाम था घोषित :** गंगापुर सिटी में वांछित / ईनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। फरार अपराधी अशोक जैन की गिरफ्तारी के लिए जिला स्तर पर दस हजार रूपये का ईनाम घोषित था।

**यू पकड़ में आया जैन :** थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह की टीम को अशोक जैन के बारे मे पुख्ता सूचना मिली थी कि वह जयपुर में मकान लेकर लम्बे समय से फरारी काट रहा है। इस सूचना पर कांस्टेबल ऋषिकेश को टीम के साथ जयपुर भेजा गया। उक्त टीम ने फरार बदमाश अशोक की कई दिन तक जयपुर स्थित एक निश्चित स्थान पर प्रत्येक गली में घूम कर मकान का पता कर अपराधी की निगरानी कर जानकारी एकत्रित की।

अपराधी लम्ब समय से फरार होने के कारण शारीरिक रूप से ज्यादा परिवर्तन हो गया था जिसे टीम द्वारा अपने पूर्व अनुभव के आधार पर पहचान की। पुलिस की टीम जब घर पर पहुंची तो अशोक जाग रहा था। भनक लगते ही दीवार फांद कर भागने की कोशिश की। मुस्तैद पुलिस की टीम ने सुनियोजित तरीके से दबोच लिया।

## बिना दहेज के शादी रचा समाज को दिया अच्छा संदेश



कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा (बढ़ता राजस्थान)।** अखिल भारतीय बैरवा महासभा मालपुरा टोडारायसिंह के अध्यक्ष ने अपनी बेटी की शादी वर वधु के आग्रह पर बिना दहेज के कर सम्पूर्ण समाज को अच्छा संदेश दिया है। अखिल भारतीय बैरवा महासभा मालपुरा टोडारायसिंह के अध्यक्ष रामस्वरूप बुहाड़िया - सूरजपुरा ने अपनी बेटी रिंकी का रिश्ता त्रिलोक पुत्र मदनलाल बैरवा तकनीकी सहायक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उनियारा निवासी चौरूपुरा - लावा के साथ पक्का किया। रिश्ता पक्का दोनो पक्षो की रजामंदी से 26 नवम्बर को शादी तय की। तय कार्यक्रम के अनुसार त्रिलोक अपनी बारात लेकर वधु रिंकी के घर पहुंचे। जहां वर वधु की सहमति से बिना दहेज के शादी करने का फैसला किया। समाज अध्यक्ष रामस्वरूप बुहाड़िया ने बताया कि बिना दहेज के शादी का फैसला उन्होंने वर वधु व दोनो पक्षो की सहमति के बाद हुआ। उन्होंने सम्पूर्ण बैरवा समाज को प्रेरित करते हुए बताया कि दहेज एक ऐसी सामाजिक कुरूति है जो समाज में जरूरतमंद समाजबंधुओं के लिए अभिषाप होने के साथ साथ नारी व गरीब का शोषण करती है। साथ ही यह कुरूति भ्रूण हत्या को बढ़ावा देती है।

उन्होंरे समाज को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियो को देखते हुए समाज के सभी लोगो को इस पर विचार करना चाहिए। और समाज के सभी लोगो को थ्सा लेकर चलने के लिए दहेंज सहित अन्य कुप्रथाऐं समाप्त करने के लिए सभी को मिलकर पहल करनी चाहिए। समाज अध्यक्ष बुहाड़िया ने इसके लिए वर के पिता मदनलाल सहित उनके सम्पूर्ण परिवार का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया है।

## बनेगा फुट ओवरब्रिज, रेल यात्रियों को मिलेगी सुविधा

### आरपीएफ के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया से रेलवे अस्पताल तक होगा निर्माण

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** केन्द्र सरकार की ओर से देश भर में अमृत भारत स्टेशन विकास योजना अंतर्गत सवाई माधोपुर रेल्वे स्टेशन पर अब जल्द ही यात्रियों को नए फुट ओवरब्रिज की सुविधा मिलेगी। इसके लिए रेलवे की ओर से काम भी शुरू करा दिया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार फुट ओवरब्रिज का काम करीब छह से आठ माह में पूरा हो जाएगा। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि फुट ओवर ब्रिज का निर्माण अमृत भारत स्टेशन विकास योजना के तहत कराया जा रहा है।

**30 मीटर लम्बे एफओबी का होगा निर्माण :** रेलवे अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत आरपीएफ थाने के बाहर रेलवे के सर्कुलेटिंग एरिया से प्लेटफार्म चार की ओर रेलवे अस्पताल तक करीब 30 मीटर लम्बे एफओबी का निर्माण कराया जाएगा। यह कार्य अमृत भारत स्टेशन विकास योजना का ही हिस्सा है। अमृत भारत स्टेशन के तहत स्थानीय रेलवे स्टेशन पर कुल करीब 45 करोड़ की लागत से विभिन्न प्रकार के विकास कार्य कराए जा रहे हैं।



**लम्बे समय से की जा रही थी मांग :** उल्लेखनीय है कि सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए आरपीएफ के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया से रेलवे अस्पताल तक एक नए एफओबी के निर्माण की मांग लम्बे समय से की जा रही थी। इस संबंध में पूर्व में कई बार स्थानीय लोगों और रेलवे की यूनियन के पदाधिकारियों की ओर से डीआरएम व अन्य बड़े अधिकारियों के सवाईमाधोपुर दौरे के दौरान ज्ञापन भी सौंपे गए थे। अब फुट ओवरब्रिज के निर्माण होने से रेलवे कॉलोनी और प्लेटफार्म चार की ओर से आने वाले यात्रियों को अधिक सुविधा मिल सकेगी!

**45 करोड़ रुपए का बजट जारी :** अमृत भारत स्टेशन विकास योजना के तहत स्थानीय स्टेशन पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। योजना के तहत कुल 45 करोड़ का बजट जारी किया गया है। इसी के तहत 30 मीटर लम्बे एफओबी का निर्माण कराया जाएगा!

**लोकेंद्र मीणा, स्टेशन प्रबंधक सवाई माधोपुर**

## शिक्षा मौलिक अधिकार हर बच्चे को देने की हमारी जिम्मेदारी : शुभम

### जिला कलक्टर ने मुई में रात्रि चौपाल कर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

राकेश शर्मा



**सवाई माधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** आमजन की समस्याओं का निस्तारण उनके घर के नजदीक जाकर करने के लिए शुक्रवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा की ग्राम पंचायत मुई के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ।

जिला कलक्टर ने कहा कि शिक्षा मौलिक अधिकार है हर बच्चे को शिक्षा देने की हमारी जिम्मेदारी है। शिक्षा वो माध्यम से जिससे गरीब आदमी अपना और अपने आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुनहरा बना सकता है।

उन्होंने कहा कि गांवों में साफ-सफाई रखना प्रत्येक ग्रामीण की जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की है कि वे पानी व्यर्थ न बहाए आवश्यकता नहीं होने पर नल की टूटी बंद कर दें और गांव में किसी प्रकार की गंदगी न फैलायें। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि मनरेगा योजना में काम करने के इच्छुक जॉबकार्डधारी ग्रामीणों को तत्काल प्रभाव से काम दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुई में ग्रामीणों द्वारा भवन निर्माण हेतु भेंट की गई राशि मुख्यमंत्री जनसहभागिता राशि मिलाने के बाद अब करीब साढ़े 32 लाख हो चुकी है, जिससे शीघ्र उस राशि से विद्यालय में निर्माण कार्य कराएं जाएंगे।रात्रि चौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने, अतिक्रमण हटवाने, विद्युत के तार सहीं करवाने, स्कूल भवन का पट्टा बनवाने सहित 35 प्रकरण प्राप्त हुए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा, एसडीएम सवाई माधोपुर अनूप सिंह, तहसीलदार विनोद शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक दिनेश गुप्ता, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरि सिंह मीणा, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार रामराज मीणा, अतिरिक्त सीएमएचओं डॉ. कैलाश सोनी, सहायक अभियंता सीमा शर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पांच दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में चल रही अनुसूचित जाति उपयोजना के अन्तर्गत शनिवार को पांच दिवसीय दिवसीय प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित हुआ। संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ.अमरसिंह मीणा ने बताया कि प्रशिक्षण में भाग लेने वाले किसानो को भेड़ बकरियो में प्रजनन, स्वास्थ्य, पशु पोषण, अधिक उत्पादन हेतु कृत्रिम गर्भाधान, ऊन व ऊन के उत्पादो की नवीन तकनीकीयो के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। समापन समारोह की अध्यक्षता प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एस.केक.सांख्यान करते हुए अपने सम्बोधन में किसानो को भेड़ बकरी पालन में आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर अधिक आय प्राप्त करने का आव्हान किया। प्रशिक्षण में 23 महिला किसानो ने भाग लिया। समापन समारोह में प्रशिक्षण कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एल.आर.गुर्जर तकनीकी स्थानान्तरण सामाजिक विज्ञान विभाग प्रभारी एवं डॉ. रंगलाल मीणा वैज्ञानिक मौजुद रहे। समारोह केदौरान प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी किसानो को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## सोशल मीडिया पर हथियार संग डाला फोटो गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर सिटी (नि.स.)।** हथियार के साथ सोशल मीडिया पर फोटो डालकर धाक जमाना एक युवक को भारी पड़ गया। टोडाभीम थाना पुलिस ने आरोपी को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर लिया। साथ ही एक बारह बोर देसी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस जब्त किया है। आरोपी अंकित कुमार बैरवा पुत्र महेश चन्द बैरवा निवासी बेरोज को खोहर्रा रोड पदमपुरा से गिरफ्तार किया है।

ऐतिहासिक मनाया गया जननेता जूली का जन्मदिन

# नेता प्रतिपक्ष जूली का जन्मदिन रक्तदान सहित धार्मिक एवं सामाजिक जैसे आयोजन से बना प्रेरणा स्त्रोत : भंवर जितेन्द्र सिंह





## विशाल रक्तदान शिविर में 1563 यूनिट रक्तदान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली का जन्मदिन विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के माध्यम से हमेषा यादगार रहेगा। उन्होंने कहा कि रक्तदान जैसे आयोजन हमारी सतत पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगे। सिंह बोले समाज और देष हित में रक्तदान जैसे आयोजन न केवल किसी का जीवन बचाने में अनोखी मिषाल बनेगे बल्कि ऐसे आयोजन हमें एक.दूसरे की मदद के लिए एक पथ प्रदर्षक का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने जूली के जन्मदिन पर रक्तदान कर प्रेरणा का काम किया है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि रक्तदान से बडा जीवन में कोई बडा दान हो ही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी को जीवनदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जूली आज अपने 44वें जन्मदिवस के अवसर पर जयकृष्ण क्लब में टीकाराम जूली फैंस क्लब द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में उपस्थित रक्तवीरों एवं समर्थकों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से ना केवल जरूरतमंद के जीवन को सुरक्षित किया जा सकता है बल्कि रक्तदान करने से रक्तवीर का स्वास्थ्य भी उत्तम रहता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में समाज में रक्तदान के प्रति तेजी से जागरूकता आई है। खासकर युवा वर्ग अब विभिन्न आयोजनों के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित कर समाज को एक नई प्रेरणा दे रहे है। उन्होंने कहा कि मेरे जन्मदिन पर यह रक्तदान आयोजित कर आप सभी ने मुझे जो प्यार और स्नेह दिया है सदैव उसका ॠणी रहूंगा। जूली के जन्मदिन पर देर रात से ही उनके निवास, अलवर और जयपुर कार्यालय एवं कार्यक्रम स्थल पर बडी संख्या में उनके समर्थक, कार्यकर्ता, अधिकारी, कर्मचारी, सर्वसमाज के प्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देने पहुंचे। जूली के जन्मदिन पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 1563 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर जूली ने अपने परिजनों के साथ समर्थकों द्वारा भेंट की गई चांदी की तलवार से केक काटा।अलसुबह से देर शाम तक कई कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा, पूर्व मंत्री शकुन्तला रावत, योगेश मिश्रा,संयम लोढा, धर्मेन्द्र राठौड, विधायक रफीक खान, अमीन कागजी, इन्द्रा मीना, मनोज मेघवाल, भीमराज भाटी, ललित यादव, कांति मीना,पीतराम काला, दीपचंद खैरियाए, मांगेलाल मीना, रामस्वरूप कसाना,अजय अग्रवाल, सुनीता घटाला, सुरेश मोदी, रमेश खण्डेलवाल,अजीत यादव,रोहिताश चौधरी, जोहरी लाल मीणा,विनोद जाखड़,जाकिर खान,खानू खान,गणेश घोघरा,संदीप यादव,बलजीत यादव, संजय यादव, आर्यन जुबेर खान, इमरान खान, संजीव बारेठ, विनोद कुमारी सागवान, हिम्मत सिंह चौधरी, संजय गर्गए जफरू खान, नरेन्द्र सावित्री मीना, लीली यादव,मुकेश सारवान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री और नेता प्रतिपक्ष का मनाया जन्मदिन, दीर्घायु होने की कामना की



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र में स्थित गौशाला में पूर्व मंत्री व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का जन्मदिन मनाया गया।जूली का जन्मदिन पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत के निर्देशानुसार मंडल अध्यक्ष मुकेश सैनी के नेतृत्व में गिरधर गौशाला में गायों को चारा गुड़ खिलाकर मनाया गया।उपस्थित कार्यकर्त्ताओं ने जूली के स्वस्थ रहने और दीर्घायु होने की कामना की।

## चिकित्सालयों का औचक निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** भुसावर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा द्वारा उपखंड क्षेत्र की उपखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ पथैना एवं छौकरवाड़ा सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अलीपुर का निरीक्षण किया और औचक निरीक्षण में चिकित्सकों एवं कार्मिकों की उपस्थित सहित निशुल्क दवा वितरण केंद्र रोगी पर्ची केंद्र , सहित संपूर्ण चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए साफ सफाई व अन्य खामियों के बारे में प्रभारी को अवगत कराते हुए दुरूस्त करने की निर्देश दिए।

**गौशाला का किया निरीक्षण :** उपखंड क्षेत्र के अलीपुर एवं अलवर जिले की सरहद पर स्थापित गौशाला का निरीक्षण करते हुए गौशाला की साफ सफाई एवं गायों के लिए पर्याप्त मात्रा में चारे एवं सर्दी के मौसम में बचाव के आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मित्तल हॉस्पिटल के 26 वें स्थापना दिवस पर नि:शुल्क मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा शिविर में 288 लाभान्वित

## 10 मरीज नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन हेतु चयन, 100 से अधिक लोगो की नि:शुल्क नयूरोपैथी टेस्ट, 240 से अधिक नि:शुल्क शुगर टेस्ट, 132 लोगो के फेफड़ो की नि:शुल्क जाँच स्पीरोमीटर द्वारा

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन एवं मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं सीनियर फिजिशियन डॉ.एससी मित्तल ने बताया कि मित्तल हॉस्पिटल के 26 वें स्थापना दिवस के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं मित्तल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार 30 नवम्बर 2024 को प्रात: 9 बजे से दोपहर 01 बजे तक एक विशाल नि:शुल्क मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा शिविर का आयोजन मित्तल हॉस्पिटल अलवर में किया गया । शिविर का प्रारम्भ मुख्य अतिथि डॉ.योगेन्द्र शर्मा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विशिष्ट अतिथि डॉ. महेश बैरवा उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने फीता काटकर एवं गणेश जी की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर दीप प्रज्वलित करके किया । शिविर की मुख्य उपलब्धियों में कुल 288 लोग लाभान्वित रहे सभी को नि:शुल्क दवा वितरित की गयी। शिविर में 10 मरीज नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन हेतु चयन, 100 से अधिक लोगो की नि:शुल्क नयूरोपैथी टेस्ट, 240 से अधिक नि:शुल्क शुगर टेस्ट,132 लोगो के फेफड़ो की नि:शुल्क जाँच स्पीरोमीटर द्वारा की गयी। शिविर संयोजक एवं मित्तल हॉस्पिटल के प्रशासक गिरीश गुप्ता ने बताया कि मुख्य अतिथि डॉ.योगेन्द्र शर्मा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गरीबए असहाय, जरूरतमंद लोगो की सेवा ही परमार्थ कार्य है जिसमे मित्तल हॉस्पिटल अग्रीम रहा है ईश्वरीय शक्ति की बदौलत ही मित्तल हॉस्पिटल ने बड़े बडे मुकाम हांसिल किये है विशिष्ट अतिथि डॉ.महेश बैरवा उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों के माध्यम से एक सच्ची मानव सेवा मित्तल हॉस्पिटल कर रहा है अन्य चिकित्सालय भी इस तरह के शिविर खास तौर पर सर्दियों के दिनों में करे तो जरूरतमंद लोगो के लिए बेहतर होगा। डॉ.एससी मित्तल ने शिविर में नि:शुल्क सेवा देने वाले सभी चिकित्सको एस्टाफ तथा सभी फार्मास्यूटिकल कम्पनियों के प्रतिनिधियों को धन्यवाद देते हुए आगे भी इसी तरह के सहयोग के लिए कहा तथा ज्यादा से ज्यादा नि:शुल्क नेत्र रोगियों के मोतियाबिन्द ऑपरेशन कर सके उसके लिए अधिक नेत्र शिविर लगाने की बात कही। शिविर में मरीजो को नि:शुल्क परामर्श, नि:शुल्क आवश्यक उपलब्ध दवाये, नि:शुल्क न्यूरोपैथी टेस्ट,बोनेमेरो डेन्सिटी टेस्ट, शुगर,बीपी टेस्ट एवं अन्य सभी जांचो पर 20 प्रतिशत रियायती दरो पर उपलब्ध करवाई गयी। शिविर में 10 चयनित मरीजो के नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन एक दो दिन में करवाए जायेंगे जिसमे मरीज के रहने ,खाने-पीने, दवा, ऑपरेशन, लैन्स, चश्माए घर के लिए दवा सभी पूर्णत: नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जायेगी !

शिविर में डॉ.एससी मित्तल फिजिशियन, डॉ.हमांशु अरोड़ा ह्रदय रोग विशेषज्ञ , डॉ. चन्द्रशेखर शर्मा गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक खण्डेलवाल हड्डी रोग विशेषज्ञ , डॉ.सुधीर गुप्ता सर्जन, डॉ. महेश जैन वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ ,डॉ.माधवी कुन्द्नानी ईएनटी विशेषज्ञ,डॉ.कुमुद गुप्ता;स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. दीपक गर्ग दन्त रोग विशेषज्ञ, डॉ. राहुल भार्गव दन्त रोग विशेषज्ञ, डॉ.चेतन शर्मा फिजियोथेरेपिस्ट, डायटीशियन गरिमा खट्टर आहार विशेषज्ञ, ने अपनी नि:शुल्क सेवाये प्रदान करी।

## सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय) ।** कस्बे के स्वतंत्रता सेनानी पाण्डेय् केसरी सिंह राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कार्यरत सीनियर नर्सिंग ऑफीसर गोपाल प्रसाद गर्ग अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर 34 बर्ष आमजन की सेवा कर 30 नबम्बर शनिवार को सेवा निवृत्त हुए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ दीपक शर्मा सहित समस्त चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, व अन्य कार्मिकों ने भावभीनी विदाई दी! परिजनों द्वारा वाद्ययंत्रों के साथ कस्बे के मुख्य बाजार व रास्तों से गुजरते हुए घर पहुंचे, सम्पूर्ण रास्ते में गर्ग का लोगों ने पुष्प वर्षा कर फूलाओ के साथ साफा बधवाकर स्वागत किया।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा-2024 के जिला स्तरीय द्वितीय चरण का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** गायत्री परिवार अलवर की युवा शाखा दिव्य भारत युवा संघ(दिया) के द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024 के जिला स्तरीय द्वितीय चरण का शनिवार सुबह 10 बजे गायत्री शक्तिपीठ चीफ ट्रस्टी डॉ. सरोज गुप्ता सहायक चीफट्रस्टी श्रीमती ममता गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया गया।

इस परीक्षा में राजगढ़ सहित 5 अन्य महाविद्यालय ने भाग लिया।परीक्षा को दो राउंड में विभाजित कर परीक्षार्थियों की प्रतिभा का आकलन किया गया प्रथम राउंड में लिखित एवं मौखिक परीक्षा के बाद अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले दो विद्यार्थियों को द्वितीय राउंड के लिए चुना गया द्वितीय राउंड में चार परीक्षाओं का स्तर बनाया गया। जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्न, मौखिक,स्मृति परीक्षण, एवं आशु भाषण रखा गया जिसने विद्यार्थियों को भिन्न.भिन्न विषयों पर आधारित विषय देकर बोलने का अवसर दिया। जिसका निरीक्षण परीक्षा आयोजित करने वाले मंडल के द्वारा निर्धारित जजों के द्वारा आकलन किया गया तत्पश्चात विद्यालयों में से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले दो विद्यार्थी का चयन तृतीय चरण जो कि उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में संपन्न होगा के लिए किया गया। परीक्षा में राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय,राजकीय महिला आईटीआई,लॉर्ड्स इंटरनेशनल टीटी कॉलेज, जैन टीटी कॉलेज, बाल भारती बीएड कॉलेज तथा राव बीएड कॉलेज राजगढ़ ने भाग लिया। परीक्षा में जैन टीटी कॉलेज ने प्रथम स्थान तथा बाल भारती टीटी कॉलेज ने द्वितीय स्थान तथा लॉर्ड्स इंटरनेशनल टीटी कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# भाजपा वाणी से नहीं कर्म से संविधान को खत्म करना चहाती हैं, किसानों ने पानी के लिये संघर्ष का लिया फैसला

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भाजपा वाणी से संविधान की रक्षा और कर्म से संविधान को खत्म करना चहाती है । भाजपा ही संसद को नहीं चलने दे रही क्योंकि विरोधी पार्टीयों के सांसदों का काम है देश हित और लोकहित के मुद्दों को संसद में उठाना क्या जब भाजपा और जनसंघ कमजोर था तब तो क्या संसद में मुद्दे नहीं उठाते थे । यह कहना है समाजवादी विचारक और भरतपुर के पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन का। पूर्व सांसद पंडित रामकिसन वेयर उपखंड क्षेत्र के रामसपुर गांव में 30 नवंबर 2024 शनिवार को पानी और रोजगार के मुद्दे को लेकर हुई सभा में बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि राजनीति लोक लाज से चलती है लेकिन लगातार राजनीति में गिरावट आती जा रही है और इस गिरावट को बढ़ाबा दे रही है भाजपा । उन्होंने कहा भाजपा ने अब तक सबसे ज्यादा भ्रष्ट्राचारियों को अपनी पार्टी में शामिल किया है , जो कल तक भ्रष्ट्र थे और जाँच में थे वो भाजपा में आते ही पवित्र हो जाते है । उन्होंने कहा कि सरकारी कम्पनी की खरीद में भष्ट्राचार की बात सामने आ रही है और प्रधानमंत्री गैरजिम्मेदाराना और लज्जा जनक वयान दे रहे है , केन्द्र सरकार देश का पैसा लेकर भागे भगोड़े अरबपतियों को ही नहीं अन्य तमाम भाजपा में शामिल होने बाले राजनेताओं को भी लगातार बचा रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं हैं कि कांग्रेस और अन्य राजनैतिक दलों में भ्रष्ट्राचार नहीं है भ्रष्ट्राचार वहाँ भी है लेकिन भाजपा तो चाल चलन और चरित्र में दूसरों से अलग की बात करती थी उसके प्रचंड बहुमत के बाद भ्रष्ट्राचारियों को शामिल करना मतदाताओं के साथ धोखा है । केन्द्र सरकार संसद में भ्रष्ट्राचार , जातिगत जनगणना , मंहगाई , बेरोजगार किसानों के मुद्दो पर चर्चा ही करना नहीं चहाती।




उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार आपनी मोनोपोलसी के तहत पूंजीवाद को बढ़ाबा दे रही है, सरकार पूंजी निवेश और सरकारी कम्पनियों और उपक्रमों को देने में प्रतियोगता खत्म कर रही है जिसकी मार उपभोक्ताओं पर ही पड़ेगी । उन्होंने कहा कि दलित और पिछड़ो, महिलाओं को उनके वाजिब अधिकार की माँगों को कमजोर करने और देश के असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिये ही हिन्दुओं के बीच उल्टी सीधी धर्म की बातें की जा रही है, नफरत पैदा की जा रही है और कुछ लोग हिन्दुत्व को कलंकित कर रहे है ऐसे लोग जातिगत जनगणना में भी रोड़ा लगा रहे है।

**जिले को एनसीआर का लाभ मिले या हो बाहर :** बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पार्षद सदस्य इन्दल सिंह ने कहा कि या तो भरतपुर जिले को एनसीआर का सम्पूर्ण लाभ मिले अन्यथा भरतपुर क्षेत्र को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से सरकारों को बाहर कर देना चाहिये क्योंकि फायदा नहीं जनता को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। सिंह ने कहा कि जिले में बढ़ती बेरोजगारी के लिये प्रदूषण रहित उद्योग लगने चाहिये । बाणगंगा नदी के समीपवर्ती सम्पूर्ण क्षेत्र की जनता सिंचाई और पीने के पानी को लेकर परेशान है , कई दसक से बाणगंगा नदी में पानी नहीं आया । महुआ वैर , भुसावर नदवई क्षेत्र में किसानों के गहरे ट्यूबबैल भी पानी सूख चुके है , खेती पानी बगैर बर्बाद होती जा रही है जबकि किसान ट्यूबबैल खुदबाते खुदबाते कर्जदार हो चुका है ।किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि हम लोग वर्ष 2007 से पानी के मुद्दों को लेकर आन्दोलनरत है सरकार को पानी की समस्या का समाधान करना चाहिये ।

**बाणगंगा नदी को गंभीर नदी से जोड़ने का लिया संकल्प :** सभा में सभी किसानों ने एकमत होकर बाणगंगा नदी को गम्भीर से जोड़ने तथा पाँचना बाँध के पानी का बँटबारा करने और इआरसीपी के समझौते को शीघ्र सार्वजनिक करने तथा इआरसीपी और पीकेसी के तहत शीघ्र कार्य प्रारम्भ कर भरतपुर और डीग जिले को प्रथम चरण में ही पानी मुहैया करना चाहिये क्योंकि इन दोनों जिलो में पानी का ज्यादा संकट है। किसानों ने रुपारेल नदी में भी पानी लाने की माँग की । किसानों ने वैर - भुसावर में फलों की खेती को और बढ़ाबा देने के लिये शीघ्र ही फूड प्रोसेसिंग सेंटर को खोलने की माँग की । किसानों नें सीता बाँध को भी बन्द बारैठा की तर्ज पर बनाने तथा सीता बाँध को पाँचना बाँध से बारैठा पाइप लाइन बाली स्कीम में जोड़ने की माँग रखी ताकी वैर - भुसावर क्षेत्र को पेयजल उपलब्ध हो सके । किसानों ने कहा कि वगैर पानी के खेती की लागत बहुत ज्यादा बढ़ गई है , खाद , बीज % कीटनाशक दवाईयां % डीजल , टैक्ट्रर आदी बहुत ज्यादा मंहगे होने की बजह से खेती में लागत भी नहीं मिलती । सरकार लाभकारी मूल्य की बात तो दूर रही समर्थन मूल्य भी नहीं दे रही जबकि बीमा कम्पनियां भी शोषण कर रही है जिसकी बजह से किसान परेशान है बेरोजगारी के कारण नौजवान ज्यादा दु:खी है । किसानों ने फैसला किया कि पानी के लिये चल रहे संघर्ष में उनकी जब भी जरूरत होगी उसमें क्षेत्र के सभी किसान एकजुट होकर संघर्ष करेंगे । गाँव में किसानों ने पानी आन्दोलन के अगुआ शताब्दी पुरुष पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन और इन्दल सिंह जाट का स्वागत किया । सभा को सरपंच सरोज मुरारी ,गिरार्ज सिंह जाट , सतवीर सिंह , मुरारी सिंह , गोपाल , मंगतू जाटब , भगवान सिंह जाटब, लज्जा देवी , कैदारी देवी , गंगा देवी ने भी अपने विचार प्रकट किये । जबकि अध्यक्षता दिगम्बर सिंह फौजदार ने की तथा संचालन गिरधर सिंह ने किया ।

# लोकसभा अध्यक्ष बिरला एवं ऊर्जा मंत्री नागर के प्रयासों से सांगोद को मिली बड़ी सौगात

## 70 करोड़ रूपये की लागत से कालीसिंध नदी पर बनेगा नया पुल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने विधानसभा चुनाव में क्षेत्र की जनता से मण्डाप-कुन्दनपुर एवं देवली क्षेत्र को जोड़ने के लिये कालीसिंध नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण करने का वादा किया था। नागर ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलकर केन्द्रीय सड़क निधि योजना के अन्तर्गत पुलिया निर्माण कराने का प्रस्ताव रखा। लोकसभा अध्यक्ष ने जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए सांगोद क्षेत्र में कालीसिंध नदी पर उच्च स्तरीय पुल को लेकर तत्परता दिखाई, जिसके परिणाम स्वरूप ऊर्जा मंत्री एवं लोकसभा अध्यक्ष की ओर से बड़ी सौगात मिली है।

**ग्राम पंचायत कुन्दनपुर-श्यामपुरा-मण्डाप-कुराड़ियाखुर्द सहित सांगोद क्षेत्र के दर्जनों गांव सीधा कोटा से जुड़ेंगे :** ऊर्जा मंत्री के विशेषाधिकारी राजेन्द्र नागर ने बताया कि पूर्व में कुन्दनपुर-श्यामपुरा-मण्डाप ग्राम पंचायत के लोगों को कोटा आने के लिये काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। क्षेत्र के लोगों को राजगढ़ होकर या फिर घानाहेड़ा होकर कोटा आना पड़ता था। कालीसिंध नदी पर स्वीकृत उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण से कुन्दनपुर-श्यामपुरा-मण्डाप-सांगोद-कुराड़ियाखुर्द पंचायत के दर्जनों गांवों को इसका लाभ मिलेगा एवं सांगोद से कोटा आने के लिये एक नया मार्ग प्रशस्त होगा।

**कार्यकर्ताओं ने लोकसभा अध्यक्ष एवं ऊर्जा मंत्री का जताया आभार :** ऊर्जा मंत्री के विशेषाधिकारी राजेन्द्र नागर ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के प्रयासों से सांगोद क्षेत्र में दी गयी बड़ी सौगात को लेकर मण्डाप ग्राम पंचायत के सरपंच एवं कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए आभार व्यक्त किया। वहीं जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, सांगोद प्रधान जयवीर सिंह, उप प्रधान ओम नागर अड़ूसा, मण्डाप सरपंच रामप्रसाद गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य बृजशाला शर्मा, ओबीसी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष योगेन्द्र नागर, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मुरारी मेहता, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष चेतन मेहता, भाजपा नेता रमाकान्त शर्मा, मण्डल महामंत्री प्रेम गौतम देगन्या, विनोद नागर लालाहेड़ा, पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा मण्डाप, महावीर नागर चनावता सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई देकर मिठा मुंह कराया एवं लोकसभा अध्यक्ष व ऊर्जा मंत्री का आभार व्यक्त किया।

### मण्डाप पंचायत के आमली एवं देवली पंचायत के खेडली कन्दाफल गांव को आपस में जोड़ेगी पुलिया

ऊर्जा मंत्री के विशेषाधिकारी राजेन्द्र नागर ने बताया कि कालीसिंध नदी पर केन्द्रीय सड़क निधि योजनान्तर्गत लोकसभा अध्यक्ष एवं ऊर्जा मंत्री के प्रयासों से स्वीकृत की गयी पुलिया मण्डाप ग्राम पंचायत के आमली गांव एवं देवली ग्राम पंचायत के खेडली कन्दाफल गांव को आपस में जोड़ेगी। 600 मीटर पर पुलिया का निर्माण होगा, जिसमें 25-25 मीटर पर 25 स्पान लगेंगे। वहीं दोनों तरफ सड़क को जोड़ने के लिये 2 किलोमीटर एप्रोस सड़क का निर्माण किया जायेगा।



# बूंदी में महिला को डायन बताकर गर्म सलाखों से दागने के मामले में पुलिस ने चार महिलाओं सहित कुल 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

## अंधविश्वास की भेंट चढ़ी महिला , इलाज के लिए गई थी तांत्रिक के पास



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** बूंदी में अंधविश्वास के चलते एक महिला तांत्रिक की भेंट चढ़ी है । महिला के परिवार जनों और महिला द्वारा हिंडोली थाने में मामला दर्ज करवाया गया । पूरे मामले को लेकर ,बूंदी जिला पुलिस प्रशासन गंभीर नजर आया। सुबह से ही पुलिस अधीक्षक राजेंद्र मीणा ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा ,सहित तीन थानों की पुलिस और दो ष्ठड्ढस्क्क इस मामले की गुथी सुलझाने में लगे हुए थे। आपको बता दे की हिंडोली थाने में अंधविश्वास का खेल इतना भयानक खेला गया, कि एक महिला जिसको पेट दर्द की शिकायत थी ,उसका बेटा और परिवारजन उसे मंदिर में तांत्रिक भोपा के पास लेकर पहुंचे थे। महिला को डायन बताया गया और उसको गर्म सलाखों से जगह-जगह जला दिया गया । इसके बाद भी जब उसका पेट दर्द ठीक नहीं हुआ, तो तांत्रिक भोंपे द्वारा महिला के सिर के बाल काट दिऐ, और गांव में घूमवाया, इसके बाद भी महिला से मुंह में जुता उठावा,कर मंदिर की परिक्रमा भी कार्रवाई, जब महिला की स्थिति गंभीर हुई तो परिवारजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे और हिंडोली थाना पुलिस को मामले से अवगत करवाया। जहां पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए मामले को गंभीरता से लिया और कुल चार महिलाओं सहित दो पुरुषों को इस अंधविश्वास आडंबरी के बड़े खेल के मामले में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आज के आधुनिक युग में इस तरह का अंधविश्वास किस प्रकार घातक होता है, इसकी बानकी राजस्थान के बूंदी जिले के हिंडोली में देखने में मिली, जहां पर महिला को पेट दर्द के इलाज के लिए ,अस्पताल जाना चाहिए था, लेकिन वह तांत्रिक भोपे के चक्कर में आ गई और अब उसका इलाज जयपुर में चल रहा है। पुलिस अधीक्षक राजेंद्र मीणा ने बताया कि शुक्रवार को हिंडोली थाने में महिला द्वारा मुकदमा दर्ज करवाया गया था । इस पूरे प्रकरण में चार महिलाओं सहित दो पुरुषों को गिरफ्तार किया है, 6 आरोपी इस मामले में दोषी पाए गए हैं, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है । पेट दर्द की शिकायत होने के चलते महिला का बेटा और परिवारजन उसे तांत्रिक भोपे के पास लेकर गए थे, जहां उसे गर्म चिमटे और सलाखों से जला दिया गया । गंभीर अवस्था होने के चलते उसे देवली से जयपुर रैफर किया गया है ।

# मनिहारी दुकानों पर अधिक रैट पर धड़ल्ले से मिल रही कड़क नोटो की गड्डिया

## कड़क नोट हुए मंहगें, बैंकों से गायब हुई 10,20,और 50 रूपए के नोटों की गड्डियां

बढ़ता राजस्थान

**अंता (शफीक मंसूरी)।** शादी ब्याह के सीजन के चलते बैंकों में छोटे नोटों की गड्डियां नही मिल पा रही है। बारां शहर के बाजारों में भी 10, 20 और 50 रूपए की गड्डियां मनमाने दामों पर बेची जा रही है। 10 रूपए के नोट की गड्डी 1000 रूपए की जगह 1600 रूपए में बेची जा रही हैं, वही 20 रूपए के नोट की गड्डी 1400 रूपए तथा 50 रूपए के नोट की गड्डी 1300-1400 रूपए में बेची जा रही हैं। जानकारी लेने पर दुकानदार महासंघ के जिलाध्यक्ष ललितमोहन खण्डेलवाल ने बताया कि शादी विवाह के मौसम में नेग देने व जश्न के माहौल में निकासी, बारात आदि स्थानों पर नोट लुटाने की वजह से लोग छोटे कड़क नोटों को प्राथमिकता देते हैं। इसलिए शादी समारोहों में 10, 20 और 50 रूपए के नोटों की अच्छी खासी मांग बनी रहती है। इन छोटे नोटों की गड्डियां सहजता से नही मिलने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ललितमोहन खण्डेलवाल ने मांग की है कि शादी विवाह के आयोजकों को शादी का निमन्त्रण कार्ड देखकर बैंक द्वारा उन्हें पर्याप्त मात्रा में 10, 20 एवं 50 रूपए के नोटों की गड्डियां उपलब्ध करवायी जावे। बारां शहर के एसबीआई, बैंक ऑफ बडौदा, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इण्डिया आदि बैंकों सहित लगभग सभी बैंक शाखाओं में 10, 20 और 50 रूपए के नोटों की गड्डियां नही मिल पा रही है। यहां तक की सभी बैंक शाखाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले लीड बैंक में भी इन नोटों की गड्डियां नही मिल पा रही है। बैंक अधिकारी ने बताया कि बैंक में सिर्फ पुराने नोट ही मिल पा रहे है। नए नोटों की माला भी महंगी- कड़क नोटों के अलावा दूल्हा-दुल्हन को पहनाई जाने वाली नोटों की माला भी महंगी हो गई है। सर्राफा बाजार क्षेत्र के एक दुकानदार भाई ने बताया कि 10 रूपए के 10 नोटों की एक माला 180 रूपए, 20 रूपए के 25 नोटों की माला 700 रूपए और 50 रूपए की 20 नोटों की माला 1200 रूपए में मिल रही है। इसी प्रकार 10, 20 एवं 50 के नोटों की कड़क गड्डियां बेचने वाले दुकानदारों द्वारा काफी ऊंचे दामों पर बेची जा रही है। इस सम्बन्ध में एक बैंक प्रबन्धक ने बताया कि आरबीआई का सख्त नियम है कि नोटों की कीमत से ज्यादा दर की वसूली नही की जा सकती है।



# नयापुरा आर्मी एरिया श्रमिक ठेका विवाद

## श्रमिकों ने जताया ठेकेदार राजेन्द्र गहलोत पर विश्वास

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** नयापुरा स्थित आर्मी एरिया में सफाई कार्य कर रहे ठेका श्रमिकों ने ठेकेदार राजेन्द्र गहलोत के प्रति अपना भरोसा व्यक्त करते हुए उनके कार्यप्रणाली की सराहना की। श्रमिकों ने कहा कि उन्हें समय पर और पारदर्शी तरीके से भुगतान किया जा रहा है। श्रमिकों ने ठेकेदार पर लगाए गए नकद भुगतान, एटीएम और बैंक पासबुक जब्त होने के आरोपों को निराधार और गलत बताया।

**श्रमिकों का बयान :** नयापुरा निवासी रानी (उम्र 28) ने कहा, हमारा भुगतान ऑनलाइन किया जाता है, और मुझे पिछले पांच वर्षों से राजेन्द्र गहलोत के साथ काम करने में कभी कोई समस्या नहीं हुई। इसी प्रकार, सकतपुरा निवासी मनीष और मालाफाटक निवासी रमेश गुर्जर व जसराज गुर्जर ने भी समय पर और पारदर्शी ई-भुगतान की पुष्टि की।

**नियमित कटते हैं ईएसआई और पीएफ :** प्रबंधन, हाई-टेक सिक्योरिटी सर्विसेज़ राजेन्द्र गहलोत ने बताया कि उनका ईएसआई और पीएफ नियमित रूप से काटा जाता है और उनके खाते में जमा होता है। ठेकेदार गहलोत द्वारा इस प्रक्रिया को पारदर्शी और सही तरीके से सुनिश्चित किया गया है, जिससे श्रमिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होने कहा कि ईएसआई व पीएफ विभाग भी श्रमिकों की जमा पारिश्रमिक पुष्टि कर रहे है।

**पूर्व कर्मचारी ने बनाया राजनैतिक दबाव :** ठेकेदार राजेन्द्र गहलोत ने खुलासा करते हुए कहा कि ठेके के कामकाज में खलल डालने के लिए एक पूर्व कर्मचारी रवि पहाड़िया ने राजनैतिक दबाव बनाने की कोशिश की थी। पूर्व श्रमिक रवि पहाड़िया जनवरी 2023 सुपरवाईजर से बदसुलूकी करते हुए टोकन फैंक चला गया,तब से कार्य पर नहीं आया और ठेके को अस्त—व्यस्त करने के लिए साशिज रची रचने लगा और कुछ श्रमिकों को बहलाकर अपने साथ मिलाया। श्रमिको कहना है रवि पहाडिया उन्हे कार्य भी नहीं करने देते है,कार्य पर जाने वाले श्रमिकों को दबाव बनाकर उन्हे गेट पर जबरन रोकने का प्रयास भी करता है।



# उद्योगों एंव सेवाओं के लिए विशेष छूट योजना प्रांरभ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा उद्योगों और प्रतिष्ठानों को प्रोत्साहित करने के उद्धेश्य से एक विशेष छूट योजना प्रांरभ की गई है, जो जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 और वायु प्रदूषण (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के अंतर्गत पहले से स्थापना और संचालन की स्वीकृति प्राप्त किये बिना संचालित हो रहे हैं। उद्योगों, सेवाओं व गतिविधियों को वैध रूप से कार्य करने के अवसर प्रदान करेगी, ताकि वे पर्यावरणीय मानकों का पालन करते हुए अपनी गतिविधियों को सुचारू रूप से जारी रख सकें। यह योजना 60 दिनों के लिए लागू होगी, जो 1 दिसम्बर 2024 से 29 जनवरी 2025 तक रहेगी। यह योजना उन उद्योगों, सेवाओं व गतिविधियों पर लागू होगी, जो राज्य बोर्ड की श्रेणीकरण के अनुसार लाल, नारंगी और हरी श्रेणी में आते हैं और जो अभी तक राज्य मंडल की सम्मति प्रक्रिया में नहीं हैं। इन उद्योगों को जल अधिनियम, 1974 और वायु अधिनियम, 1981 के तहत निर्धारित प्रक्रिया और शुल्क के अनुसार स्थापना की स्वीकृति और संचालन की स्वीकृति के लिए आवेदन करना होगा, लेकिन एक विशेष छूट के रूप में उन्हे उन वर्षो के लिए पिछले शुल्क का भुगतान नही करना होगा, जब वे बिना स्वीकृति के संचालित हो रहें थें। इस योजना का उद्धेश्य उद्योगों को स्वीकृति प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है और साथ ही पर्यावरणीय नियमों के अनुपालना कों बढ़ावा देना है।

# बूंदी विधायक ने की पुलिस के गैर जिम्मेदाराना कार्य की निंदा

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** विधायक हरिमोहन शर्मा ने गत 24 नवम्बर को गुढ़ा गोकुलपुरा घटना स्थल, निवासी भाव का गुढ़ा जिला भीलवाड़ा की महिला को डायन बताकर उसके साथ किए गए कृत्य की निंदा की । शर्मा ने बताया कि यह समाज के लिए बड़े शर्म की बात है कि एक महिला के साथ इस प्रकार का कृत्य किया गया साथ ही शर्मा ने कहा कि उस महिला द्वारा दिनांक 27 तारीख को पुलिस को इस हरकत के संबंध में रिपोर्ट सौंप दी थी, परंतु पुलिस द्वारा 3 दिन तक उस पर ना तो कोई कार्रवाई की गई और ना ही अपराधी के विरुद्ध कोई निर्णय लिया गया ठीक इसके पश्चात दिनांक 29 तारीख को एफआईआर पुलिस द्वारा दर्ज की गई ।

विधायक शर्मा ने कहा कि पुलिस द्वारा इस पर तत्काल कोई कार्यवाही नहीं की गई अगर मीडिया के माध्यम से इस घटना का बखान नहीं होता तो शायद इस पर कोई कार्यवाही भी नहीं होती। अमूमन पूर्व में भी उनके यहां कई परिवाद प्रस्तुत होते हैं उन्हें भी विभाग द्वारा समय पर दर्ज नहीं किया जाता पुलिस को अपनी इस प्रवृत्ति को बदलना चाहिए मैं इस गैर जिम्मेदार आना कृत्य की घोर निंदा करता हूं ।

# भाजपा की जिला बैठक शनिवार को हुई आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (नि.स.)।** जिला प्रवक्ता निर्मल मालव ने बताया कि संघटन चुनाव को लेकर जिला बैठक प्रदेश महामंत्री ओर देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओम भढ़ाना ओर प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच के सानिध्य में आयोजित की गई । प्रदेश महामंत्री ओम भड़ाना ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुऐ सभी मंडलो पर 5 दिसम्बर तक बूथ अध्यक्ष ओर 15 तक मंडल अध्यक्ष चुने जायेंगे जो पधाधिकारी पार्टी का सक्रिय सदस्य होगा वही इस चुनाव प्रक्रिया में सम्मिलित होगा पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने सभी पार्टी पदाधिकारियों को पार्टी की रीति नीति से काम करने की बात कही और कार्यकर्ताओं को सरकार और संघटन में सामंजस्य बना कर चलने की हिदायत दी जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने सबको जिले की सदस्यता की जानकारी दी व पार्टी पदाधिकारियों को ईमानदारी से संघटन का कार्य करने की बात कही इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष कुंज बिहारी बलिया पूर्व जिला अध्यक्ष कालू लाल जांगिड़ पूर्व जिला अध्यक्ष शौकीन राठौर सदस्यता अभियान संयोजक सीताराम सैनी चुनाव सहसंयोजक अमित निंबार्क पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल संगठन का पार्टी कार्यालय पार्टी के सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष जिला कार्यकारिणी के सदस्य व पधाधिकारी एवं शक्ति सदस्यता अभियान के संयोजक सहसंयोजक मोर्चा के अध्यक्ष महामंत्री आदि सम्मिलित रहे ।



# मण्डी समिति की विभिन्न समस्याओं के लेकर शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन सोपा

बढ़ता राजस्थान

**रामगंज मंडी( महेश कुमार)।** ग्रेन एण्ड सीड्स मर्चेन्ट्स एसोसिएशन रामगंज मण्डी द्वारा मण्डी समिति की विभिन्न समस्याओं के सन्दर्भ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान सरकार के नाम शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन सोपा । ज्ञापन में बताया कि रामगंजमण्डी की कृषि उपज मण्डी समिति में विशिष्ट श्रेणी की मण्डी होने के बावजूद यहां पर कई प्रकार की व्यवस्थायें पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। ज्ञापन में बताया कि सचिव की नियुक्ति के सन्दर्भ में सचिव की स्थायी नियुक्ति काफी समय से रिक्त चल रही है। क्योंकि सचिव को खानपुर व अतिरिक्त कार्यभार रामगजमंण्डी में दिया गया है, इसी कारण कृषि उपज मण्डी रा.मण्डी में प्रति सप्ताह में एक ही बार कार्य देख पाते हैं, स्थायी नियुक्ति नहीं होने के कारण व्यापारी वर्ग व हम्माल वर्ग, सहित किसानों को कागजी सम्बधित कार्यों में समस्या उत्पन्न हो रही है। अगर स्थायी नियुक्ति हो जाए तो व्यवस्थायें सुचारू रूप से चलेगी। साथ ही रजिस्ट्री के सन्दर्भ में राज्य सरकार के द्वारा कृषि उपज मण्डी में दुकानें / गोदाम 1 वर्ष पूर्व व्यापारियों को 99 वर्षीय लीज के लिये 25त्न प्रतिशत की दर पर आंवटित की गई थी। तथा व्यापारियों द्वारा इसका भुगतान गये पर्ष दिसम्बर माह में जर्ये चेक द्वारा कर दिया गया था। परन्तु अभी तक भी व्यापारियों के दुकानों/गोदामों की रजिस्ट्री नहीं की गई है। कृषि उपज मण्डी रा. मण्डी में केम्प लगवाकर जल्द से जल्द व्यापारियों के दुकानों व गोदामों की रजिस्ट्री करवायी जानी चाहिए ज्ञापन में आगे बताया कि ऑयल टेस्टींग मशीन को सन्दर्भ में हमारी मण्डी समिति में भारी मात्रा में सरसों व सोयाबीन की आयक रहती हैं। जिन्सों की गुणवत्ता ऑयल की मात्रा की जांच उपलब्धि की जानकारी हेतु कृषि उपज मण्डी में औयाल टेस्टींग मशीन लगाई गई है। परन्तु गत तीन वर्षों से ऑयल टेस्टींग मशीन बंद पड़ी हुई है। इस कारण किसानों एवं व्यापारियों को सरसों ऑयल जाँच के दौरान मशीन बंद होने पर गुणवस्ता व मात्रा का पता ना चलने पर किसानों को जिन्सों का उचित दाम नहीं मिल पाता है। इस सन्दर्भ में सचिव को कई बार अवगत कराया गया है। परन्तु सचिव द्वारा भौखिक में यह जवाब दिगा गया है, कि जिन्सों की गुण वक्ता ऑयल नशीन का क्रमानूसार राज्य सरकार द्वारा बजट पास ना होने पर इन मशीनों की सर्विस नहीं की गई मण्डी समिति रा.मण्डी में दो नवीन ऑयल टेस्टींग मशीनों का संचालन किया जायें, ताकि ऑयल टेस्टींग मशीन पुनः सुचारू रूप से चल सकें।



# स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल कपासन में बाल मेले का आयोजन

## बाल मेले में मॉडल स्कूल के विद्यार्थियो ने 39 स्टाल लगाई



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में शनिवार को भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया।जिसमे मॉडल स्कूल के विद्यार्थियो द्वारा विभिन्न प्रकार की 39 स्टाल लगाई गयी।

जानकारी अनुसार स्वामी विवेकंद राजकीय मॉडल स्कूल कपासन में भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया।जिसमे विद्यार्थियो द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया।उक्त बाल मेले का शुभारंभ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन गोपाललाल शर्मा एवं स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल कपासन के प्रधानाचार्य भेरुलाल वीरवाल द्वारा फीता काटकर किया गया। उल्लेखनीय है कि स्वामी विवेकंद राजकीय मॉडल स्कूल कपासन के विद्यार्थियो द्वारा बाल मेले में विभिन्न प्रकार की कुल 39 स्टाल लगाई गयी। जिसमें पानीपुरी, भेल पूरी, राब, छाछ, गेम्स, कॉस्मेटिक सामग्री,कॉफी हाउस आदि प्रकार की विविध स्टॉल शामिल रही।साथ ही बाल मेले में मुख्य आकर्षण का केंद्र हॉरर हाउस रहा। जिसको देखने हेतु बच्चों में उत्साह बना रहा।

इस दौरान सरपंच रतननाथ योगी सहित विद्यार्थियो के अभिभावकों एवं क्षेत्रीय गणमान्यजनों द्वारा भव्य बाल मेले का अवलोकन कर प्रशंसा के साथ विद्यार्थियो का उत्साहवर्धन किया गया।

## अपहरण के मामले में फरार आरोपी को किया गिरफ्तार: 2 महीने पहले युवती का किया था अपहरण

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** बाड़ी की कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 2 महीने से फरार चल रहे अपहरण के मामले में लिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी से अब पुलिस मामले को लेकर पूछताछ कर रही है।

कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र से करीब 2 महीने पहले एक युवती का अपहरण हुआ था। अपहरण की घटना को लेकर पीड़ित युवती के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसकी जांच उन्हें सौंपी गई थी। ऐसे में अपहृत युवती को पुलिस ने मोबाइल लोकेशन एवं साइबर तकनीक के आधार पर दिल्ली के पास से दस्तयाब कर लिया। जिसको ले जाने वाले मुख्य आरोपी को भी पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। वर्तमान में पुलिस को अपहरण के मामले में सहयोग करने वाले आरोपी बाइक चालक रूपसिंह उर्फ टाइगर की तलाश थी। जो उसको गांव से बहला-फुसलाकर लाया था। बाद में आरोपी को सौंप दिया।

कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि फरार आरोपी रूपसिंह उर्फ टाइगर पुत्र भरोसीराम जाटव गांव में देखा गया है। इस पर पुलिस एएसआई सियाराम, हेड कांस्टेबल रामनरेश, हेड कांस्टेबल रामधन के साथ कांस्टेबल बृजेश कुमार की टीम ने आरोपी रूपसिंह को गिरफ्तार किया है।

## कंचनपुर पुलिस ने पकड़े पवेसुरा गांव से हत्या के मामले में फरार पिता-पुत्र

### सार्वजनिक जगह पर घूरे डालने को लेकर हुआ था झगड़ा, ,दो पक्षों के बीच हुई थी लाठी-भाटा जंग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** उपखंड की कंचनपुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए हत्या के मामले में फरार चल रहे पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। जिनसे थाने पर दर्ज मामले में पूछताछ की जा रही है।

कंचनपुर थाना अधिकारी शैतान सिंह ने बताया कि 31 अक्टूबर को गांव पवेसुरा में गांव में खाली पड़ी भूमि पर घूरे डालने को लेकर को लेकर दो पक्षो में झगड़ा हुआ था। उक्त झगड़े में एक बुजुर्ग दीवान ठाकुर घायल हुए था जिसका उपचार जिला अस्पताल धौलपुर में चल रहा था। दौराने इलाज 21 नवम्बर को बुजुर्ग दीवान की मौत हो गई। घटना के बाद पीड़ित परिजनों द्वारा पुलिस मे मामला दर्ज कराया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस गांव पवेसुरा निवासी आरोपी महेश पुत्र भगवान सिंह और सौरभ पुत्र महेश ठाकुर की तलाश कर रही थी।

गुरुवार की शाम जरिये मुखबिर सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव में देखे गए हैं। इस पर एसएचओ शैतान सिंह के साथ कांस्टेबल भगवान दास,रामनिवास,सोनवीर और पूरणमल मौके पर पहुंचे। जहां घर के अंदर छिपे बैठे 55 वर्षीय आरोपी महेश पुत्र भगवान सिंह ठाकुर और 20 वर्षीय सौरभ पुत्र महेश ठाकुर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आये दोनों आरोपी पिता-पुत्र हैं। जिनसे थाने पर दर्ज एफआईआर संख्या 391/24 में धारा 191(एक ), 191( दो),115(दो),126( दो),103,109(दो),125,352 , 351(तीन) बीएनएस में पूछताछ कर रही है।

## बजरी से भरी 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, एक गिरफ्तार: तीन थानों की पुलिस ने दी दबिश, फरार माफियाओं की तलाश जारी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( नि.स. )।** सुप्रीम कोर्ट से प्रतिबंधित चंबल बजरी को लेकर शुक्रवार को सीओ सिटी मुनेश मीना के साथ पुलिस की टीम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की। मध्य प्रदेश बॉर्डर स्थित सागरपाड़ा चैक पोस्ट से वाटर वर्क्स चौराहे तक कोतवाली, सदर और निहालगंज थाना पुलिस ने नाकाबंदी कर बजरी से भरे चार ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है।

सीओ सिटी मुनेश मीणा ने बताया कि एसपी सुमित मेहरड़ा के निर्देश पर अवैध बजरी के कारोबार को लेकर 6 से अधिक गांव में दबिश की कार्रवाई की गई। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने दबिश के साथ ही आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर की गई नाकेबंदी में चंबल बजरी से भरी चार ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौके से बजरी लाने के आरोप में एक आरोपी पवन (25) पुत्र मानसिंह निवासी कंचनपुर को भी गिरफ्तार किया है। नाकेबंदी के दौरान कुछ आरोपी फरार होने में कामयाब हो गए। जिनकी तलाश के लिए पुलिस दबिश दे रही है। सीओ सिटी ने बताया कि शुक्रवार को की गई कार्रवाई में वन्य जीव अधिनियम के तहत चार मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि चंबल बजरी कारोबार को रोकने के लिए पुलिस की कार्वाई शुक्रवार से लगातार जारी रहेगी।

## प्रेरणा दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर आयोजित: 25 यूनिट हुआ एकत्रित, कलेक्टर और एसपी ने बढ़ाया हौसला

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** समूह के चेयरमैन स्वर्गीय रमेश चंद्र अग्रवाल का 80वां जन्मदिन शनिवार को प्रेरणा उत्सव के रूप में मनाया गया। इस मौके पर धौलपुर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी और एसपी सुमित मेहरड़ा ने किया। इस मौके पर अस्पताल, पुलिस, स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ भास्कर समूह के कार्मिकों सहित अन्य ने रक्तदान किया। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान के जरिए उन लोगों की मदद होती है। जिन्हें आपात स्थिति में रक्त की अत्यधिक आवश्यकता होती है। जिला कलेक्टर के साथ एसपी ने रक्तदान कर रहे लोगों की हौसला अफजाई करते हुए पुलिस के जवानों से भी रक्तदान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान भास्कर समूह से जुड़े कार्मिकों ने कहा कि स्वर्गीय रमेश चंद्र जी जीवन पर्यंत सामाजिक सरोकार के लिए तत्पर रहे। समाज और देश हित को सर्वोपरि रखने की उनकी खूबियां मार्गदर्शन कर रही हैं। रमेश जी के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए भास्कर परिवार द्वारा उनके जन्मदिवस पर देश के 243 शहरों में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। इन शिविरों मेंएकत्रित रक्त स्थानीय सरकारी ब्लड बैंकों को दिया गया। ताकि जरूरतमंदों की मदद हो सके। धौलपुर जिला अस्पताल में लगाए गए रक्तदान शिविर में 25 लोगों ने रक्तदान कर सामाजिक सरोकार में अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान ब्लड बैंक में तैनात कार्मिकों के साथ विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के लोग भी मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर ने किया जिले के सुदूर गांव बड़ागांव और पिपरेट में संस्थानों का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर, ( नि.स. )।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने शुक्रवार को सरमथुरा उपखंड क्षेत्र में कई संस्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिपरेट का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में सुव्यवस्थित पार्क, स्वच्छ परिसर एवं शौचालय तथा साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विद्यालय में मौजूद छात्राओं से बात कर शिक्षण व्यवस्था के बारे में जानकारी ली, राजकीय छात्रावासों में रह रही छात्राओं से भोजन, आवास इत्यादि पर विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं से उनके करियर लक्ष्यों के बारे में पूछा और छात्राओं को बड़े लक्ष्य रखने की प्रेरणा देते हुए कहा कि वर्तमान समय में सरकार की उच्च शिक्षा हेतु चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की बदौलत ग्रामीण परिवेश में पढ़ रही बालिकाएं भी अपने सपनों को पंख दे सकती हैं। उन्होंने विद्यालय में कंप्यूटर लैब में इंटरनेट कनेक्शन स्थापित कराये जाने के निर्देश दिए। इसके बाद जिला कलक्टर बालिका आश्रम आंगई राजकीय छात्रावास पहुंचे। उन्होंने यहां विकसित की गई किचन वाटिका पर सराहना व्यक्त की। उन्होंने छात्रावास की रसोई में भोजन कर गुणवत्ता की परख की और भोजन गुणवत्ता पर संतुष्टि व्यक्त की। छात्रावास के कक्षों एवं शौचालय में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। साथ ही जिला कलक्टर ने पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया। अगले क्रम में जिला कलक्टर ने मंजरी फाउंडेशन द्वारा संचालित बकरी संवर्धन केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां नस्ल सुधार के प्रयासों, मूल्य संवर्धन गतिविधियों के बारे में जानकारी ली तथा यहां विकसित किए गए पार्क एवं वाटिका का भी भ्रमण किया। उन्होंने फाउंडेशन से जिले के अन्य क्षेत्रों में भी महिलाओं को रोज़गारपरक गतिविधियों से जोड़ने हेतु कहा। जिला कलक्टर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ागांव में मंजरी फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बड़ागांव और पिपरेट ने ग्रामीण विकास की परिकल्पना को सही मायने मे साकार किया है, दोनों गाँवो मे सतत विकास के लक्ष्यों के अनुसार ही सभी सामाजिक, सांस्कृतिक ओर आर्थिक आयामों पर कार्य हुआ है। जिला कलक्टर ने एस बी आई कार्ड के सहयोग से मंजरी फाउंडेशन के द्वारा सरमथुरा के पिपरेट ओर बड़ागांव मे किये गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने गांव मे सामाजिक-आर्थिक भौतिक संरचना के विकास के साथ साथ महिलाओं के लिए आजीविका, रोजगार के अवसरों को गांव मे ही उपलब्ध करवाया है। गांव मे वृक्षारोपण से लेकर सोलर ऊर्जा पर जो काम हुआ है वो गांव को अन्य गाँवो से अलग करता है। स्कूल, आंगनवाड़ी, ओपन जिम, बच्चों के लिए पार्क, पुस्तकालय, जल संरक्षण के लिए किये गए सब कार्य गांव मे सामाजिक आर्थिक विकास को गति देंगे।

उन्होंने कहा कि आदर्श गांव बनने के लिए सबसे पहले ग्रामीणों में इच्छाशक्ति का होना लाजिमी है। यह गांव अन्य गांव के लिए रॉल मॉडल विलेज बनेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपने के अनुरूप गांव स्वच्छ है, सड़क व गलियां बिलकुल दुरुस्त है, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था है, गांव में सभी लोगों के लिए प्रार्थना स्थल, सार्वजनिक सभास्थल, बुनियादी प्राथमिक से लेकर माध्यमिक शिक्षा का केंद्र , पर्यावरण की शुचिता और पवित्रता बनाए रखने के लिए सड़क के किनारे पेड़- पौधे, गांव में वाचनालय और सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मंच ओर खेलकूद की पूरी व्यवस्था है। जिला कलक्टर ने कहा कि यहां आजीविका गतिविधियां विकास को संबल प्रदान करेंगी।

# करीम कॉलोनी गुमट में घर में घुसकर तोड़फोड़ और लूटपाट का मामला

### घर में अकेली महिला ने किया विरोध तो उसकी भी मारपीट,पुरानी रंजिश के चलते हमला, सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस कर रही मामले की जांच



घटना के बाद मामले की जाँच करती पुलिस।



घर में तोड़फोड़ के बाद टूटा पड़ा सामान।

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के गुमट मोहल्ले की करीम कॉलोनी में शुक्रवार को दिन में दो दर्जन से अधिक संख्या में आए आरोपियों द्वारा एक घर पर तोड़फोड़ करने और लूटपाट करने का मामला सामने आया है। घटना के दौरान घर में अकेली महिला थी। जिसने भागते हुए अपनी छत जाकर जान बचाई है। पीड़ित महिला का आरोप है कि आरोपी घर के कमरे में रखें बक्सों में से कीमती सामान और नगदी भी लूट ले गए हैं। घटना के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है।

घटना की सूचना पर अब कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची है और मामले की जांच कर रही है। घटना को लेकर कीड़ी मोहल्ला निवासी पीड़िता इंद्रवती पत्नी जितेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि उनके पति भाड़े पर गाड़ी चलाते हैं। जिसे लेकर शुक्रवार को सुबह वह घर से चले गए थे। उनके दो बच्चे हैं वह भी स्कूल गए थे। करीब 2 बजे पास के कर्मपुरा गांव निवासी दो दर्जन से अधिक आरोपी लाठी-डंडों से लैस होकर उनके घर पर आए और तोड़फोड़ करने लगे। इस दौरान उन्होंने दरवाजे की कुंडी को भी तोड़ दिया और घर में प्रवेश करके टीवी,वाशिंग मशीन फ्रिज सहित जो भी कीमती सामान मिला उसकी तोड़फोड़ की साथ में कमरे में रखे बक्सों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के गहने और नगदी को लूट ले गए। घटना के दौरान जब महिला ने विरोध किया उसकी भी मारपीट की। जिसने आरोपियों से भागते हुए अपने मकान की छत पर जाकर जान बचाई है।

3 महीने पहले हुआ था पीड़ित के छोटे भाई से झगड़ा,इसी को लेकर रंजिश घटना को लेकर पीड़ित जितेंद्र सिंह पुत्र रामनाथ गुर्जर ने बताया कि वह मास्टर भगवान सिंह का पूरा रानपुर के रहने वाले हैं। उन्होंने कुछ समय पहले ही अपना मकान अलीगढ़ रोड करीम कॉलोनी में बनाया है। 3 महीने पहले उनका छोटा भाई सुरेश जो जयपुर में रहता है। वह गांव आया था। उसका झगड़ा कर्मपुरा के लोगो से हो गया था। जिसमें उसकी मारपीट और लूटपाट की थी। इसकी रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई हुई है। इसी को लेकर आरोपी उनसे रंजिश रखते हैं। जिन्होंने घर पर आकर हमला किया है।

## धौलपुर से रावतभाटा तक सुनाई देगी चीतों की दहाड़: 400 किलोमीटर के वन क्षेत्र में बनेगा चीता कॉरिडोर, वन्य जीव प्रेमियों में खुशी



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** राजस्थान में चीता कॉरिडोर बनाने की कवायद शुरू हो गई है। धौलपुर से लेकर रावतभाटा तक 400 किलोमीटर के वन क्षेत्र में चीता कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसके लिए राजस्थान और मध्य प्रदेश के वन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक सवाईमाधोपुर के रणथंबोर में बुलाई गई है। जिला वन अधिकारी चेतन कुमार ने बताया कि राज्य सरकार ने बजट घोषणा के अनुरूप चीता कॉरिडोर परियोजना को हरी झंडी दी है। मध्य प्रदेश सरकार से वार्ता कर चीता लैंडस्केप परियोजना को अमली जामा पहनाने की कवायद की जा रही है। मध्य प्रदेश और राजस्थान के वन विभाग के अधिकारियों की बैठक संयुक्त रूप से रणथंबोर में आयोजित की जाएगी। इस बैठक के अंतर्गत चीतों की बसावट, संरक्षण एवं परिवरिश को लेकर चर्चा की जाएगी। राजस्थान और मध्य प्रदेश शासन के निर्देश में संयुक्त मैमोरेंडम ऑफ अंडर स्टैंडिंग का निर्णय लिया जाएगा। जिला वन अधिकारी चेतन कुमार ने बताया कि रणथंबोर में संयुक्त होने वाली बैठक के लिए प्रतिपालक वन पवन उपाध्याय एवं राजेश कुमार गुप्ता वाइल्डलाइफ समेत मध्य प्रदेश वन विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। धौलपुर से लेकर रावतभाटा तक 400 किलोमीटर के वन क्षेत्र में चीतों की बसावट की जाएगी। धौलपुर जिले के डांग क्षेत्र में मौजूदा वक्त में 4 से 5 चीतों का मूवमेंट बना हुआ है। इनमें एक मादा है। तीन शावक का भी मूवमेंट वन विभाग के कैमरों में कैद हुआ है। इसके अलावा करीब एक दर्जन पैंथर, करीब 10 भालू समेत जरख, लक्कड़भग्गे, सियार, लोमड़ी अजगर आदि वन्य जीव जिले के डांग क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। राज्य सरकार पूर्व में ही धौलपुर जिले को सेंचुरी एरिया घोषित कर चुकी है। टाइगर, पैंथर एवं अन्य वन्य जीवों का मूवमेंट आए दिन धौलपुर से लेकर करौली तक के डांग क्षेत्र में बना रहता है।

उन्होंने बताया कि चीता लैंडस्केप बनने से वन्यजीवों की संख्या में इजाफा होगा। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## चिलाचाँद स्कूल में बच्चो को बनाया पीएम और मंत्री,सभी को दिलाई शपथ

### मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन एवं द हंस प्रोजेक्ट का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** उपखण्ड के रा.उ.मा.वि. चिलाचौंद में मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन एवं द हंस प्रोजेक्ट के तत्वाधान में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। बैठक की प्रक्रिया को प्रार्थना स्थल के दौरान प्रिंसिपल पूरनमल महावर व वरिष्ठ अध्यापक सुआलाल जी ने बच्चों के साथ में साझा की गई। प्रधानमंत्री पद के 10 उम्मीदवारों ने नामांकन दर्ज किया। चुनाव समिति ने गुप्त मतदान करवाया गया एवं फिर इसके बाद में मतदान समापन के बाद मतों की गिनती की गई। सबसे ज्यादा मत रविता मीना को मिले जिनको प्रधानमंत्री बनाया गया साथ में दूसरे स्थान पर आये रोहित जाटव को उप प्रधानमंत्री, रिंकी जाटव को सूचना मंत्री, शिवानी मीणा को पर्यावरण मंत्री, बृजेश मीणा खेल मंत्री, संगीता मीणा सांस्कृतिक मंत्री,रमा कुमारी खाद्य मंत्री, मोनिका परमार स्वास्थ्य मंत्री, मनमोहन गिरी कानून मंत्री एवं आकाश मीणा शिक्षा मंत्री बनाये .इस दौरान पूरे मंत्रिमंडल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। स्कूल के अध्यापकों के द्वारा सभी को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया ।

## जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने जिले के सुदूर ग्राम खरौली में आयोजित की रात्रि चौपाल

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर( राजू शर्मा )।** जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में शुक्रवार को उपखंड सरमथुरा के सुदूर ग्राम खरौली में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ जिसमें उन्होंने आमजन की दैनिक जरूरत से जुड़े मुद्दे को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल के दौरान राजस्व विभाग, कृषि, शिक्षा, चिकित्सा, विद्युत संबंधी परिवादों को सुनकर जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान खरौली अमानपुरा सड़क पर से अतिक्रमण हटाकर सड़क निर्माण हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्राम खरौली के पंचायत भवन के उपयोग हेतु निर्देशित किया। उन्होंने पटवारी को ग्राम में किसी भी सिवायचक भूमि से अतिक्रमण हटाने हेतु निर्देशित किया साथ ही एक परिवादी किसान की जमीन से लगते रास्ते पर से त्वरित ढंग से अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही हेतु निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न परिवादों पर मौके पर ही संबंधित अधिकारी से जानकारी लेते हुए निस्तारण संबंधी निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्रामीणों के परिवादो को नियमित फॉलो अप किया जाए ताकि उनकी समस्याओं को समाधान हो एवं राहत मिले। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि समस्त विभागों के अधिकारी आमजन के हितों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें तथा प्रत्येक जनहित से जुड़े कार्यों की व्यक्तिगत रूप से नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता के उच्चतम मापदंड स्थापित करें। रात्रि चौपाल के अवसर पर सभी विभागीय अधिकारियों ने उनके विभाग से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद ए एन सोमनाथ, कार्यवाहक उपखंड अधिकारी सरमथुरा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जयंतीलाल मीना, सहित अधिकारी कार्मिक एवं बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित रहे।



## गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के वॉलिंटियर्स का नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के वॉलिंटियर्स द्वारा नई किरण नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आगाज किया गया है। इस अभियान के तहत एक पखवाड़े तक शहर में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुवात शनिवार को शहर में जागरूकता रैली के साथ कि गई। यह जागरूकता रैली शहर के किला गेट से शुरू हुई जो मुख्य बाजार होते हुए अस्पताल चौराहा और अस्पताल चौराहे से भारद्वाज मार्केट होते हुए राज राजेश्वरी केला माता मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। रैली को हरी झंडी दिखाकर कॉलेज प्राचार्य मनोज कुमार सिंह द्वारा रवाना किया गया।

नई किरण नशा मुक्ति जागरूकता अभियान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सहायक आचार्य केशव कुमार यादव ने बताया कि कॉलेज के 30 स्वयं सेवकों द्वारा अभियान चलाया गया है। अभियान की शुरुआत आज जागरूकता रैली से की है। रैली के बाद अब सोमवार से यह स्वयंसेवक शहर के निजी और सरकारी स्कूलों में जाकर छोटे बच्चों को नशे को लेकर जागरूक करेंगे साथ में नुक्कड़ नाटकों और सार्वजनिक स्थानों पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पूरा अभियान 15 दिन तक चलेगा। जिसका उद्देश्य है कि लोग नशे के प्रति जागरूक हो और अकाल मौत के शिकार होने से बचें। क्योंकि नशे की लत लगने से कई प्रकार के रोग फैलते हैं जिनमें कैंसर जैसी लाइलाज और असाध्य बीमारी भी शामिल है। जिसमें हजारों की संख्या में लोग प्रतिवर्ष मौत का शिकार हो रहे हैं।

जागरूकता रैली के दौरान शहर के स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी और ट्रैफिक पुलिस के जवान भी मौजूद रहे।

# एनडीपीएस तस्करी में बंद अंतरिम जमानत से फरार आरोपी गिरफ्तार

**फ़ोटो मैच एप की सहायता से पहचान कर किया गिरफ्तार**

**एक अन्य साथी के साथ मादक पदार्थो खरीद की डील करने आया था**



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** भीलवाड़ा जिले के सदर भीलवाड़ा थाने में मादक पदार्थों की तस्करी में गिरफ्तार होकर शाहपुरा सब जेल से कोर्ट के आदेश से अंतरिम जमानत से फरार हुए आरोपी को पारसोली थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीसीटीएनएस के फोटो मैच एप्प की सहायता से आरोपी को पहचान कर गिरफ्तार किया गया।

आरोपी अपने एक अन्य साथी के साथ मादक पदार्थों की खरीद हेतू डील करने आये थे। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर भुमाफिया, अवैध खनन, अवैध मादक पदार्थ की धरपकड तथा वांछित अपराधियों की धरपकड हेतू जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थानाधिकारी पारसोली प्रेमसिंह के नेतृत्व में थाने के एएसआई बालमुकन्द, रमेश कुमार, कानि. मस्तराम व बाबुलाल थाना क्षेत्र में गश्त की जा रही थी। इसी दौराने गांव नाल से रूपारेल बांध की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते के पास सरकारी जंगल मे एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार झाड़ियो में छुपी हुई नजर आई। जिसके पास जाकर देखा तो कार के पास दो जवान उम्र के लड़के छुप हुऐ नजर आये जो पुलिस जाब्ता को देखकर एकदम घबराकर भागने लगे।

जिनको एएसआई व जाब्ता ने घेरा देकर पकडा, व दोनो का नाम पता पूछा तो दोनों अपनी पहचान छुपाने लगे। दोनो संदिग्धों द्वारा सही नाम पता नहीं बताने पर वास्तविक पहचान एवं संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने पर आपराधिक रिकॉर्ड हेतू ष्टल्द्बद्ददृ ड्डठ्ठस्र ष्टल्द्बद्दद्बठ्ठड्डद्य ञ्जह्ड्डष्म्द्बठ्ठद्द ह्दृह्ल2शह्द्म ड्डठ्ठस्र स्4ह्यह्लद्दृद्बह्य (ष्टष्टञ्जहृस्) एवं ञ्जड्डद्ध ष्टशश्च-क्क के क्कद्धशह्लश द्वड्डह्लष्द्धद्बठ्ठद्द ड्डश्चश्चद्यद्बष्ड्डह्लद्बशठ्ठ की सहायता से चैक किया तो एक का नाम मोहम्मद ईस्फाक पुत्र मोसमदीन लुहार निवासी वार्ड न. 39 लुहारों का मोहला पुलिस थाना कोतवाली चुरू जिला चुरू एवं दूसरे का नाम आदिल पुत्र सहाबुदीन काजी उम्र 18 साल निवासी रामगढ सेठान थाना रामगढ़ जिला सीकर का होना पाया गया।

मोहम्मद ईस्फाक भीलवाड़ा जिले के सदर भीलवाड़ा थाने में मादक पदार्थों की तस्करी में गिरफ्तार होकर शाहपुरा सब जेल से कोर्ट के आदेश अंतरिम जमानत पर रिहा किया गया था। जो अंतरिम जमानत की अवधि समाप्ति पर पुनः शाहपुरा सब जेल में उपस्थित नही होकर फरार हो गया। दोनों ने पुलिस की संयुक्त पूछताछ में बताया कि वे मादक पदार्थो की तस्करी का कार्य करते तथा यहां मादक पदार्थों की खरीद हेतू डील करने आये है।

जिन्हें पुलिस द्वारा डील से पूर्व पकड लिया गया। दोनो के कब्जे शुदा कार को धारा 38 पुलिस एक्ट मे जब्त किया गया। दोनों को बीएनएसएस की विभिन्न धाराओं में गिरफतार किया गया।

# जिला कलेक्टर ने गिरी गांव में अत्यधिक वर्षा से जलमग्न हुए पेयजल स्रोतों का किया निरीक्षण

**ग्रामीणों को जल्द ही पेयजल आपूर्ति के स्थाई समाधान को किया आश्वस्त**



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर शनिवार को गिरी गांव के दौरे पर रहे। जिला कलेक्टर ने गिरी में अत्यधिक वर्षा के कारण जलदाय विभाग के जलमग्न हुए पानी के स्त्रोतों वाले स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से पानी के वैकल्पिक व्यवस्था की आपूर्ति की जानकारी ली। अधिकारियों ने अवगत कराया कि वर्तमान में टैंकर द्वारा पानी की आपूर्ति नल कनेक्शन के माध्यम से सुचारू रूप से की जा रही है ।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से पेयजल आपूर्ति की जानकारी ली। ग्रामीणों ने अस्थाई रूप से हो रही पेयजल आपूर्ति पर संतुष्टि व्यक्त की। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से मांग करते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति का स्थाई समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि जलदाय विभाग द्वारा नजदीकी गांव नाहरपुरा से दो ओपनवेल व पाइपलाइन के माध्यम से आपूर्ति के कार्य राज्य स्तर पर स्वीकृति के लिए भेजा गया है। वे राज्य स्तर पर उच्च अधिकारियों से बात कर उक्त कार्य को जल्द ही स्वीकृत कराकर स्थाई समाधान किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों की नालियों के निर्माण सहित अन्य समस्याओं को सुन त्वरित रूप से निस्तारण के निर्देश दिए ।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, जलदाय विभाग के एसई धन्नाराम चौहान सहित अन्य अधिकारी, कार्मिक व ग्रामीण मौजूद थे।

# अनियमितता पर प्राधिकार पत्र निलंबित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** कृषि विभाग के द्वारा जिले के भदेसर सांवलिया बीज भंडार के यहां अनियमितता पाई जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत उर्वरक प्राधिकार पत्र संख्या 28518 को शनिवार 30 नवंबर 2024 से अग्रिम आदेशों तक निलंबित कर दिया गया। यह जानकारी संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार दिनेश कुमार जागा ने दी।

# राज्य सरकार के 1 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर 12 से 15 दिसंबर तक आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** राज्य सरकार के 1 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर राजस्थान के समस्त जिलों में 12 दिसंबर से 15 दिसंबर तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसी के तहत ब्यावर जिले में भी राज्य सरकार के तय कार्यक्रमों के अनुसार 12 दिसंबर से 15 दिसंबर तक अंबेडकर भवन में विभिन्न कार्यक्रमों आयोजित होंगे। जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियां की समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने समस्त कार्यक्रमों की तैयारियो की बारीकी से समीक्षा की एवं अधिकारियों को निर्देश दिए की तय कार्यक्रम बेहतर व गुणवत्तापूर्ण रूप में आयोजित करना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के लिए संबंधित विभागीय अधिकारी को नोडल नियुक्त किया गया है।

### यह होंगे कार्यक्रम

12 दिसंबर को रन फॉर विकसित राजस्थान कार्यक्रम के तहत दौड़ का आयोजन, जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ, युवा सम्मेलन एवं रोजगार उत्सव कार्यक्रम आयोजित होंगे। 13 दिसंबर को मुख्य अतिथि द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन, जिला विकास पुस्तिका एवं सुजस विशेषांक का विमोचन, पंच गौरव शुभारंभ एवं किसान सम्मेलन आयोजित होगा। 14 दिसम्बर को अंत्योदय सेवा शिविर व महिला सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित होंगे। 15 दिसंबर को जयपुर में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी, विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ एवं विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित होंगे । बैठक व निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, एडिशनल एसपी भूपेंद्र शर्मा, उपखंड अधिकारी गौरव बुडानिया, जिला परिषद एसीईओ गोपाल मीणा, तहसीलदार हनुत रावत, नगर परिषद अधिशासी अभियंता सुनील यादव सहित आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी मौजूद थे।

### आयोजन स्थल का जायजा लेकर बेहतर तैयारी के लिए निर्देश

जिला कलेक्टर ने बैठक के पश्चात संबंधित नोडल अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल अंबेडकर भवन का जायजा लिया। उन्होंने जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए तैयारियो की जांच की। आयोजन स्थल के रंग रोगन, साफ सफाई इत्यादि कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को समय रहते बेहतर तैयारियों के निर्देश दिए।

# जिला चिकित्सालय निंबाहेड़ा में निर्धारित मापदण्डों को परे रख कर चल रहे हैं एंबुलेंस वाहन

बढ़ता राजस्थान




**निंबाहेड़ा( प्रकाश खत्री )।** जिला चिकित्सालय में मरीजो के लिए आपातकालीन सुविधा हेतु संचालित एम्बुलेंसें निर्धारित मापदंडों को परे रखकर संचालित हो रही है। इसी के चलते कुछ एंबुलेंस वहनों में ऑक्सीजन सिलेंडर भी नहीं लगे हुए हैं साथ ही उन वाहनों का ना तो वाहन बीमा है ना ही फिटनेस जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज बने हुए हैं। जबकि नियमानुसार एम्बुलेंस में ऑक्सीजन सिलेंडर होना अनिवार्य है साथ ही यातायात विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों अनुसार वाहन के समस्त दस्तावेज पूरे होने चाहिए। इसी के साथ-साथ कुछ एंबुलेंस संचालकों द्वारा यातायात विभाग द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार राशि नहीं लेते हुए अपनी मनमर्जी के हिसाब से राशि वसूली जा रही है। कुल मिलाकर एंबुलेंस संचालकों द्वारा की जा रही मनमर्जी पर ध्यान देने वाला जिला चिकित्सालय में कोई नहीं है। उल्लेखनीय है कि एंबुलेंस संचालकों की यह मनमर्जी जिला चिकित्सालय में एंबुलेंस यूनियन गठन के बाद शुरू हुई है। एम्बुलेंस संचालक यूनियन ने अपना रौब दिखाते हुए अपनी मनमर्जी से एंबुलेंस संचालन के नियम बना रखे हैं जिसका नंबर होता है वही एंबुलेंस वाहन पहले भेजा जाता है लेकिन नियमानुसार यह उचित नहीं है कोई भी व्यक्ति किसी भी एंबुलेंस वाहन को कभी भी ले जा सकता है।

जानकारी यह भी मिली है कि एक समाजसेवी संस्था द्वारा संचालित एम्बुलेंस निर्धारित राशि ली जाती है तो इसको लेकर भी यूनियन द्वारा उस पर अधिक राशि लेने का दबाव बनाया जाता है। एंबुलेंस संचालकों द्वारा इस प्रकार से की जा रही मनमर्जी पर जिला चिकित्सालय एवं प्रशासन को ध्यान देने की महत्ती आवश्यकता महसूस नही हो रही है क्योंकि जिला चिकित्सालय में बेचारे मरीजों के परिजनों को आए दिन एम्बुलेंस की व्यवस्था के लिए परेशान होते देखा जा सकता है। उपरोक्त मामलों में एक जानकारी यह भी सामने आई है कि कुछ एंबुलेंस चालकों के निर्धारित पैमाने अनुसार ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है फिर भी उनके द्वारा एम्बुलेंस चलाने का कार्य किया जा रहा है। अब यहां सवाल यह पैदा होता है कि यदि कोई दुर्घटना घट जाए तो ऐसी स्थिति में अधूरे दस्तावेजों व निर्धारित मापदंड अनुसार चालाक नहीं होने के कारण मरीजों के परिजनों को यदि किसी भी प्रकार का कोई नुकसान होता है तो उनकी क्षतिपूर्ति का जिम्मेदार कौन होगा?

# उपखंड अधिकारी कपासन द्वारा आयोजित जनसुनवाई में 15 परिवाद प्राप्त हुवे



बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** क्षैत्र की ग्राम पंचायत पांडोली स्टेशन में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शुक्रवार को उपखंड अधिकारी उपस्थिति में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें 15 परिवाद प्राप्त हुवे। जानकारी अनुसार उपखंड क्षेत्र कपासन की ग्राम पंचायत पांडोली स्टेशन में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर उपखंड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका की उपस्थिति में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपखंड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका द्वारा जनसुनवाई में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। साथ ही जनसुनवाई में प्राप्त हुवे 15 परिवाद के त्वरित निराकरण को लेकर क्षेत्रीय अधिकारियों एवं कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। इस दौरान तहसीलदार कपासन मोहम्मद नासिर बेग मिर्जा, विकास अधिकारी कपासन मुकेश पोरवाल, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपाललाल शर्मा, मुख्य ब्लॉक चिकित्साधिकारी महेंद्र कुमार शर्मा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सहायक अभियंता कपासन फूल सिंह मीणा, कनिष्ठ अभियंता लोकेंद्र सिंह, लोक निर्माण विभाग कनिष्ठ अभियंता राजेश माहर, कनिष्ठ अभियंता बिजली विभाग अमित वर्मा, पशु चिकित्सक नीतीश अरबड़ सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं समस्त ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिकगण उपस्थित रहे।

# जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने आईओसीएल पाइपलाईन क्षेत्रों का किया संयुक्त निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत एवं पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह शनिवार को जिले के दौरे पर रहे। जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने बर, सेंदड़ा सहित इत्यादि क्षेत्रों में आइओसीएल की पाइपलाइन से तेलचोरी के संवेदनशील पॉइंट्स का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने पाइपलाइन से ऑयल चोरी वाले संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर आइओसीएल व पुलिस विभाग के अधिकारियों को ऑयल चोरी को सख्ती से रोकने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने आइओसीएल के अधिकारियों को पाइपलाइन की सुरक्षा मानकों को बढ़ाने व चाक चौबंद रहने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने आइओसीएल व पुलिस विभाग को कोआर्डिनेशन रखने के निर्देश दिए जिससे कि चोरी को रोका जा सके। जिला कलेक्टर ने संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे की संख्या बढ़ाकर मॉनिटरिंग करने के साथ ही वर्तमान में चल रहे प्रोजेक्ट में कार्यरत श्रमिकों की पुलिस को जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने कहा कि पूर्व में चोरी वाले स्थानो व संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस के साथ कोआर्डिनेशन रखते हुए पेट्रोलिंग करते रहे। किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर पुलिस के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। इस दौरान आइओसीएल के विभागीय अधिकारी अमित अग्रवाल ने जिला कलेक्टर को आइओसीएल के तकनीकी कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होने बताया कि पाइपलाइन क्षेत्र के आसपास किसी भी छेड़छाड़ की सूचना पुलिस और आईओसीएल के टोल फ्री नंबर 18001806545 पर दी जा सकती है। आईओसीएल ऐसे सगज नागरिकों की पहचान गुप्त रखता है और उन्हें पुरस्कृत भी करता है।

# ब्यावर मे दोलतपुरा बलाईयान मे मिनी सचिवालय हेतु जिला कलेक्टर ने किया भूमि का आवंटन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** नवगठित ब्यावर जिला तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा व राज्य सरकार के मंशानुरूप जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत द्वारा पूर्व में सर्किट हाउस, पुलिस लाइन, राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय, विद्युत विभाग, चिकित्सा विभाग सहित कई नवीन भवनों के आवंटन कार्य तेजी से किया जा रहा हैं । इसी के तहत जिला कलेक्टर ने आदेश जारी कर ब्यावर जिले के विभिन्न विभागों के भवनों हेतु सामान्य प्रशासन विभाग को मिनी सचिवालय बनाने के लिए ब्यावर तहसील के दौलतपुरा बलाईयान ग्राम में 3.1080 हेक्टेयर भूमि का आवंटन किया। उपखंड अधिकारी ब्यावर के द्वारा ब्यावर तहसील के ग्राम दौलतपुरा बलाईयान के खसरा नंबर 599/159 रकबा 3.1080 हेक्टेयर भूमि मिनी सचिवालय ब्यावर के विभिन्न भवनों हेतु आवंटन करवाने की अनुशंसा सहित प्रस्ताव प्रेषित किया। प्रस्तावित भूमि नगर परिषद ब्यावर के पैराफेरी क्षेत्र में स्थित होने से नगर परिषद ब्यावर से अनापत्ति प्राप्त की गई एवं वरिष्ठ नगर नियोजक अजमेर से तकनीकी राय ली गई।

# ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा प्रतिनिधियों के चुनाव संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** नगर में संचालित ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को कक्षा प्रतिनिधियो के चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न हुवे। विद्यालय प्रधानाध्यापिका कौशल्या झाला ने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक कक्षा प्रतिनिधि की चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया गया। कक्षा प्रतिनिधियों का चयन निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ किया गया। इस दौरान विद्यार्थियो को एक डेमो ईवीएम मशीन के माध्यम से मतदान प्रक्रिया से अवगत करा अपने मत एवं मतदान का महत्व बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अरुणा टेलर, प्रकाशचंद्र पंवार, अंशु सिरोया, कविता सिरोया, खुशबू, विनीता, पूजा, रेखा, अपर्णा, कौशल्या दाधीच, आशा, किरण, दिव्यांशी सहित विद्यालय प्रबंधक समिति के वैद्य महेंद्रमोहन दाधीच, पुष्पा वैष्णव आदी गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# अमृता हॉट मेले में खरीददारी करने वालों की उमडी भीड़

## मेले में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों ने किये अपने अनुभव शेयर




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से ग्रामीण हाट बाजार में आयोजित अमृता हॉट मेला अपने उत्पादों की वजह से परवान पर है। जिसमें प्रदेश के लगभग 90 स्वयं सहायता समूहों ने भाग लिया। मेले में तीसरे दिन शहरवासी अनेक तरह की खरीदारी करने के लिए मेले में आ रहे हैं। सहायक निदेशक, नगेंद्र कुमार तोलंबिया ने बताया कि विभाग की ओर से आकर्षक उपहार योजना के तहत 2000 रू. से अधिक की खरीद करने वाले उपभोक्ताओं में से लकी ड्रा के द्वारा चुने गए विजेताओं में हुरडा से चैन सोनवाल हुरडा, आरसी व्यास कॉलोनी से ज्योति सूर्या तथा संजय कॉलोनी से सुनीता लाठी रहे। इस दौरान मेले में बालिकाओं व महिलाओं के लिए कानूनी अधिकार व महिलाओं संबंधी कानून पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें लोक अभियोजक अधिकारी रामस्वरूप गुर्जर ने अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान कुर्सी दौड प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। महिलाओं की हुई कुर्सी दौड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सुधांशी सिंह द्वितीय स्थान पर शोभा माली रही तृतीय स्थान पर हंस वर्मा रही। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में दिव्या जैन, परिधि गुप्ता, शिवांगी टेलर, भव्या सोनी व सानवी माहेश्वरी विजेता रही। इस दौरान प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये।

### विभिन्न स्वयं सहायता समूह ने अपने अनुभव किये शेयर-

सवाई माधोपुर से आई मीनाक्षी स्वयं सहायता समूह की संचालक सुनीता खंडेलवाल ने बताया कि हम खिलौनों व विभिन्न आइटम बनते हैं। स्वयं सहायता समूह के बनने के बाद हमारे आइटम बेचने का प्लेटफार्म में मिला है।

राजस्थान के साथ ही अन्य स्टेट में भी लगातार मेले में भाग लेती हूँ। स्वयं सहायता समूह के बनने के बाद जीवन बहुत बड़ा बदलाव हुआ है। आज मैं अकेली अन्य जिलों व राज्यों में लगने वाले मेलों में स्टॉल लगाती हूं।

इस दौरान दातारामगढ़ से बाबा रामदेव स्वयं सहायता समूह की सचिव मंजू ने भी मेले से संबंधित अपने अनुभव साझा किये। अन्नपूर्णा गृह उद्योग संचालक सुरेश जैन ने बताया कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ने से काफी अच्छा अनुभव हो रहा है प्रत्यक्ष रूप से 30 से 35 महिलाओं को रोजगार दे रहे हैं। माण्डल क्षेत्र की मेलियास से आई देवनारायण राजीविका महिला अचार पापड उधोग की संचालिका राज कंवर ने बताया कि राजीविका से लोन लेकर जुडी थी। मुंगेडी, पापड़, अचार ,विभिन्न आइटम बना रही है। मेरे इस समूह से जुडी सभी महिलाएं आगे बढ़ रही है।

राजसमंद से श्री साईनाथ राजीविका स्वयं सहायता समूह संचालिका जमुना पालीवाल ने बताया कि 2016 से सहायता समूह में जुडी हूँ। समूह में जुड़ने के बाद परिवार की स्थिति में बडा बदलाव हुआ है, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हूं।

# राजकीय बालिका विद्यालय के द्वार पर लगे फास्ट फूड ठेलो पर आने वाले असामाजिक तत्वों की करतूतों से छात्राएं हो रही परेशान

## इस मामले में स्कूल प्रशासन पुलिस और पालिका से मांग रहा है मदद, परंतु शिकायत पर नहीं हुई सुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** इन दिनों शहर के महात्मा गांधी राजकीय बालिका विद्यालय गेट के बाहर गैर अनुमति से फास्ट फूड के ठेलो का अतिक्रमण स्कूल में पढ़ने वाली छात्रों के लिए परेशानी कारण बना हुआ है। यह मानना स्कूल प्रशासन का है। विद्यालय में कक्षा 1 से कक्षा 12 तक पढ़ाई करने वाली छात्राओं को यहां असामाजिक तत्व का खतरा सता रहा है। ऐसे में महात्मा गांधी राजकीय बालिका विद्यालय प्रशासन इस गंभीर समस्या से जूझ रहा है। लेकिन पुलिस और पालिका प्रशासन से विद्यालय को कोई मदद नहीं मिल पा रही है । ऐसे में यह कहना भी साफ होगा कि स्कूल प्रशासन की उक्त समस्या को पुलिस और पालिका प्रशासन ने नजर अंदाज किया हुआ है । मामला यह सामने आया कि महात्मा गांधी राजकीय बालिका विद्यालय प्रशासन ने शुक्रवार को देवली पुलिस थाने में और पालिका कार्यालय को अपने कार्यालय से पत्र लिखकर शिकायत में बताया कि इन दिनों महात्मा गांधी राजकीय बालिका विद्यालय के गेट और चारदीवारी के बाहर फास्ट फूड के ठेले लगे हुए हैं । जो नियम विरुद्ध ही लगे हुए हैं। ऐसे में इन ठेलो की वजह से स्कूल के बाहर गंदगी का आलम बना तो रहता है। इन ठेलो पर कई असामाजिक तत्वों का आना-जाना बना हुआ है जिससे स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की आशंकाएं और शिकायतें भी प्राप्त हो रही है। वही इन ठेलो से फैलने वाली गंदगी के कारण स्कूल परिसर में दूषित वातावरण बना हुआ है। अपने शिकायत पत्र में पुलिस एवं पालिका प्रशासन को यह भी बताया कि विद्यालय के गेट के और चारदीवारी के बाहर लगे इन ठेलो पर आने वाले कई असामाजिक तत्व आए दिन छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करते हैं परिजनों से यह शिकायत भी स्कूल प्रशासन को प्राप्त हुई है। स्कूल प्रशासन ने जानकारी में बताया कि इस मसले पर कई शिकायत प्राप्त हुई है। इस पर स्कूल प्रशासन ने पूर्व में भी पुलिस और पालिका से युक्त ठेलो को यहां से हटाने की मदद मांगी गई एवं राहत पहुंचाने के लिए उक्त प्रशासनिक विभाग को पत्र भी लिखा गया परंतु इस गंभीर समस्या पर अब तक ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

शुक्रवार को फिर से बालिका विद्यालय के प्रशासन ने स्कूल के बाहर लगे ठेलो को हटाने के की मांग करते हुए पुलिस थानाधिकारी और पालिका अधिशाषी अधिकारी के नाम फिर से पत्र लिखकर कार्रवाई करने की मांग की गई है। शनिवार को स्कूल प्रशासन ने मीडिया को उक्त हालातो की जानकारी दी। उल्लेखनीय की इन दोनों शहर के सीआईएसफ लिंक रोड पर फास्ट फूड ठेलो का जमावड़ा लगा हुआ है । ऐसे में इस अतिक्रमण के कारण शहर का सीआईएसफ लिंक रोड पर यातायात भी बाधित हो रहा है ।

**क्या कहते हैं थानाधिकारी :** स्कूल प्रशासन ने जानकारी दी है कि वहां ऐसे हालात बने हुए हैं इस पर बालिका विद्यालय के बाहर लगे फास्ट फूड के ठेलो के विरुद्ध करवाई की जाएगी।

**राजकुमार नायक,थाना प्रभारी देवली**

**क्या कहते हैं पालिका अधिकारी :** इस गंभीर समस्या की जानकारी मिली है बालिका विद्यालय के बाहर और सीआईएसएफ लिंक रोड पर बिना अनुमति से लगाए गए फास्ट फूड ठेलो के विरुद्ध सोमवार के दिन कार्रवाई शुरू करवा दी जाएगी।

**सुरेश कुमार मीणा अधिशाषी अधिकारी ,नगर पालिका देवली**



# जिला कलक्टर के निर्देश पर आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

## मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब भंडारण का किया पर्दाफाश




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी के आबकारी निरोधक दल ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अवैध शराब भंडारण पर्दाफाश किया है। जिला आबकारी अधिकारी देविका तोमर ने बताया कि आबकारी निरोधक दल ने मालवीय नगर स्थित तरकरश लांच पर छापा मारा। टीम ने मौके से विभिन्न ब्रांड की 459 बीयर (330 एम.एल), विभिन्न ब्रांड की 172 बीयर (275 एम.एल) एवं 14 अंग्रेजी शराब की बोतल बरामद की। साथ ही आबकारी निरोधक दल ने मौके से अवैध भंडारण करने वाले तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिले में शराब माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। अवैध शराब के संबंध में अनुसंधान जारी है। उक्त कार्रवाई में आबकारी निरोधक दल जयपुर शहर दक्षिण-पूर्व के प्रहराधिकारी श्रीमती ममता शार्दुल पुलिस निरीक्षक एवं जयपुर शहर आबकारी निरीक्षक श्री अशोक मीणा एवं श्री कार्तिक सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गौशाला की 86 बीघा भूमि के अवैध नामांकन एवं बेचान सम्बन्धी मामले मे मुख्यमंत्री कार्यालय ने नागरिक स्वतंत्रता समिति के मंत्री से मांगी विस्तृत रिपोर्ट,कार्यवाही का दिया आश्वासन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** नागरिक स्वतंत्रता समिति ब्यावर के मंत्री सुरेश चोहान ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बहुचर्चित श्री गौशाला की 86 बीघा भूमि के अवैध नामांकन एवं बेचान के सम्बन्ध मे मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा विस्तृत जानकारी ली गई है। उन्होने बताया कि दी तिजारती चेम्बर सर्राफान गौशाला की सम्पतियों में से 2002-04 में तत्कालीन टस्टियों ने बदनीयत एवं साजिश वश देलवाडा रोड स्थित श्री गौशाला की 86 बीघा भूमि को अपने ही रिश्तेदारों के नाम से बेचान कर दी थी। उल्लेखनीय है कि उक्त भूमि बजरिये सेठ सुन्दरलाल महाजन अध्यक्ष दी तिजारती चेम्बर सर्राफान गौशाला के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी। टस्टियों द्वारा उक्त भूमि की खुर्द बुर्द करने की नियत से 2001 स्थानीय तहसीलदार के यहां एक सामान्य पत्र के माध्यम से सेठ सुन्दरलाल महाजन के स्वर्गवास के बाद नये नामांतरण कराने के लिए भ्रष्टाचार वश नियमाविरूद्ध तरीके से बिना न्यायिक प्रतिक्रिया अपनाये अन्य फर्म के नाम करा लिया था। उक्त भूमि को वर्ष 2002-04 में तथा कथित टस्टियों द्वारा बिना कोई वैधानिक प्रक्रिया अपनाये गुप चुप तरीके से करीब 1.50 करोड रूपये में अपने चेहते रिश्तेदारो को बेचान कर दी थी। जिसके के विरुद्ध जांच एवं कार्यवाहीं लंबित है। इस संबंध में 2004 से ही श्री गौशाला बचाओ नागरिक सतर्कता समिति द्वारा स्थानीय /जिला/राज्य सरकार एवं प्रशासन एवं विभिन्न न्यायालय में नियम विरूद्ध नामांतरण एवं बेचान को निरस्त कराने की मांग की जा रही थी जो विभिन्न स्तर पर विचारधीन है। इसी क्रम में राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 16 जून 2024 को ब्यावर आगमन पर एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री खर्रा एवं सचिव को ज्ञापन प्रतिवेदन सौपकर व्यक्तिगत रूप से विस्तृत जानकारी सुरेश चौहान द्वारा दी गई थी। उसी क्रम में मुख्यमंत्री कार्यालय के ओ.एस.डी. प्रेमचन्द सोलंकी द्वारा 29 नवम्बर 2024 को फोन कर उपरोक्त प्रकरण से संबंधित विस्तृत रूप से जानकारी ली गई थी। साथ ही बताया कि इस प्रकरण को सरकार ने गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जिला कलेक्टर ब्यावर को पत्र देकर उचित शीघ्र कार्यवाहीं हेतु निर्देशित किया था। लेकिन उपरोक्त प्रकरण में तत्कालीन राजस्व मंत्री रामलाल जाट के 7 अगस्त 2022 के आदेशों के विरूद्ध जिला कलेक्टर व्यावर ने तहसीलदार को उच्च न्यायालय में अपील करने के निर्देश स्थानीय तहसीलदार को दिये गये थे जो आज तक विचाराधीन है। साथ ही उन्होने स्थानीय तहसीलदार एवं जिला प्रशासन को पत्र देकर टस्ट की अन्य सम्पतियों को खुर्द बुर्द होने से रोकने एवं मेवाडी गेट बाहर स्थित सांड का तिब्बारा जो करीब 3.4 बीघा भूमि श्री गौशाला की है जिस पर मात्र 273 रूपये प्रतिमाह किराया देकर कथित तौर पर सम्पति पर कब्जा कर उक्त भूमि में सांड बाबा के मंदिर एवं समाधि को अपने कब्जे में लेकर तथा समय-समय पर सम्पत्ति के निर्माण को क्षतिग्रस्त किये जाने वाले पर कार्यवाहीं करने एवं शहर के बीचो बीच स्थित इस बहुमूल्य भूमि को अपने कब्जे में लेकर शहर के आवारा सांडो हेतु जनहित में उपयोग में लेने की मांग की।

# ओरिएंटल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार Legal Services Unit for Children (LSUC) का दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम एडीआर सेंटर, जिला न्यायालय परिसर सवाई माधोपुर में आयोजित किया जा रहा है । इसका शुभारंभ देवेंद्र दीक्षित, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में शनिवार को एडीआर सेंटर जिला न्यायालय परिसर सवाई माधोपुर में किया गया। इस मौके पर दीक्षित ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों को बताया कि नालसा (बालकों के लिए बाल अनुकूल विधिक सेवाएं योजना 2024) की अनुपालना में योजना के उद्देश्य अनुसार दिव्यांग बच्चों सहित अन्य बच्चों को नि:शुल्क विधिक सेवाएं प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करने एवं किशोर न्याय देखभाल एवं बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2015 के तहत कमजोर बच्चों के लिए निवारक, रणनीतिक एवं उत्तरदायी विधिक सेवा कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की परिकल्पना सुनिश्चित किए जाने हेतु जिले में Specialized Legal Services Unit for Children (LSUS) का गठन किया गया है । इस यूनिट में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर को अध्यक्ष एवं जिले के चयनित पैरालीगल वॉलेंटियर्स एवं पैनल अधिवक्ताओं को सदस्यों के रूप में शामिल किया गया है । यह यूनिट योजना के दिशा-निर्देशों की पालना में जिले में कार्य करेगी । तत्पश्चात समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर ने



कार्यक्रम में सदस्यों को नालसा (बालकों के लिए बाल अनुकूल विधिक सेवाएं योजना 2024) का उद्देश्य, बालकों को प्रदान विधिक सेवा योजनाओं के संबंध में विधिक सेवा प्रदाताओं और संस्थाओं की भूमिका, बालकों के संबंध में संवैधानिक प्रावधान, विधि से संघर्षरत बालकों को विधिक सेवाएं, बालकों के संबंध में पुलिस, बाल न्यायालय, बाल कल्याण समिति द्वारा की गई कार्यवाही आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की ।तत्पश्चात पैनल अधिवक्ता एवं मास्टर ट्रेनर अभय कुमार गुप्ता तथा चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल राधेश्याम जोगी ने बालकों को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एवं यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 के संबंध में जानकारी प्रदान की।

# उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं के लिए सिनियर नर्सिंग ऑफिसर चेतना भटनागर का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन उदयपुर के जिलाध्यक्ष पवन कुमार दानाध्यक्ष व प्रवीण चरपोटा के नेतृत्व में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर चेतना भटनागर के उत्कृष्ट नर्सिंग सेवा एवं व्यवहार के लिए माला, उपरणा, पगड़ी व शोल ओढ़ाकर , प्रसंशा पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर कर स्वागत व अभिनंदन किया गया। सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया कि मुख्य अतिथि नर्सिंग अधीक्षक गीता आहारी , ओमप्रकाश पालीवाल व हसीना आहरी थी। विशिष्ट अतिथि कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत आमेटा व सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष परमार ने किया। सभी वक्ताओं ने चेतना भटनागर के शांत स्वभाव व कार्यो की खुब प्रसंसा की। कार्यक्रम में गणेश लाल डांगी , जितेंद्र भटनागर, जगदीश व दिनेश सिसोदिया , विक्रम पाल सिंह, सुर्य प्रकाश चौहान,सुजा जोर्ज, सुनीता सिंह, उर्मिला मीणा, अर्चना भाटी, प्रवीण सुथार, सज्जन राठौड़, पुष्पा मलवारी, बिंदु,तारा सांगवाल, गीता मीणा सहित कई सिनियर नर्सिंग आंफिसर उपस्थित थे।

# हाउसिंग बोर्ड के पास टी सी कॉलोनी मे सड़क पर बनी अवैध दीवार को ढहाया

## आम रास्ता आमजन के लिये सुलभ कराया, 5 करोड़ की भूमि से भी हटाया अतिक्रमण





बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डा. महेन्द्र खडगावत एवं नगर परिषद के प्रशासक मोहनलाल खटनावलिया ,नगर परिषद आयुक्त दलिप पुनिया द्वारा दिये गये निर्देशों के आधार पर टी सी मालानी नगर मे स्थित प्लाट संख्या 11 के पास सडक की भूमि पर व नगर परिषद ब्यावर की भूमि खसरा सं. 1741 पर अतिक्रमण कर दीवार का निर्माण एवं पानी के होद को हटा दिये जाने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। नगर परिषद की भूमि से हटाये गये अतिक्रमण भूमि की कीमत लगभग 5 करोड बताई है। इस कार्यवाही को पूर्ण करने के लिये पुलिस उप अधीक्षक से सम्बन्धित थाने का जाब्ता भी मांगा गया। जिसके तहत मौके पर कार्यवाही की गई। नगर परिषद की उक्त कार्यवाही मे अधिशाषी अभियंता सुनिल कुमार यादव, कनिष्ठ अभियंता कपिल बोहरा, वरिष्ठ सहायक झुंझार सिंह, सुरेश काठात, कनिष्ठ सहायक रिग्बेंद्र सिंह, स्वास्थ्य निरीक्षक कैलाश चन्द्र मीणा, सहायक कर्मचारी भानू पंडित, क्षेत्रिय जमादार एवं नगर परिषद के अन्य कर्मचारी मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर टी सी कॉलोनी निवासी रामचन्द्र प्रजापत ने नगर परिषद प्रशासन पर आरोप लगाते हुये कहा पी सी मालानी कॉलोनी मे काफी लम्बे समय से बनी दीवार को गिराने के लिये नगर परिषद के अधिकारियो ने ना तो पहले कोई नोटिस दिया और ना ही किसी तरह की सूचना दी। आनन फानन मे शाम 4.30 बजे बाद कॉलोनी मे पहुंचकर लोगो की शिकायत पर आम रास्ते मे खडी दीवार को गिराने की कोशिश करते हैं।

जबकि वहां पर देव स्थान भी बना हुआ था। इसके अलावा उसी दीवार पर विद्युत मीटर आदि भी लगे थे। मौके पर उपस्थित अधिशाषी अभियंता सुनिल यादव को कई मर्तबा गुजारिश कर दो दिन का समय दिये जाने की मांग की लेकिन अन्तोगत्वा दीवार को ढहा दिया और आमजन के लिये उस रास्ते को खोल दिया गया।

अब यह रास्ता टी सी मालानी कॉलोनी से गणपति नगर की ओर प्रवेश कर जायेगा। इस मौके पर साकेत नगर पुलिस का जाब्ता ए एस आई तेजाराम के निर्देशन मे उपस्थित था। हालांकि इस बीच काफी जद्दोजहद, कहासुनी और मकान मालिक रामचन्द्र प्रजापत ने तोडे गये निर्माण को अवैध बताया।

# वैष्णो देवी ज्योति मंदिर का 42वां स्थापना दिवस 18 को, विधायक संदीप शर्मा ने किया पोस्टर का विमोचन

## सजेगी माता की चौकी, लखबीर सिंह लक्खा बहाएंगे भजन सरिता



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** वैष्णो देवी ज्योति मंदिर दादाबाड़ी में मूर्ति के 42वें स्थापना दिवस पर 18 दिसम्बर को माता की चौकी सजाई जाएगी। आयोजक सनमीत सिंह बंटी ने बताया कि 18 दिसम्बर को रात्रि 7 बजे से भजन सम्राट लखबीर सिंह लक्खा के द्वारा भजनों की सरिता बहाई जाएगी। कार्यक्रम के पोस्टर का शनिवार को विधायक संदीप शर्मा ने विमोचन किया। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस पर मंदिर की विशेष सज्जा के साथ ही प्रतिमा का भी विशेष श्रृंगार किया जाएगा। माता का दरबार सजाने और माता की प्रतिमा का श्रृंगार करने के लिए दिल्ली से कलाकार बुलाए गए हैं। इस दौरान छोले, हलवे और लड्डू का प्रसाद भी वितरित किया जाएगा। विमोचन में सनमीत सिंह, जसवीर सिंह, अजीत सिंह, मंजीत सिंह अरोरा, सतीश चावड़ा, मनोज पालीवाल, राजू नागर, सुनील शर्मा उपस्थित रहे।

# जंगल से सीसीटीवी कैमरे चुराने का आरोपी गिरफ्तार

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** रणथम्भौर बाघ परियोजना में लगे सीसीटीवी कैमरे और वायर चोरी के मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने एक आरोपी शकील अहमद उर्फ माया (30) जाति फकीर मुसलमान नीम चौकी शहर को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि आरोपी से कॉपर के वायर भी बरामद किए हैं। गौरतलब है कि उक्त आरोपी को पूर्व में भी रणथम्भौर बाघ परियोजना में लगे कैमरे के वायर और अन्य सामान चोरी करने के लिए गिरफ्तार किया गया था।

# ग्रामीणों के लिए राहत का दूसरा नाम बना 'रास्ता खोलो अभियान'

## • महज 15 दिन में 132 रास्ते खोल कर आमजन को दिलाई राहत

## • सहमति और समझाइश नीति से जिला प्रशासन के प्रयास लाए रंग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर शुरू हुआ रास्ता खोलो ग्रामीणों एवं आमजन के लिए राहत का दूसरा नाम बन गया है। 15 नवंबर को शुरू हुए रास्ता खोलो अभियान की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि महज 15 दिनों में जिला प्रशासन ने सहमति एवं समझाइश की नीति से जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण में 132 कदमी, कटानी, गैर मुमकीन सहित अन्य सभी प्रकार के रास्तों को खुलवाने में कामयाबी हासिल की है। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अभियान की नोडल ऑफिसर श्रीमती सुमन पंवार ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर रास्ता खोलो अभियान के तहत बरसों से बंद रास्ते खुले तो ग्रामीणों एवं आमजन की गांवों और खेतों तक की राह आसान हुई। उन्होंने बताया कि रास्ता खोलो अभियान के तहत विगत 15 दिनों में जोबनेर तहसील में सर्वाधिक 11 रास्ते खुलवाए गए। वहीं, चौमूं एवं सांगानेर तहसील में 10-10 रास्ते, आमेर, आंधी, शाहपुरा, फुलेरा एवं माधोराजपुरा में 9-9 रास्ते खुलवाए गए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि रास्ता खोलो अभियान के तहत किशनगढ़-रेनवाल एवं चाकसू तहसील में 8-8 रास्ते, जमवारामगढ़ तहसील में 7 रास्ते, बस्सी एवं कोटखावदा तहसील में 6-6 रास्ते, रामपुरा-ड़ाबड़ी, जालसू में 5-5 रास्ते, कालवाड़, तुंगा तहसील में 4-4 वहीं, जयपुर तहसील में जिला प्रशासन को 3 रास्ते खुवाने में कामयाबी हासिल हुई। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को रास्ता खोलो अभियान के तहत बंद रास्ते खुलवाए जाने के पश्चात खोले गए रास्तों पर ग्रेवेल, सी.सी. रोड़ बनवाये जाने की कार्यवाही भी जल्द से जल्द अमल में लाने के निर्देश दिये हैं, इन निर्देशों की अनुपालना में अधिकांश स्थानों पर ग्रेवल रोड बनाने की कार्यवाही भी आरंभ की जा चुकी है।

### गांवों और खेतों की राह हुई आसान, ग्रामीणों ने जताया जिला प्रशासन का आभार



# मॉडल तामी आनंदन, जिसने शक में बीएफ की हत्या की

## खून से लथपथ बॉयफ्रेंड का तड़पते हुए वीडियो बनाकर लीक किया, फिर हॉस्पिटल छोड़कर भागी



मशहूर कहावत है- इस दुनिया में हर मर्ज का इलाज है, लेकिन शक और वहम का नहीं।

कई मायनों में ये कहावत एक दम सटीक बैठती है। आज अनसुनी दास्तान में हम आपको जो कहानी बताने जा रहे हैं, वो भी शक और वहम से होती हुई जुनून, सिरफिरेपन और कत्ल में तब्दील होती है।

ज्यादा पुरानी बात नहीं हैं। 12 मार्च 2024 का दिन था। जगह थी मलेशिया और वक्त था सुबह 9 बजे का। मलेशिया के कुआला लंगट जिले की पुलिस के पास एक कॉल आया। कॉल करने वाली महिला ने अपना परिचय साइबर जाया हॉस्पिटल की स्टाफ मेंबर के रूप में दिया। महिला ने कहा कि आज सुबह करीब 7 बजे एक लड़की खून से लथपथ शख्स को अस्पताल लेकर आई थी। उस लड़के की हालत बेहद नाजुक थी। हाथ और जांघों में कई गहरे घाव थे, जिनसे लगातार बेताहाशा खून रिस रहा था।


स्ट्रेचर पर लेटाने से पहले ही लड़का तड़पना शुरू कर देता है और उसकी सांसें धीमी पड़ने लगती हैं। लड़के को तुरंत ऑपरेशन थिएटर ले जाकर कुछ डॉक्टर्स उसके शरीर से बह रहा खून रोकने की कोशिश करते हैं, वहीं कुछ उसे सीपीआर देने लगते हैं। 30 मिनट तक एक्सपर्ट डॉक्टर्स की टीम उस लड़के को बचाने की वो तमाम कोशिश करती है, जो की जानी चाहिए थी, लेकिन उनकी कोई तरकीब काम नहीं आ सकी। 30 मिनट की मशक्कत के बावजूद लड़के ने दम तोड़ दिया।

इस बात की खबर देने जब नर्स ऑपरेशन थिएटर से निकली, तो देखा कि साथ आई लड़की वहां नहीं है। ये देखते ही अस्पताल की तरफ से पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस ने सबसे पहले मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा और फिर जांच शुरू की। अच्छी बात ये हुई थी कि लड़की ने भागने से पहले एक एडमिशन फॉर्म भरा था, जिसमें लड़के का नाम गॉशिगन विनेश्वरन लिखा गया था। नाम के आधार पर पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई। कुछ देर में लड़के की पूरी डिटेल्स पुलिस के सामने थीं। मरने वाला गॉशिगन पेशे से फोटोग्राफर था।

पुलिस कत्ल की वजह समझ पाती उससे पहले ही सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया। वीडियो में गॉशिगन खून से लथपथ मदद और रहम की भीख मांग रहा था। उस लड़के के पास एक लड़की चाकू लिए खड़ी थी। वहीं वीडियो बना रहा शख्स भी कोई खास मदद नहीं कर रहा था।

# सामंथा रुथ प्रभु के पिता जोसेफ प्रभु का निधनः एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी, कहा- 'जब तक हम फिर से नहीं मिलते पापा'



सामंथा रुथ प्रभु के पिता जोसेफ प्रभु का निधन हो गया है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 'जब तक हम फिर से नहीं मिलते पापा'। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने टूटे दिल वाला इमोजी भी लगाया है। हालांकि, अब तक उनके निधन का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

पिता के साथ तनावपूर्ण थे रिश्ते हाल ही में गलाटा इंडिया को दिए गए एक इंटरव्यू में सामंथा ने अपने पिता के साथ तनावपूर्ण रिश्तों के बारे में भी बात की थी। उन्होंने कहा था, 'जब मैं बड़ी हुई तो मुझे पूरी जिंदगी संघर्ष करना पड़ा है। मेरे पिता कुछ इस तरह के थे। मुझे लगता था कि भारतीय माता-पिता शायद ऐसे ही होते हैं, जो यह सोचते हैं कि वे हमारी रक्षा कर रहे हैं। लेकिन इस सब के बीच, आप खुद को होशियार नहीं बना पाते।'

तेलुगू एंग्लो इंडियन थे सामंथा के पिता सामंथा की पर्सनल लाइफ के बारे में बात करें तो उनका जन्म 28 अप्रैल 1987 को हुआ था। उनके पिता का नाम जोसेफ प्रभु और मां का नाम निनेट प्रभु है। उनके पिता एक तेलुगू एंग्लो-इंडियन थे, जबकि उनकी मां सीरियाई मलयाली थीं। सामंथा के दो बड़े भाई भी हैं।

चौथी वेडिंग एनिवर्सरी से पहले टूटी थी शादी सामंथा रुथ प्रभु और नागा चैतन्य ने 6 अक्टूबर 2017 को गोवा में पहले हिंदू रीति-रिवाज और फिर 7 अक्टूबर को क्रिश्चियन रीति-रिवाज से शादी की थी। शादी के बाद से ही सामंथा ने अपने नाम में अक्किनेनी लगा लिया था। हालांकि अलग होने की खबरों के बीच ही सामंथा ने अपने ट्विटर हैंडल से अक्किनेनी हटाकर इसे सामंथा रूथ प्रभु कर लिया था। 6 अक्टूबर,2021 को दोनों की शादी के चार साल पूरे होने वाले थे लेकिन इससे पहले ही ये अलग हो गए।

# पोर्नोग्राफी मामले में शिल्पा का नाम आने से भड़के राज

## कहा- मीडिया को ड्रामे का शौक, पत्नी का नाम बार-बार इस मामले में घसीटना मंजूर नहीं



29 नवंबर को पोर्नोग्राफी मामले में राज कुंद्रा-शिल्पा शेट्टी के घर में एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट का छापा पड़ा था। राज कुंद्रा के दफ्तर में भी छापेमारी हुई थी। हालांकि, अब इस मामले में शिल्पा शेट्टी का नाम आने पर राज कुंद्रा ने भड़ककर एक स्टेटमेंट दिया है। उन्होंने कहा है कि बार-बार पत्नी का नाम घसीटा जाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

राज कुंद्रा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक स्टोरी पोस्ट की है, जिसमें लिखा है, उनके लिए जिसका इससे संबंध हो। मीडिया को ड्रामा करने का शौक है, तो चलिए रिकॉर्ड बनाते हैं। मैं पिछले 4 सालों से चल रही जांच में पूरी तरह से सहयोग कर रहा हूं। जहां तक सहयोगियों के दावे, पोर्नोग्राफी और मनी लॉन्ड्रिंग का सवाल है, तो बस इतना ही कहना चाहिए कि किसी भी लेवल की सनसनीखेज बातें विश्वास को धूमिल नहीं करेंगी। आखिर में न्याय की जीत होगी।

आगे राज कुंद्रा लिखते हैं, मीडिया के लिए नोट, मेरी वाइफ का नाम बार-बार इस मामले में घसीटना जिससे उसका कोई लेना-देना नहीं अस्वीकार्य है। प्लीज सीमाओं का सम्मान करें।

शिल्पा के वकील ने कहा था- मेरी क्लाइंट का मामले से कोई लेना-देना नहीं राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी के घर में रेड पड़ने के कुछ समय बाद एक्ट्रेस के वकील प्रशांत पाटिल ने एक स्टेटमेंट जारी कर कहा, मीडिया में खबरें हैं कि मेरी मुवक्किल मिसेज शिल्पा शेट्टी कुंद्रा के घर पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापा मारा है। ये खबरें सच नहीं हैं और मिसलीडिंग हैं। उनका इस केस से कोई लेना देना नहीं है। हालांकि ये मामला राज कुंद्रा पर चल रहे केस से जुड़ा है, वो सच्चाई सामने लाने में पुलिस का सहयोग कर रहे हैं।

प्रशांत ने कहा है, हम मीडिया से अनुरोध करते हैं कि इस मामले में शिल्पा शेट्टी का नाम, फोटो या वीडियो इस्तेमाल न किया जाए, क्योंकि उनका मामले से कोई लेना-देना नहीं है।

बताते चलें कि राज कुंद्रा बीते कई सालों से पोर्नोग्राफी केस में फंसे हुए हैं। आरोप हैं कि राज कुंद्रा पोर्न फिल्मों का प्रोडक्शन करवाते हैं और उसे अपनी एप हॉटशॉट के जरिए लोगों तक पहुंचाते हैं। उनकी ये एप पहले गूगल और एपल में उपलब्ध थी, हालांकि 2021 में उनके खिलाफ केस होने के बाद इसे हटा दिया गया था। इस मामले में राज कुंद्रा की जुलाई 2021 में गिरफ्तारी भी हो चुकी है।

राज कुंद्रा को 63 दिनों तक जेल में रहना पड़ा था। उन्हें जमानत जरूर मिली है, लेकिन केस अब भी जारी है।

# अर्जुन कपूर ने कहा एक्स को लेटनाइट टेक्स्ट भेजे थे

## मलाइका से ब्रेकअप के बाद देर रात मेसेज करने को किया एक्सेप्ट, 6 साल तक किया एक-दूसरे को डेट

कुछ टाइम पहले अर्जुन कपूर ने मलाइका अरोड़ा के साथ अपना ब्रेकअप ऑफिशियली अनाउंस किया था। इस दौरान एक्टर ने खुद को सिंगल बताया था। हाल ही में एक्टर ने एक किस्सा शेयर करते हुए बताया कि उन्होंने अपनी एक्स-गर्लफ्रेंड को देर रात मेसेज किए थे।

### मैंने अपनी एक्स को लेटनाइट टेक्स्ट भेजा है- अर्जुन


अर्जुन कपूर से मैशेबल इंडिया के इंटरव्यू में पूछा गया कि क्या कभी उन्होंने अपनी किसी फ्रेंड या एक्स-गर्लफ्रेंड को लेट नाइट टेक्स्ट किया है? अर्जुन ने सवाल का जवाब देते हुए एक्सेप्ट किया और कहा कि हां उन्होंने ऐसा किया है। उन्होंने कहा, मैंने लेटनाइट अपनी एक्स को टेक्सट किया है। इस दौरान अर्जुन ने ऑडियंस को एड्रेस करते हुए मजाक में कहा, इधर कौन है, जो झूठ बोल रहा है कि उसने कभी एक्स-गर्लफ्रेंड को मेसेज नहीं किया है?

### अभी सिंगल हूं- अर्जुन कपूर

अर्जुन कपूर ने हाल ही में सिंघम अगेन को प्रमोट करते हुए अपने रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में बताया था। अर्जुन ने राज ठाकरे की दिवाली पार्टी में ये कन्फर्म किया था कि वो अब सिंगल हैं। अर्जुन ने पैपराजी से कहा थी- अभी सिंगल हूं मैं, रिलैक्स।

### कुछ दिन पहले मलाइका ने भी किया था पोस्ट

कुछ दिन पहले मलाइका अरोड़ा ने सोशल मीडिया पर एक फनी पोस्ट शेयर किया था, जिसमें उन्होंने अपना रिलेशनशिप स्टेटस बताया। इस पोस्ट में तीन ऑप्शंस लिखे थेः रिलेशनशिप, सिंगल, हेहेहे। वहीं, मलाइका ने इस पोस्ट पर हेहेहे पर टिक किया। इसके बाद से ही यूजर्स का कहना है कि इस पोस्ट के जरिए एक्ट्रेस ने अपने रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में बताया है।



### 6 साल तक किया एक-दूसरे को डेट

**बता दें, अर्जुन और मलाइका ने साल 2018 में एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था और साल 2019 में सोशल मीडिया पर अपना रिलेशनशिप ऑफिशियल किया था। इसके बाद से दोनों पार्टियों में, डिनर, आउटिंग पर और वेकेशन पर भी साथ दिखते थे। दोनों ने करीब 6 साल तक एक-दूसरे को डेट किया था।**

# एक्टर शरद कपूर पर महिला से छेड़छाड़ का आरोप

## फेसबुक पर दोस्ती की, वीडियो कॉल पर काम दिलाने का वादा किया, घर बुलाकर जबरदस्ती की

एक्टर शरद कपूर पर महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, महिला ने खार पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कराया है। इसमें बताया कि एक्टर से उसकी फेसबुक पर दोस्ती हुई थी। दोनों ने वीडियो कॉल पर बात की। शरद ने उसे काम दिलने का वादा किया।

शूटिंग के बारे में बात करने के बहाने उसे ऑफिस बुलाया। शरद ने उसे खार में अपने ऑफिस आने के लिए लोकेशन भेजी। लेकिन जब वह वहां पहुंची, तो पता चला कि वह ऑफिस नहीं, बल्कि शरद का घर था। वहां उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। फिलहाल, शरद कपूर ने इस मामले पर कोई बयान नहीं दिया है।

पीड़ित ने कहा- एक्टर ने बैड टच करने की कोशिश की पीड़ित ने पुलिस को बताया- जब वह शरद कपूर के घर की तीसरी मंजिल पर पहुंची, तो एक व्यक्ति ने दरवाजा खोला और शरद ने अंदर से आवाज देकर उसे अपने बेडरूम में आने को कहा। इसके बाद उसने बॉडी टच करने की कोशिश की।

वह वहां से भाग आई तो शाम को शरद ने महिला को वॉट्सऐप पर गाली-गलौज के मैसेज भेजे। पीड़ित ने इस घटना के बारे में पहले अपने एक दोस्त को बताया, फिर भारतीय दंड संहिता की धारा 74 (महिला पर हमला या बल प्रयोग), 75 (यौन उत्पीड़न), और 79 (महिला की इज्जत का अपमान) के तहत केस दर्ज कराया।

सुष्मिता के साथ डेब्यू, पूर्व सीएम की पोती से शादी शरद कपूर ने हिंदी और बंगाली फिल्मों में काम किया है। उन्होंने 1996 में फिल्ममेकर महेश भट्ट की फिल्म दस्तक में पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन के साथ डेब्यू किया था। यह सुष्मिता की भी डेब्यू फिल्म थी।

इस फिल्म में उन्होंने साइको लवर का किरदार निभाया था। शरद ने शाहरुख खान, गोविंदा, संजय दत्त, ऐश्वर्या राय जैसे बड़े सितारों के साथ काम किया है।

# दिबाकर बनर्जी की 'तीस' नहीं हो पाई थी रिलीजः डायरेक्टर बोले- नेटफ्लिक्स ने मना कर दिया था, उस वक्त काफी डिप्रेशन हो गया था



डायरेक्टर दिबाकर बनर्जी की फिल्म तीस इस साल धर्मशाला इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाई गई। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में फिल्म के बारे में बात की। दिबाकर ने कहा कि नेटफ्लिक्स ने उनकी फिल्म रिलीज करने से मना कर दिया था, जिसके कारण उन्हें काफी डिप्रेशन हो गया था। इसका असर उनकी पर्सनल लाइफ पर भी पड़ा था। दिबाकर की मानें तो अब वह फिल्म के लिए डिस्ट्रीब्यूटर्स ढूंढ़ रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें कोई नहीं मिला है।

मनीकंट्रोल से हुई बातचीत में दिबाकर बनर्जी से पूछा गया कि जब नेटफ्लिक्स ने फिल्म तीस की रिलीज रोक दी थी, तो उन्हें कैसा महसूस हुआ। उन्होंने कहा, जब नेटफ्लिक्स ने मेरी फिल्म तीस को रिलीज करने से मना कर दिया था, तब मैं काफी चिड़चिड़ा हो गया था। डिप्रेशन में तो रहता ही था, और साथ ही मुझे गुस्सा भी बहुत आता था। इसका असर मेरी असल जिंदगी पर भी पड़ा। मेरी दोनों बेटियां कहती थीं, पापा, तुम हमेशा गुस्से में रहते हो। इसके बाद मैंने थेरेपी शुरू की और फिर मैं ठीक हो गया।

दिबाकर ने कहा, जब तीस फिल्म बन रही थी, तब खुद नेटफ्लिक्स ने इसमें हमारी मदद की थी। उनकी तरफ से कोई बड़ी समस्या नहीं आई थी। लेकिन हां, कास्टिंग और फिल्म में कुछ बदलाव को लेकर कुछ बहस जरूर हुई थी। हालांकि, वह मामला भी सुलझ गया था। लेकिन फिर अचानक नेटफ्लिक्स की पूरी टीम बदल गई, और जैसा कि कॉर्पोरेट में अक्सर होता है, पिछली टीम के सभी फैसले या तो बदल दिए जाते हैं या फिर स्थगित कर दिए जाते हैं।'

दिबाकर ने कहा, मैंने हार नहीं मानी है और अब मुझे लड़ाई करना मजेदार लगता है। जब तक मैं खुद को पागल और अंधा नहीं समझूंगा, तब तक मैं यह नहीं देख पाऊंगा कि मैं समाज का हिस्सा हूं। मेरा काम बस फिल्म को कम पैसे में बनाना है और फिर निकल जाना है।' फिल्म तीस में मनीषा कोइराला, दिव्या दत्ता, नसीरुद्दीन शाह, हुमा कुरैशी, शशांक अरोड़ा, जोया हुसैन जैसे स्टार्स हैं।

# पुष्पा-2 के प्रमोशन के लिए मुंबई पहुंचे अल्लू अर्जुन-रश्मिका

## फैंस ने ढोल-नगाड़ों के साथ किया स्वागत; मंच पर सामी गाने पर थिरके पुष्पा-श्रीवल्ली

5 दिसंबर को रिलीज होने वाली फिल्म पुष्पा-2: द रूल की कास्ट ने आज मुंबई के जेडब्ल्यू मैरियट होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और टी-सीरीज के मालिक भूषण कुमार मौजूद थे। अल्लू अर्जुन ने कहा, अगर मैं अपने करियर को देखूं और उस एक व्यक्ति के बारे में सोचूं, जिसने मेरी जिंदगी में सबसे ज्यादा असर डाला है, तो वह सुकुमार होंगे।

पुष्पा-2 के प्रमोशन के लिए जैसे ही अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना मुंबई पहुंचे। फैंस ने उनका ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

5 दिसंबर को रिलीज होगी पुष्पा-2 बता दें, फिल्म पुष्पा 2% 5 दिसंबर को तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़, बंगाली और मलयाली भाषा में रिलीज होगी। ये पहली पैन इंडिया फिल्म है, जो बांग्ला में भी रिलीज होगी।

फिल्म के लिए अलग-अलग क्लाइमैक्स किए गए शूट 500 करोड़ के मेगा बजट में बनी फिल्म पुष्पा 2 के मेकर्स ने इसके अलग-अलग क्लाइमैक्स शूट किए हैं। ताकि फिल्म से जुड़ा कोई स्पॉयलर लीक न हो। शूट किए गए सभी क्लाइमैक्स में से मेकर्स कौन सा फाइनल करेंगे, इसकी जानकारी सेट पर किसी को नहीं है। साथ ही सेट पर नो फोन पॉलिसी भी रखी गई थी।




# तान्या सिंह ने किया बेटी तिशा की मौत का खुलासा : सही ट्रीटमेंट न मिलने के कारण हुई मौत, सभी पैरेंट्स को दी एडवाइस

टी-सीरीज के को-ओनर कृष्ण कुमार की वाइफ तान्या सिंह ने बेटी तिशा के लिए इमोशनल पोस्ट लिखा है। इस पोस्ट के जरिए तान्या ने तिशा की मौत का खुलासा किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए बताया कि तिशा का गलत ट्रीटमेंट हुआ था। जिसकी वजह से उसकी मौत हुई थी।

### गलत ट्रीटमेंट के कारण हुई मौत- तान्या

तान्या ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'कैसे, क्या, क्यों.. कई लोग मुझसे पूछते हैं। सच्चाई ये है कि मेरी बेटी को शुरू से कैंसर नहीं था। उसे साढ़े 15 साल की उम्र में वैक्सीन लगी थी, जिससे शायद उसको एक ऑटोइम्यून डिजीज हो गया था, जिसका सही से ट्रीटमेंट नहीं किया गया। ये सारी जानकारी हमें मिलने से पहले ही हम मेडिकल ट्रैप में फंस चुके थे।'

### तान्या ने पैरेंट्स को दी एडवाइस

उन्होंने आगे लिखा, अगर आपके बच्चे को लिम्फ नोड्स स्वेलिंग है तो एक बार बोन मैरो टेस्ट या बायोप्सी से पहले सेकंड और थर्ड ओपिनियन जरूर लें। तान्या ने बताया- लिम्फ नोड्स बॉडी के डिफेंस गार्ड्स होते हैं और वो इमोशनल ट्रॉमा के कारण सूज सकते हैं या पिछले इंफेक्शन का पूरी तरह से इलाज नहीं होने के कारण सूज सकते हैं।

### अपने ट्रीटमेंट की जर्नी से करना चाहती थीं मोटिवेट

तान्या ने लिखा तिशा काफी कि बहादुर बच्ची थी। इतना सब कुछ होने के बाद भी उसने कभी हार नहीं मानी थी। वो कभी डिप्रेशन में नहीं गई। तिशा अपनी गलत डायग्नोस और बायोमेडिसिन के साइड इफेक्ट्स से लड़ने की जर्नी से दूसरों को मोटिवेट भी करना चाहती थीं। तिशा का निधन महज 20 साल की उम्र में इसी साल 18 जुलाई को हुआ था। तिशा पब्लिक अपीयरेंस कम ही दिया ही करती थीं। उन्हें लाइमलाइट में रहना पसंद नहीं था। उन्हें आखिरी बार 2023 में फिल्म एनिमल की स्क्रीनिंग में देखा गया था।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान
www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060



"जीवन का सबसे बड़ा जादू आपके सपनों में छिपा है; उन्हें पूरा करने की हिम्मत रखो।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# शिक्षामंत्री बोले- ज्यादातर मंदिर तोड़कर बनाई गई मस्जिद

## कहा- अजमेर में भी खुदाई में मंदिर के अवशेष मिलने की पूरी संभावना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि अगर अजमेर की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह में भी खुदाई होती है। मंदिर के अवशेष मिलने की पूरी संभावना है। क्योंकि देश के अधिकांश मंदिरों को तोड़कर मस्जिद बनाई गई थी। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान दिलावर ने यह बयान दिया। अजमेर दरगाह को लेकर चल रहे विवाद पर शनिवार को बीजेपी मुख्यालय पहुंचे शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मीडिया के सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा- अब तक के अनुभव और परिणाम यही दिखाते हैं कि भारत में सामान्यतया ज्यादातर मंदिरों को तोड़कर मस्जिद बनाई गई हैं। अजमेर दरगाह का फैसला न्यायालय करेगा। अगर खुदाई के आदेश होते हैं। यहां भी मंदिरों के अवशेष मिलने की पूरी संभावना है, जैसा अन्य जगहों पर हुआ है।

### जयपुर जिला दक्षिण के पदाधिकारियों की बैठक ली

दरअसल, मदन दिलावर संगठन चुनाव को शनिवार को भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय पहुंचे थे। जहां उन्होंने जयपुर जिला दक्षिण के पदाधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने संगठन चुनाव को लेकर पार्टी नेताओं को दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दुनिया का सबसे बड़ा और अनुशासित राजनीतिक संगठन है। यहां सर्वसम्मति से पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी चुने जाते हैं।

# राजस्थान में मंडियों की हड़ताल खत्मः कृषक कल्याण शुल्क समाप्त करने की मांग थी, अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने का आरोप लगाया था

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में मंडियों में हड़ताल वापस ले ली गई है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता ने बताया- हमारी सरकार से बात हुई है। इसे देखते हुए आगामी मीटिंग तक हड़ताल को वापस ले लिया गया है। सरकार की ओर से मंडी डायरेक्टर ने मंडी पर लगने वाले किसान कल्याण शुल्क को कम करने के लिए कहा गया है। इससे पहले छूट न देने के विरोध में 1 से 4 दिसंबर तक राज्य की 247 मंडियों को बंद रखने का निर्णय लिया था। इस बंद के दौरान दाल मिल, आटा मिल, तेल मिल, मसाला उद्योग और चावल मिल शामिल होने वाले थे। संघ के चेयरमेन बाबूलाल गुप्ता ने सभी मंडियों को निर्देश दिया था कि वे इस अवधि में अपना व्यापार बंद रखें। संघ ने चेतावनी दी थी कि यदि 30 नवंबर तक राज्य सरकार मांगें पूरी नहीं करती तो आंदोलन की अगली रूपरेखा 4 दिसंबर को होने वाली सभा में तय की जाएगी।

### अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने का आरोप लगाया

बैठक में संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री रिद्धकरण सेठिया और अन्य वरिष्ठ व्यापारिक प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार पर कृषक कल्याण के नाम पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने का आरोप लगाया था। राजस्थान आटा रोलर फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गोविंद ग्रोवर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कहा था कि मौजूदा नीतियों से उद्योग टिक नहीं पा रहे हैं। सभी प्रतिनिधियों ने 4 दिन के बंद को सफल बनाने का संकल्प लिया था।

# आरजी कर हॉस्पिटल करप्शन केस- सीबीआई की चार्जशीट नामंजूर

## राज्य सरकार से जरूरी मंजूरी नहीं थी

बढ़ता राजस्थान

कोलकाता। आरजी कर हॉस्पिटल में करप्शन मामले में सीबीआई की चार्जशीट कोर्ट ने शुक्रवार को नामंजूर कर दी। राज्य सरकार के किसी कर्मचारी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने के लिए जरूरी मंजूरी उपलब्ध न होने की वजह से सीबीआई की विशेष अदालत चार्जशीट स्वीकार नहीं की। जांच एजेंसी ने मामले में पूर्व प्रिंसिपल डॉ संदीप घोष को मुख्य आरोपी बनाया है।

एक अधिकारी ने बताया कि 100 पन्नों की चार्जशीट में अन्य चार गिरफ्तार आरोपियों - बिप्लब सिंह, अफसर अली, सुमन हाजरा और आशीष पांडे के नाम भी शामिल हैं। सीबीआई ने जांच से जुड़े करीब एक हजार पन्नों के दस्तावेज भी जमा किए हैं।

चर्चा में रहे कोलकाता रेप-मर्डर केस के दौरान मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के प्रिंसिपल डॉ संदीप घोष पर वित्तीय गड़बड़ियों के आरोप लगे थे। उन पर आरोप था कि अस्पताल के लिए मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने के टेंडर में में हेराफेरी की है। साथ ही अपने करीबियों को इसके टेंडर दिलाने में मदद की।

हाईकोर्ट ने 23 अगस्त, 2024 को मामले की जांच राज्य सरकार की गठित एसआईटी से लेकर सीबीआई को सौंप दी थी। कोर्ट ने यह आदेश अस्पताल के पूर्व डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ अख्तर अली की याचिका पर दिया था। अली ने अस्पताल में हुए भ्रष्टाचार मामलों की ईडी जांच कराने के लिए याचिका दायर की थी। याचिका में अली ने घोष पर लावारिस शवों की अवैध बिक्री, बायोमेडिकल कचरे की तस्करी के अलावा दवा और मेडिकल इक्विपमेंट सप्लाई के टेंडर पास करने के लिए कमीशन लेने के आरोप लगाए थे।

# जयपुर में पांचवें दिन भी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी : आज महापंचायत में प्रदेशभर में हड़ताल को लेकर होगा फैसला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में सफाई कर्मचारी भर्ती को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। अनुभव प्रमाण पत्र में शिथिलता देने की मांग को लेकर जहां पिछले 5 दिनों से जयपुर में सफाई कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर रखा है। वहीं, रविवार को जयपुर में वाल्मीकि समाज द्वारा महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें वाल्मीकि समाज की मांग नहीं माने जाने पर प्रदेशभर में सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने का फैसला किया जाएगा। वाल्मीकि समाज विकास संस्थान के अध्यक्ष दीपक डंडोरिया ने कहा- रविवार को जयपुर में प्रदेशभर की सफाई कर्मचारी यूनियन और वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधि महापंचायत करेंगे। इसमें राजस्थान सरकार द्वारा वाल्मीकि समाज के साथ किए गए षड्यंत्र के खिलाफ फैसला किया जाएगा। ऐसे में अगर कल तक सरकार ने भर्ती नियमों में संशोधन कर आवेदन की तारीख को आगे नहीं बढ़ाया। प्रदेशभर में न सिर्फ सरकारी बल्कि, प्राइवेट सेक्टर में भी कार्य बहिष्कार कर सफाई कर्मचारी अपने हक की लड़ाई लड़ेंगे। दीपक ने कहा- राजस्थान सरकार ने सफाई कर्मचारी भर्ती में वाल्मीकि समाज के साथ धोखा किया है।

# फेंगल तूफान तमिलनाडु-पुडुचेरी से टकराएगा, 4 राज्य प्रभावित

## 90किमीप्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलेगी, स्कूल-कॉलेज और चेन्नई एयरपोर्ट बंद; एक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**चेन्नई ( एजेंसी )।** बंगाल की खाड़ी से उठा फेंगल तूफान शनिवार को पुडुचेरी के कराईकल और तमिलनाडु के महाबलीपुरम के बीच समुद्र तट से टकराया। इसका असर कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भी दिख रहा है। तमिलनाडु में लैंडफॉल के दौरान 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई इलाकों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

चेन्नई में भारी बारिश के चलते सड़कों पर पानी भर गया है। एक एटीएम के पास शॉर्ट सर्किट के चलते करंट लगने की वजह से एक शख्स की मौत हो गई।

शहर में कई फ्लाइट्स प्रभावित भी हुई हैं। शाम 7 बजे तक एयरपोर्ट बंद कर दिया गया है। कई ट्रेनें भी तय समय से लेट चल रही हैं।

तमिलनाडु के कांचीपुरम, चेंगलपट्टू, तिरुवल्लूर, कुड्डालोर, विल्लुपुरम, कल्लाकुरिची, चेन्नई और मयिलादुथुराई जिलों और पुडुचेरी में आज स्कूल-कॉलेज बंद रखे गए हैं।

इन जिलों में लोगों को भी घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए तमिलनाडु में एनडीआरएफ की 7 टीमें तैनात की गई हैं। हर एक टीम में 30 जवान रखे गए हैं।

### फेंगल से प्रभावित 4 राज्य...

तूफान का असर तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और पुडुचेरी में पड़ रहा है। तमिलनाडु सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य है। यहां भारी बारिश के चलते धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। नागपट्टिनम में करीब 800 एकड़ से ज्यादा की फसल खराब हुई।

### राज्यों में असर और तैयारी...

#### 1. तमिलनाडु

**असर:** कामेश्वरम, विरुंधमावडी, पुडुपल्ली, वेद्रप्पु, वनमादेवी, वल्लपल्लम, कल्लिमेडु, ईरावायल और चेम्बोडी जिलों में 3 दिसंबर तक भारी बारिश होगी। कांचीपुरम, चेंगलपट्टू, तिरुवल्लूर, कुड्डालोर, विल्लुपुरम, कल्लाकुरिची और मयिलादुथुराई में स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। चेन्नई में बारिश के कारण कई फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं। ट्रेनें भी लेट हुई हैं। समुद्री तट के पास के इलाकों और निचले इलाकों से लोगों को सेफ जगह पहुंचाया गया है।

**तैयारी:** नौसेना प्रभावित इलाकों में गाड़ियों से को भोजन, पीने का पानी भेज रही है। बाढ़ संभावित इलाकों में एनडीआरएफ की 7 टीमें तैनात की गई हैं। इमरजेंसी से निपटने के लिए टोल-फ्री नंबर 112 और 1077 जारी किए हैं। 2 हजार रिलीफ कैंप तैयार किए गए हैं। तिरुवरुर और नागपट्टनम में 471 लोगों को ठहराया गया है। दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम की अपील की गई है। समुद्र तट के नजदीकी सड़कों पर आवाजाही बंद कर दी गई है।

#### 2. आंध्र प्रदेश

**असर:** फेंगल तूफान से नेल्लोर, चित्तूर, विशाखापट्टनम और तिरुपति सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। यहां भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। यहां 50-60 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल रही है।

**तैयारी:** 1 दिसंबर तक प्रभावित समुद्री तटों को खाली रखने के निर्देश दिए गए हैं। मछुआरों को भी बोटिंग करने से मना किया गया है। आंध्र प्रदेश सरकार ने तट के नजदीक रहने वाले लोगों से घरों में रहने की अपील की है।



#### 3. पुडुचेरी

**असर:** पूरे पुडुचेरी में बारिश हो रही है। निचले इलाकों में पानी भर गया है। कई इलाकों में पवर कट भी देखने को मिला है।

**तैयारी:** सभी स्कूल-कॉलेज भी बंद कर दिए गए हैं। दफ्तरों को वर्क फ्रॉम होम करने के लिए कहा गया है। 12 लाख लोगों को सावधानी बरतने के लिए मैसेज भेजे गए हैं। इमरजेंसी हेल्प लाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। पुलिस और पीडब्ल्यूडी डिपार्टमेंट को अलर्ट पर रखा गया है।

#### 4. कर्नाटक

**असर:** उडुपी, चिक्कमगलुरु, चित्रदुर्ग समेत 16 जिलों में बारिश हो रही है। 1 दिसंबर से 3 दिसंबर तक बिजली भी गिर सकती है।

**तैयारी:** निचले इलाकों के लोगों को सावधान रहने के लिए कहा गया है। पुलिस और पीडब्ल्यूडी टीम को प्रभावित लोगों तक जल्द पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

### सऊदी अरब ने दिया तूफान को फेंगल नाम

इस तूफान का नाम फेंगल सऊदी अरब की तरफ से प्रस्तावित किया गया है। यह एक अरबी शब्द है, जो भाषाई परंपरा और सांस्कृतिक पहचान का मिश्रण है। यह शब्द वर्ल्ड मीटियोलॉजिकल ऑर्गनाइजेशन और संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग के नामकरण पैनल में क्षेत्रीय विविधता को दर्शाता है।

# अगले तीन दिन में राजस्थान का पारा 5 पर पहुंचेगा

## कश्मीर की हवा बढ़ाएगी सर्दी; उदयपुर सहित 12 शहरों का तापमान 10 से नीचे आया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में जल्दी ही ठंड अपना तेवर दिखानी वाली है। तीन दिन बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से चलने वाली हवा यहां असर दिखाएगी और पारा तेजी से गिरेगा। इससे प्रदेश के कई शहरों का तापमान 5 डिग्री तक नीचे आ सकता है। उधर, पिछले 24 घंटे में उदयपुर, चित्तौड़गढ़, अलवर, करौली सहित 12 शहरों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे आया है। उधर, सीकर में शनिवार को न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री था, जो आज 5.3 डिग्री दर्ज किया गया है। है। सुबह हल्की धुंध छाई रही।

**दिन-रात का टेम्प्रेचर गिरा**-फतेहपुर (सीकर) में न्यूनतम तापमान 6.2, माउंट आबू (सिरोही) 7.4, बारां 8.8 , चूरू में 8.6, पिलानी (झुंझुनूं) में 9.1, उदयपुर में 9.6, चित्तौड़गढ़ में 9.8, अलवर में 9.6, भीलवाड़ा 9.3, करौली 9.4, हनुमानगढ़ 9.5 और सीकर में 7.5 दर्ज किया गया है। जैसलमेर में शुक्रवार को अधिकतम तापमान गिरकर 31.7 डिग्री सेल्सियस, बाड़मेर 31.8 डिग्री, बीकानेर में 30, जालोर में 30.3 और जोधपुर में 29.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में भी कल अधिकतम तापमान 2.2 डिग्री गिरकर 26



डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

**3-4 दिसंबर से बढ़ेगी सर्दी**-मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक- वर्तमान में एक वेस्टर्न डिर्स्टबेंस जम्मू-कश्मीर, लद्दाख के एरिया पर आ गया है। इस सिस्टम के असर से इन राज्यों में आज और कल (रविवार) हल्की बारिश और कहीं-कहीं बर्फबारी होगी। इस सिस्टम के आगे जाने के बाद 3-4 दिसंबर से राज्य में उत्तरी हवा चलनी शुरू होगी।

इससे यहां के तापमान में बड़ी गिरावट होगी। तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक आ जाएंगे। इसी के साथ तेज सर्दी की शुरुआत भी हो जाएगी।

# सीकर ऑनर किलिंग मामले में पिता को सजा-ए-मौत

## 5 साल पहले बेटी-उसके प्रेमी की हत्या कर शव पहाड़ियों में फेंक दिए थे;10 आरोपियों को उम्रकैद

बढ़ता राजस्थान

**सीकर।** सीकर में ऑनर किलिंग मामले में पिता को मौत की सजा और अन्य 10 आरोपियों को उम्रकैद सुनाई है। इसमें चाचा और मामा सहित अन्य लोग शामिल हैं। वहीं तीन आरोपियों को बरी किया गया है। फैसला शनिवार को सीकर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 1 (एडीजे कोर्ट-1) ने सुनाया है। मामला साल 2019 का है। जिसमें पिता ने अपनी बेटी और उसके प्रेमी को सहयोगियों के साथ मिलकर जान से मारा था। सीकर के आलोदा गांव की रहने वाली प्रेम (19) का करड़ निवासी गणपतलाल (38) से अफेयर था। 20 अक्टूबर 2019 की रात को युवती अपने प्रेमी से बात कर रही थी। इसका पता पिता रामगोपाल को लग गया था। इसके बाद पिता ने प्लानिंग के तहत अपने रिश्तेदारों और सहयोगियों के साथ मिलकर बेटी और उसके प्रेमी की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद शवों को जीणमाता इलाके की पहाड़ियों में फेंक दिया था। गणपत के भाई ने उसके अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच की तो हत्या होना सामने आया था। जांच के बाद युवती के पिता रामगोपाल को गिरफ्तार किया गया था।

**इनको मिली सजा**-चाचा महादेव, मामा परसराम चोपड़ा, चचेरा भाई महेंद्र चौधरी उर्फ महेंद्र मील, नंदलाल नंदकार, बीरबल, सोहनलाल, मदनलाल चांदीवाल, संदीप गुर्जर, बाबूलाल उर्फ हरनेक सिंह, परसराम और राजेश चौधरी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। महेंद्र चोपड़ा, महेंद्र गुर्जर और छोटूराम उर्फ छोटू को बरी कर दिया है।

# अडाणी के लिए कानून अलग : राहुल

## मोदी जी कहते हैं अमेरिका में भले केस चले, भारत में नहीं चलेगा



बढ़ता राजस्थान

**वायनाड।** प्रियंका गांधी सांसद बनने के बाद पहली बार केरल के वायनाड पहुंची। उनके साथ राहुल गांधी भी थे। राहुल ने यहां रैली को संबोधित करते हुए एक बार फिर अडाणी का मुद्दा उठाया।

राहुल ने कहा-संविधान कहता है कि सभी लोगों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि अडाणी के साथ हर दूसरे भारतीय से अलग व्यवहार किया जाएगा। प्रधानमंत्री कहते हैं कि भले अमेरिका में केस चले, भारत में हम उन पर केस दर्ज नहीं करेंगे।

राहुल के अलावा प्रियंका ने भी रैली को संबोधित किया। प्रियंका ने मलप्पुरम में भी रैली की। वहां उन्होंनें कहा- पिछले एक हफ्ते से संसद नहीं चल रही है क्योंकि वे (केंद्र सरकार) कुछ मुद्दों पर चर्चा करने से भी डरते हैं। वे इस देश की सारी शक्ति और संसाधन अपने दोस्तों को देते हैं।

केरल के वायनाड लोकसभा उपचुनाव में प्रियंका गांधी को जीत मिली थी। राहुल गांधी के वायनाड सीट छोड़ने पर यहां उपचुनाव हुए थे।

### राहुल गांधी के भाषण की 2 बड़ी बातें...

राहुल बोले- संसद में हम सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, लाखों लोगों की भावना हैं हम संसद में सिर्फ एक व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि उससे भी बढ़कर हम वायनाड के लोगों के दिलों की भावनाओं को वहां रखते हैं। वायनाड के लोगों ने हम पर भरोसा किया है और माना है कि हम भारत की संसद में उनकी भावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। जब मैं वायनाड में किसी बच्चे को देखता हूँ, तो मुझे याद आता है कि उसके माता-पिता ने मुझे लोकसभा में भेजा है, और उनकी देखभाल करना मेरी जिम्मेदारी है। अगर मैं उनके चेहरों पर मुस्कान ला सकता हूँ, तो मुझे तुरंत ऐसा करना चाहिए। राहुल ने कहा- केंद्र में नहीं लेकिन सरकार पर दबाव जरूर बनाएंगे मैं मुंडक्कई और चूरलमाला के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देकर अपनी बात शुरू करना चाहूंगा। हम सभी उन लोगों के साथ खड़े हैं जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों, संपत्ति को खो दिया है और जो पीड़ित हैं।

### प्रियंका गांधी के भाषण की 2 बड़ी बातें...

प्रियंका बोलीं- राजनीतिक लड़ाई में भाजपा कोई नियम नहीं मानती आज हम (भाजपा से) जिन राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, वे लैंडस्लाइड की तरह हैं। कोई नियम नहीं हैं। कोई स्पष्टीकरण नहीं है। सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा किसी भी लोकतांत्रिक मानदंडों को नहीं जानती, यहां तक कि उन नियमों का भी पालन नहीं होता। जिनका हम आम तौर पर राजनीतिक लड़ाई में पालन करते हैं।

प्रियंका ने सांसद बनने पर वायनाड की जनता को धन्यवाद दिया प्रियंका ने कहा- मैं सबसे पहले सांसद बनाने पर आप सभी को धन्यवाद देती हूं। आपको पता होगा कि मैंने पिछली रैली में कहा था, मैं 35 साल से चुनाव प्रचार कर रही हूं। पहली बार अपने लिया किया। मैं आपकी बात संसद तक पहुंचाएंगी। आज से लेकर हर दिन मेरा बस सही मकसद है। मैं और राहुल वायनाड लैंडस्लाइड के पीड़ितों से मिले। इस आपदा ने दिखाया कि यहां के लोगों के अंदर कितना जज्बा है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com